सेंसेक्स
81,086.21 +33.02
डॉलर
83.814 -0.115
रांची सर्राफा
10 ग्राम 68,300
01 किलो 91,700

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, रविवार, 25 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक-203, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



अमेरिका ने दी भारत को 52.8 मिलियन डॉलर ...

## हेमंत के कामकाज से 25 फीसदी लोग संतुष्ट

- राज्य सरकार से 37 प्रतिशत लोग असंतुष्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव की ही घोषणा हो चुकी है। अब महाराष्ट्र और झारखंड में भी तैयारी उतनी ही तत्परता से चल रही है, क्योंकि दोनो राज्यों में चुनाव 2024 में ही होने हैं। इस बीच आज तक/इंडिया टुडे के लिए मूड ऑफ द नेशन सर्वे में झारखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बारे में जनता की राय तो सामने आई है। यह भी बताया गया है कि कहां कैसा वोटिंग पैटर्न रहने वाला है। मूड ऑफ द नेशन सर्वे झारखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव से अलग नतीजों की तरफ इशारे कर रहा है। झारखंड में भी हेमंत सोरेन के प्रयोगों का रिजल्ट उम्मीदों से अलग हो सकता है। जेल से छूटते ही हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। सर्वे में झारखंड के 25 फीसदी लोग हेमंत सोरेन की **शेष पेज 11 पर**




### हरियाणा में बड़े उलटफेर की संभावना

हरियाणा में बीजेपी ने जो सोच कर मुख्यमंत्री बदला था, लगता नहीं कि उतने भर से ही काम बनने वाला है। सर्वे में शामिल 22 फीसदी लोगों ने ही मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रदर्शन पर संतोष जताया है, जबकि 40 फीसदी लोग उनके काम को लेकर असंतोष जता रहे हैं। हां, 19 फीसदी लोग ऐसे जरूर हैं जो नायब सैनी के काम करने के तरीके से कुछ हद तक संतुष्ट पाये गये हैं। रही बात हरियाणा सरकार के प्रदर्शन की तो 27 फीसदी लोगों ने संतोष जताया है, जबकि 44 फीसदी लोगों का कहना है कि वे सरकार के काम से असंतुष्ट हैं। हरियाणा के 25 फीसदी लोगों को कुछ हद तक बीजेपी सरकार के कामकाज से कोई खास शिकायत नहीं है।

### महाराष्ट्र के नतीजे लोस से अलग होंगे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कामकाज की बात करें तो सर्वे में शामिल 35 फीसदी लोग संतुष्ट पाये गये हैं, जबकि 31 फीसदी लोग कुछ हद तक संतोष भी जता रहे हैं। वैसे तो 28 फीसदी लोग एकनाथ शिंदे के कामकाज से संतुष्ट नहीं हैं - लेकिन हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुकाबले ये तादाद काफी कम है। सर्वे के मुताबिक महाराष्ट्र में सरकार के कामकाज की बात करें तो 25 फीसदी लोगों ने संतोष जताया है, लेकिन ये संख्या हरियाणा में बीजेपी की सरकार की तुलना में थोड़ी कम है।

## जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी व बाल संरक्षण आयोग के रिक्त पदों को एक माह में भरें

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शनिवार को राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिया है कि वह जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया एक माह में पूरी करें। रिक्त पदों को भरकर सरकार शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को सूचित करें। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मामले के अगली सुनवाई 23 सितंबर निर्धारित की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि जेजे बोर्ड,



सीडब्ल्यूसी और राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं मेंबर के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। कुछ पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है और कुछ में स्क्रुटनिंग का काम भी हो रहा है। रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पूरी होने में दो माह का समय लग जाएगा। कोर्ट ने दो माह का समय देने के राज्य सरकार के आग्रह को नामंजूर करते हुए रिक्त पदों को प्रक्रिया एक माह में पूरी करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ झारखंड में जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी व राज्य बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष एवं मेंबर के रिक्त पदों को लेकर दायर बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका की सुनवाई कर रही है। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया था कि जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में अभी तक 152 पद ही भरे जा सके हैं, 184 पद अभी भी रिक्त है।

### जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 1 आतंकी ढेर

**बारामुला।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। क्षेत्र में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि सोपोर के राफियाबाद इलाके में पुलिस एवं 32 राष्ट्रीय राइफल की संयुक्त टीम की आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक आतंकी मारा गया। सुरक्षा बलों ने कुछ और आतंकियों के छिपे होने की आशंका पर क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया है। मारे गए आतंकी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### आज | कल




**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### सीएम ने 14 लाख महिलाओं के खाते में भेजी मंईयां सम्मान योजना की राशि, बोले

# दोबारा सरकार बनी तो हर परिवार को एक लाख

- *21 से 50 साल तक की 45 लाख महिलाओं को सालाना 12 हजार की मदद*
- *50 साल से अधिक उम्र वाले 35 लाख बुजुर्गों को पेंशन योजना से जोड़ा गया*

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के पहले बड़ा ऐलान किया है। शनिवार को हजारीबाग के नगवां हवाई अड्डा मैदान में मंईयां सम्मान योजना के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में दोबारा हमारी सरकार बनी तो प्रत्येक परिवार को सालाना एक लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह राशि डीबीटी स्कीम के तहत सीधे खाते में पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार भाजपा ने चलाई। उससे पहले भी भाजपाई सत्ता में रहे लेकिन उन्होंने सिर्फ अपने व्यापारियों की सुरक्षा देखी। मैं झारखंड में सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहा हूं। यही वजह है कि झारखंड की आधी आबादी को सम्मान दिया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के छह जिलों - हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, बोकारो, धनबाद और गिरिडीह की 13 लाख 94 हजार 82 महिलाओं के खाते में एक-एक हजार की रकम ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के कमजोर परिवारों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 साल तक की 45 लाख महिलाओं को जहां सालाना 12 हजार रुपए की मदद पहुंचाई जा रही है, वहीं 50 साल से अधिक उम्र वाले 35 लाख से ज्यादा बुजुर्गों को **शेष पेज 11 पर**

### सात जिलों के 13 लाख 94 हजार लोगों को मिली सौगात

कार्यक्रम के दौरान 13 लाख 94 हजार 82 महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए। हजारीबाग जिले के 2,29,835, रामगढ़ जिले के 1,30,078, चतरा जिले के 1,38,237 कोडरमा जिले के 99,378 बोकारो जिले के 2,66,537 धनबाद जिले के 2,63,751 और गिरिडीह जिले के 2,95,966 महिलाओं को उनके खाते में 1000 रुपये भेजे गए हैं।

### राज्य में सरकारी नौकरियों की संख्या सीमित

यह सही है कि हमारे राज्य में भी सरकारी नौकरियां सीमित संख्या में हैं, लेकिन जरूरतमंद लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए हमने कई योजनाएं शुरू की हैं। सोरेन ने कहा कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड स्कीम के तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए सस्ती दर पर 15 लाख रुपए तक के लोन से लेकर राज्य में निजी विद्यालयों की तर्ज पर 80 मॉडल स्कूल खोलने जैसे कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लंबे समय तक राज करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने पूरे राज्य को बदहाली की ओर धकेल दिया था। हमने व्यवस्था को काफी हद तक पटरी पर लाया है, लेकिन इसमें अभी थोड़ा वक्त और लगेगा। इस मौके पर अनूप सिंह, फागू बेसरा, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, दीपिका पांडे सिंह, विधायक उमाशंकर अकेला, अंबा देवी, विनोद सिंह, मथुरा महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांके क्षेत्र में मंईयां सम्मान योजना के अधिकतर आवेदन अस्वीकृत

- *नामकुम अर्बन क्षेत्र में सबसे अधिक 99.84 फीसदी और सबसे कम कांके अर्बन में 56.47 प्रतिशत आवेदन स्वीकृत*

मनोज मिश्रा

**रांची।** मंईया सम्मान योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वकांक्षी योजना है। इसके तहत हर वर्ग की 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। पूरे राज्य से अब तक लगभग सैंतालीस लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, इसमें तैंतालीस लाख बहनों के आवेदन को स्वीकृति मिल चुकी है। एक तरफ राज्य के मुखिया स्वयं योजना लाभुकों तक पहुंचाने में जुटे हैं, प्रमंडलवार कार्यक्रम आयोजित कर संबंधित जिलों की योग्य माताओं-बहनों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ रांची जिले के कांके शहरी और ग्रामीण क्षेत्र




में निवास करने वाली माता-बहनें निराश हैं। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि कांके में बड़ी संख्या में ऐसी माताएं-बहनें हैं, जिनके आवेदन बिना कोई कारण बताए रद कर दिए गए हैं। नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ महिलाओं ने बताया कि उनके पास लाल राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक सहित सभी आवश्यक दस्तावेज हैं। सारे दवस्तावेज के साथ उनलोगों ने आवेदन किया है। इसके बावजूद उन्हें लाभुक की श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है। उनलोगों को संबंधित पंचायत सचिवालय से यह भी नहीं बताया जा रहा है कि उनके आवेदन आखिर अस्वीकृत क्यों किए गए हैं। जब उन्हें आवेदन अस्वीकृत होने की जानकारी मिली है तो वे कारण पता लगाने पंचायत, प्रखंड और जिला कार्यालय में संपर्क कर रही हैं। मगर अब तक निराशा ही हाथ लगी है। वंचित माताओं-बहनों ने मुख्यमंत्री से इस मामले की जांच कराने की मांग की है कि मंईयां सम्मान योजना के तहत कांके प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर आवेदन क्यों अस्वीकृत किये गये हैं? इस संदर्भ में रांची के सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक, रवि शंकर मिश्रा से राष्टीय नवीन मेल संवाददाता ने पूछा कि कांके क्षेत्र में क्यों ज्यादा आवेदन अस्वीकृत हुए हैं? इस पर उन्होंने कहा कि जहां ज्यादा काम हुए हैं वहां का तो सवाल आपने नहीं पूछा, जहां कम हुआ है। वहां का सवाल क्यों पूछ रहे हैं? बातचीत के क्रम में वह सवालों का सीधा जवाब देने से कतराते रहे।

## झामुमो सांसद विजय हांसदा की पत्नी कैथरीन हेंब्रम का निधन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो के सांसद विजय हांसदा की पत्नी का निधन शुक्रवार रात को हो गया। घटना की जानकारी मिलने के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिख दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद विजय हांसदा की धर्मपत्नी के निधन की खबर अत्यंत हृदय विदारक है। यह झामुमो परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु



दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। जानकारी के अनुसार सांसद विजय हांसदा की पत्नी कैथरीन हेम्ब्रम (33) का शुक्रवार की रात दिल्ली एम्स में निधन हो गया। सांसद की शादी सात फरवरी 2020 को हुई थी। शादी के बाद से ही सांसद की पत्नी गंभीर बीमारी से ग्रसित थी। लम्बे समय से इलाज चल रहा था।

## मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा : शाह

एजेंसी

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में समीक्षा बैठक के बाद शनिवार देर शाम पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ रुथलेस रणनीति से अंतिम प्रहार किया जाए। वामपंथी उग्रवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चैलेंज है। अमित शाह ने कहा कि हमारी लड़ाई अंतिम चरण पर पहुंच



चुकी है। देश को हम 2026 तक पूरी तरह से नक्सल समस्या से मुक्त कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि नक्सली प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजना को लेकर बैठक में अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि नक्सली प्रवाहित क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट है उनकी प्रगति और उसके रास्ते में आने वाली अड़चनों को दूर करने के लिए बैठक में समीक्षा की गई है। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा चैलेंज बताया और कहा कि भारत सरकार, बस्तर से बीजापुर और दंतेवाड़ा से लेकर धमतरी तक **शेष पेज 11 पर**

## सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम की मंजूरी

- *राज्य सरकारों को भी एकीकृत पेंशन योजना चुनने का मिलेगा विकल्प*
- *यूपीएस से 23 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा फायदा*

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** सरकारी कर्मचारियों में पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की जोर पकड़ती मांग के बीच



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दे दी। इस स्कीम की जानकारी देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नई यूनिफाइड पेंशन स्कीम से 23 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। यह योजना 1 अप्रैल, 2025 से लागू होगी। इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सुनिश्चित पेंशन, पारिवारिक पेंशन और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्रदान करना है। इस बीच, राज्य सरकारों को भी एकीकृत पेंशन योजना चुनने का विकल्प दिया जाएगा। अगर राज्य सरकारें यूपीएस चुनती हैं, तो लाभार्थियों की संख्या करीब 90 लाख हो जाएगी।

सरकार के मुताबिक बकाया राशि (एरियर) पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। पहले साल में सालाना लागत में करीब 6,250 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। यह योजना 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) और यूपीएस में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया जाएगा। मौजूदा केंद्र सरकार के एनपीएस ग्राहकों को यूपीएस में स्विच करने का विकल्प भी दिया जाएगा।

**पीएम मोदी ने अप्रैल 2023 में बनाई थी कमेटी :** कैबिनेट के फैसले का एलान करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देशभर में सरकारी कर्मचारियों की तरफ से हमेशा मांग आती रही कि एनपीएस स्कीम में सुधार किया जाए। इस सुधार के लिए अप्रैल 2023 में मोदी ने एक कमेटी बनाई थी।

### एकीकृत पेंशन योजना के मुख्य तथ्य

- 25 वर्ष की न्यूनतम सेवा के लिए सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50% न्यूनतम पेंशन के रूप में मिलेगा।
- 10 वर्ष की सेवा तक कम सेवा के लिए अनुपातिक राशि पेंशन के रूप में मिलेगी।
- कर्मचारी की मृत्यु होने की स्थिति में तत्काल 60% की दर से पारिवारिक पेंशन सुनिश्चित की जाएगी।
- 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10000 रुपये प्रति माह की दर से सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन राशि मिलेगी।
- महंगाई दर के साथ इंडेक्सेशन की सुविधा मिलेगी, सुनिश्चित पेंशन, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन व सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन पर महंगाई इंडेक्स के साथ समायोजन की सुविधा मिलेगी।
- सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अलावा एकमुश्त भुगतान का भी लाभ मिलेगा।
- छह महीने की सेवा के लिए (वेतन+डीए) की 10 फीसदी रकम का एकमुश्त भुगतान होगा। यानी अगर किसी की 30 साल की सर्विस है तो उसे छह महीने की सेवा के आधार पर एकमुश्त भुगतान (इमॉल्यूमेंट) होगा।
- इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की मात्रा कम नहीं होगी।

## इंडिया | विकसित भारत के सपने के लिए आधी आबादी भयमुक्त हो



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कोलकाता की मेडिकल छात्रा की जघन्य हत्या और बलात्कार का देश भर में विरोध हो रहा है बदलापुर जैसी शर्मनाक घटनाएं भी भारत की साख गिराती हैं पर इनपर सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए ताकि महिलाओं के अंदर से असुरक्षा की भावना बाहर निकले। 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने का पीछा करता हुआ भारत के तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने के लिए जरूरी है कि हम अपनी आधी आबादी यानी महिलाओं को घरों के अंदर समेट कर रखने के बजाय सशक्त बनाने के लिए ठोस कार्य करें। चिकित्सा के अलावा खेल, व्यवसाय,सेना से लेकर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तक जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी दमदार उपस्थिति के साथ अपना महत्व साबित किया है। उनकी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए उनका वित्तीय सशक्तीकरण आवश्यक है,




ताकि वे देश के विकास को प्रगतिशील और समावेशी बनाने में बदलाव की भागीदार बन सकें। भारत और विशेषकर झारखंड में ग्रामीण महिलाएं पारंपरिक रूप से सक्रिय रही हैं पर मध्ययुग के कुप्रभाव से एक नव अविजात्य वर्ग ने उन्हें घरों की शोभा बना दिया था। आज महिला सशक्तीकरण महज एक नारा नहीं है, बल्कि आर्थिक-सामाजिक क्षेत्र में महानगरों के बाद अब छोटे और मझोले शहरों में भी महिलाओं ने खास तौर और सेवा,प्रबंधन और आईटी क्षेत्र में ठोस परिणाम देकर अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया है। श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने से न केवल जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बल्कि अर्थव्यवस्था और भी मजबूत बनेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश लैंगिक रूप से समान अर्थव्यवस्था वाले देशों में लैंगिक रूप से असमान अर्थव्यवस्था वाले देशों की तुलना में औसत वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर 0.8 प्रतिशत अधिक है। विकास दर में यह अंतर 15 साल की अवधि में जीडीपी के अतिरिक्त 20 फीसदी के बराबर है। मैकिंजे की एक रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने से 2025 तक भारत की जीडीपी 770 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकती है। इसलिए मजबूत आर्थिक विकास करने वाले भारत द्वारा श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनका समर्थन करने से उसकी ताकत कई गुना बढ़ सकती है। इसे हासिल करने के लिए संगठनों को श्रमबल में विविधता लाने के महत्व और आवश्यकता को महसूस करने की जरूरत है। इसे सुनिश्चित करने से अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है और विविध विचारों और दृष्टिकोण वाली कंपनियों को लाभ भी हो सकता है। चूंकि महिलाएं कई भूमिकाएं निभाती हैं और व्यक्तिगत एवं पेशेवर स्तर पर विभिन्न तरह की जिम्मेदारियां संभालती हैं, इसलिए संगठनों को उन्हें काम एवं जीवन में बेहतर संतुलन बनाने में मदद करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वित्तीय विकास के लिए उन्हें अपने निजी जीवन का त्याग न करना पड़े। लचीली कार्य-व्यवस्था प्रदान करने, प्रगतिशील अवकाश नीति अपनाने, बाल-देखभाल सहायता सुनिश्चित करने एवं उन्हें अन्य सुविधाएं देने से इसे आसानी से हासिल किया जा सकता है। झारखंड जैसे राज्य में खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों से देश को गौरान्वित करने वाली महिलाओं की पृष्ठभूमि बहुत ही मामूली अर्थव्यवस्था वाली रही है जिन्हें कई बार पौष्टिक भोजन और खेल के लिए बाहर जाने के लिए या तो आंदोलन करना पड़ा है या चंदा करना पड़ा है। आज स्थितियां जरूर सुधरी हैं बड़ी संख्या में महिला पुलिस और कार्यरत महिलाओं के अलावा एफआइएच अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी मैच का रांची में आयोजन से झारखंड की साख बढ़ी है। झारखंड की जनजातीय समुदाय की लाखों महिलाएं सदियों से अन्य राज्यों में काम करने जाती रहीं हैं कई बार उनके साथ दुर्व्यवहार और यौन शोषण तक हुआ है उनकी सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। डीजीपी ने सभी थानों में महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही है जिसके अलावा न्यायालयों में लंबित मामलों में तेजी लाने की दिशा में भी प्रयास किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर आज रांची में



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एक दिवसीय दौरे पर 25 अगस्त को रांची बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस की ओर सेआयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस संबंध में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया की झारखंड प्रभारी 10.45 बजे रांची परिसदन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद 12.30 बजे कांग्रेस भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की बैठक, दो बजे जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों की बैठक, 3.30 बजे अग्रणी संगठन और विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की बैठक में झारखंड प्रभारी शामिल रहेंगे। फिर उसी दिन शाम को रांची से दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी नगड़ी निवासी मार्टिन तिर्की को 20 साल कैद का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपयेका जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा काटनी होगी। अदालत ने उसे 21 अगस्त को दोषी करार किया था। आरोपित पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने नगड़ी थाना में 2019 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता, उसकी मां, डॉक्टर, जांच अधिकारी सहित आठ गवाहों को अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किया गया था।

### युवा नेता अभिजीत के नेतृत्व में सैकड़ों लोग लोजपा में शामिल

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें चतरा जिला से आये हुए युवा नेता अभिजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पार्टी के नीति सिद्धांत को स्वीकार करते हुए पार्टी में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने उनलोगों का स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया। इस मिलन समारोह में पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कंप्यूटर ऑपरेटर के समान काम के बदले समान वेतन पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में राज्य के जिलों में रूलर वर्क डिपार्टमेंट के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ऑफिस में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा समान काम के बदले समान वेतन की मांग को लेकर दायर याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले में सचिव, रूलर वर्क डिपार्टमेंट को चार माह में प्रार्थियों के संबंध में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यदि याचिकाकर्ता की देय राशि बनती है तो इसका भुगतान उन्हे सुनिश्चित किया जाए। कोर्ट ने दिशा-निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी। याचिकाकर्ता प्रेमचंद विनोद टेटे एवं अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि वह जिलों में रूलर वर्क डिपार्टमेंट में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ऑफिस में संविदा पर कार्यरत है। उनकी ओर से समान काम के बदले समान वेतन देने का आग्रह करते हुए वित्त विभाग के वर्ष 2017 एवं वर्ष 2023 के नोटिफिकेशन के आधार पर मानदेय भुगतान का आग्रह किया गया था।

# राज्य में हर घर में है सरकार की किसी न किसी योजना की पहुंच : सीएम हेमंत

- *जिस घर में तीन महिलाएं हैं और दो बुजुर्ग हैं तो सालाना 60 हजार उनके घर में भेज रही सरकार*
- *भाजपा ने झारखंडियों को ना तो राशन दिया और ना ही रोजगार, उनके समय लोग भूख से मरते थे*



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में रकम ट्रांसफर करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में हेमंत सोरेन ने कहा कि सिर्फ 15 दिनों में दिन-रात एक कर पूरे राज्य की 42 लाख महिलाओं को इस योजना में जोड़ा गया है। यह आंकड़े भी अब पुराने हो चुके हैं। नया आंकड़ा एक नया रिकॉर्ड बना रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 33 लाख बुजुर्गों को पहले से पेंशन सरकार दे रही है। अब मंईयां सम्मान योजना में हर महिला को 12,000 रुपये सालाना मिलेगा। जिस घर में तीन महिलाएं हैं और दो बुजुर्ग हैं तो सालाना 60 हजार सरकार उनके घर में भेज रही है। ऐसा कोई घर झारखंड में नहीं है, जहां सरकार की कोई न कोई योजना नहीं पहुंची हो। कोरोना की जंग में भी जनता ने सरकार को पूरा सहयोग किया। इन्हीं महिलाओं ने खाना बनाकर क्वॉरेंटाइन हुए मजदूरों को भोजन उपलब्ध कराया। आज झारखंड सरकार एक बेटी के जन्म से लेकर उसकी मृत्यु तक की पूरी योजना रेखांकित कर चुकी है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने झारखंडियों को ना तो राशन दिया और ना ही रोजगार। डबल इंजन की सरकार में लोग भूख से मरते थे लेकिन जब हमारी सरकार आई तो कोरोना जैसे संकट में सब कुछ बंद होने के बावजूद भी एक भी व्यक्ति भूख से नहीं मारा जबकि हमारे यहां ना तो बेहतर अस्पताल सुविधा थी और ना ही गांव में चिकित्सकों की मौजूदगी थी। इसके बावजूद हर गांव में आम नागरिकों के सहयोग से दवा उपलब्ध कराई गई जबकि दूसरे राज्यों में अफरा-तफरी मची थी और शव जलाने के लिए लकड़ी भी खत्म हो गई थी। हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना कल में झारखंड सरकार के दो-दो मंत्रियों ने जनसेवा के दौरान जान गंवाई। आज स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी महिलाओं को सम्मान दिलाने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज भी झारखंड सरकार लगातार मुसीबत झेल रही है। बीजेपी ने राज्य को लूटने के लिए इस सरकार पर कई आरोप लगाए। मुझे झूठे आरोप में जेल भेज दिया।

### बीमा के साथ मिलेगा पशुधन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में लोगों को जानवर पालने के लिए मिला था लेकिन वह 6 महीने में मर गया और किसान संकट में आ गया। हमारी सरकार ने बीमा के साथ जानवर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यदि किसी बीमारी से जानवर की मौत हो जाती है तो बीमा कंपनी वाले पूरी राशि का भुगतान करेंगे। विपक्ष द्वारा आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर आदिवासियों को ठगा जा रहा है। आदिवासियों, दलितों, गरीबों का हक अधिकार लूटने की साजिश रची जा रही है। लव जिहाद, शिक्षा जिहाद के बाद अब बाढ़ जिहाद जैसे मामले को भाजपा हवा दे रही है। चुनाव के दौरान समाज विरोधी उन ताकतों को सबक सिखाना है।

### बहनों ने हेमंत को बांधी राखी, तो मिली सौगात : कल्पना




कार्यक्रम के दौरान कल्पना सोरेन मुर्मू ने भी राज्य सरकार और महिलाओं के बीच सीधा संबंध जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन अभी खत्म हुआ है और राज्य की महिलाओं ने हेमंत सोरेन को राखी बांधी है। आज इसकी सौगात मिली है। महिला सुरक्षा के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। जो पैसे महिलाओं को मिल रहे हैं उससे वह अपने बच्चों का फीस जमा कर सकती हैं। बुजुर्गों के लिए दवा खरीद सकती हैं और यहां तक की अपने स्वास्थ्य पर भी बेहतर ध्यान दे सकती हैं।

# बूढ़ा पहाड़ के समीप बसे गांवों का होगा पुनर्वास

- *ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने एवं उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए झारखंड सरकार द्वारा अनोखी पहल की गई*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** घने जंगल के बीच एवं अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बूढ़ा पहाड़ के समीप बसे कुजरूम, लाटू एवं जयगीर के ग्रामीणों को पुनर्वास के लिए झारखंड सरकार उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर पहल कर रही है। इसी क्रम में मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा कुजरूम के ग्रामीणों को रैयती भूमि का हक प्रमाण पत्र तथा 15 लाख राशि का बैंक सर्टिफिकेट प्रदान किया। ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने एवं उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए झारखंड सरकार द्वारा अनोखी पहल की गई है। घने जंगल के बीच एवं अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बूढ़ा पहाड़ के समीप बसे कुजरूम, लाटू एवं जयगीर के ग्रामीणो को पुनर्वास के लिए जिला मुख्यालय के निकट चयनित स्थल पर 2 हेक्टेयर रैयती जमीन एवं 15 लाख नगद राशि का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। ग्रामीण के लिए 800 वर्ग फिट का पक्का मकान, बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ एवं रोजगार की सुविधा प्रदान की जा रही है। बता दें कि पलामू टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बसे गांवों में वन्यप्राणी संरक्षण के लिए बने नियमों के कारण पक्की संरचनाओं के निर्माण पर रोक है। कोर क्षेत्र में बसे होने के कारण सरकार द्वारा पक्की सड़क एवं बिजली की सुविधा नहीं दी जा सकती है। यहाँ के ग्रामीणों का सामना प्रतिदिन बाघ, तेन्दुआ, हाथी और भालू जैसे जंगली जीवों से होता है।

# 150 घरों को तोड़े जाने के खिलाफ आंदोलन करेंगे सरयू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने इन्द्रा और कल्याण नगर के 150 घरों को तोड़ने के विरुद्ध जन आंदोलन का ऐलान किया है। इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक के बाद एक लगातार तीन ट्वीट में उन्होंने कहा कि जमशेदपुर ज़िला प्रशासन की ओर से मनमाना जेपीएलई (झारखंड पब्लिक लैंड एन्क्राचमेंट) नोटिस देकर घरों को तोड़ने की साज़िश के विरूद्ध जनान्दोलन होगा। आज इन्द्रा नगर-कल्याण नगर को नोटिस है तो कल बिरसा नगर की बारी आएगी। कांग्रेस के चुनावी चेहरे चोर को कहो चोरी करो और साहूकार को कहो जागते रहो की दोगली नीति पर चल रहे हैं। एक अन्य ट्वीट में विधायक श्री राय ने लिखा कि सरकार में भागीदार नेताओं को बताना होगा कि जब एनजीटी का कोई आदेश इन्द्रा नगर-कल्याण नगर के घरों को तोड़ने का नहीं है, तब जमशेदपुर प्रशासन ने बस्तीवासियों को घर तोड़ने का नोटिस क्यों दिया? प्रशासन से नोटिस दिलवाना और नोटिस के खिलाफ बस्ती मे खड़ा होना दोहरा चरित्र है। श्री राय ने एक्स पर लिखाः एनजीटी कोलकाता बेंच ने इन्द्रा नगर-कल्याण नगर के घरों को तोड़ने के लिए अंचल अधिकारी,जमशेदपुर की नोटिस के विरूद्ध बस्तीवासियों द्वारा दायर हस्तक्षेप याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया कि इसका कोई संबंध एनजीटी के आदेश से नहीं है।

### नोटिस विशुद्ध रूप से जिला प्रशासन का मामला



श्री राय के अनुसार, एनजीटी ने वरीय अधिवक्ता को सुनने के बाद कहा कि जमशेदपुर अंचलाधिकारी की नोटिस का न तो दलमा इको सेंसिटिव जोन से इन घरों की दूरी का कोई संबंध है और न ही स्वर्णरेखा नदी तट से इनकी दूरी का कोई संबंध है। जमशेदपुर अंचलाधिकारी की यह नोटिस विशुद्ध रूप से ज़िला प्रशासन का मामला है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक ने बताया कि वरीय अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि जमशेदपुर के तमाम अखबारों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित हो रही है कि इन्द्रा नगर- कल्याण नगर के करीब 150 घरों को तोड़ने की नोटिस जिला प्रशासन ने एनजीटी के आदेश पर किया है तो एनजीटी की बेंच ने कहा कि इन घरों का उल्लेख एनजीटी के आदेशानुसार गठित संयुक्त जाँच समिति के प्रतिवेदन में नहीं है। झारखंड सरकार के वन पर्यावरण विभाग की रिपोर्ट में भी इनका उल्लेख नहीं है।

### एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में रक्षा राज्य मंत्री का निर्देश

# सीएसआर का पैसा विस्थापित गांव के लिए खर्च करना सुनिश्चित करें

- *रायपुर, जयपुर, गुवाहाटी के लिए नई हवाई यात्रा का प्रस्ताव भेजें*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सभी नव मनोनीत सदस्य, एयरपोर्ट के निदेशक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में रक्षा राज्य मंत्री ने एयरपोर्ट प्रबंधन को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यहां से आवागमन करने वाले किसी भी यात्री को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एयरपोर्ट के सीएसआर की राशि को विस्थापित गांव के लिए खर्च करने का निर्देश रक्षा राज्य मंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि यह चिंतन एयरपोर्ट प्रबंधन को करना चाहिए कि हमने जिन ग्रामीणों की जमीन ली है, जिन गांव की जमीन ली है, वहां के शैक्षिक, स्वास्थ्य, स्वरोजगार जैसे विषय के लिए काम करें। इसके साथ ही एयरपोर्ट के विकास व विस्तार से जुड़े बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में यह बताया गया कि रांची से दिल्ली, पुणे, चेन्नई, बैंगलोर के लिए हवाई जहाजों की संख्या बढ़ाने पर सकारात्मक पहल हो चुकी है। बहुत जल्द इन क्षेत्रों के लिए जहाज की संख्या भी बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त रांची से जयपुर, रायपुर और गुवाहटी के लिए हवाई यात्रा आरंभ करने हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश एयरपोर्ट प्रबंधन को श्री सेठ ने दिया।

# रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का पारसनाथ स्टेशन पर होगा ठहराव

- *भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी के पत्र पर रेल मंत्री ने दी स्वीकृति*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का ठहराव अब झारखंड के गिरिडीह जिला स्थित पवित्र तीर्थ स्थल पारसनाथ स्टेशन पर होगा। विगत 13 जुलाई को पत्र लिखकर जन आकांक्षाओं को देखते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने भारत सरकार के रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से झारखंड के गिरिडीह जिला स्थित पवित्र तीर्थ स्थल से जुड़ा पारसनाथ स्टेशन पर रांची वाराणसी वंदे भारत ट्रेन के ठहराव का आग्रह किया था। डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी के पत्र पर संज्ञान लेते हुए माननीय रेल मंत्री ने उपर्युक्त ट्रेन के ठहराव की स्वीकृति प्रदान की है, जिसकी विधिवत सूचना भी रेल मंत्री ने डॉ वाजपेयी को दी है। डॉ वाजपेयी ने इस कार्य के लिए रेल मंत्री का झारखंड की जनता की ओर से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार जनकल्याण को समर्पित है।

# देश की एकता व अखंडता को हुए नुकसान के लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेवार : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश की एकता और अखंडता को जो नुकसान हुआ है, इसके लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेवार है। सत्ता के लिए कांग्रेस पार्टी किसी भी हद तक जा सकती है। शनिवार को ये बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहीं। वे हजारीबाग के गीतांजलि बैंक्वेट हॉल आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सत्ता के लिए बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। लोकतंत्र में कोई भी दल किसी भी दल के साथ गठबंधन कर सकता है, इससे किसी को विरोध नहीं है, किसी को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन नेशनल कांफ्रेंस ने चुनाव को लेकर अपने घोषणा पत्र के माध्यम से जो वादा किया है वह देश की अखंडता और एकता से जुड़ा मामला है।

श्री मरांडी ने कहा कि क्या कांग्रेस चाहती है कि 'शंकराचार्य पर्वत' 'तख्त-ए-सुलिमान' और 'हरि पर्वत' 'कोह-ए-मारन' के नाम से जाने जाएं? क्या कांग्रेस समर्थन करती है? क्या कांग्रेस पार्टी जेकेएनसी के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गाँधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की जेकेएनसी की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं? इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के नेशनल कांफ्रेंस के वादे के साथ है? बताना चाहिए। कांग्रेस पार्टी को जनता के सामने अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए।

### कांग्रेस व झामुमो को जवाब देना चाहिए



बाबूलाल ने कहा कि इसलिए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी सहित उनके सहयोगी दलों से सवाल है कि क्या वे नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों का समर्थन करते हैं? मरांडी ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के साथ कांग्रेस का गठबंधन है और कांग्रेस झारखंड में भी सत्ता में है। यहां जेएमएम के साथ कांग्रेस की सरकार है, इसलिए कांग्रेस के साथ जेएमएम को भी जवाब देना चाहिए कि ये नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों का समर्थन करते हैं या नहीं?

### मंशा स्पष्ट करनी चाहिए

श्री मरांडी ने कहा कि क्या कांग्रेस और राहुल गांधी 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का, धारा 370 और आर्टिकल 35 ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जेकेएनसी के निर्णय का, कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का, पाकिस्तान के साथ 'छउ ट्रेड' शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का, आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का, जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौपने का समर्थन करते हैं ?

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री हेमंत के ईडी समन की अवहेलना मामले में सुनवाई 30 को



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली क्रिमिनल रिट पर 30 अगस्त को सुनवाई होगी। मामले में कोर्ट के संज्ञान आदेश को चुनौती दी गई है। हेमंत सोरेन की ओर से ईडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था। ईडी की ओर से संबंध की अवहेलना मामले में शिकायतवाद सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी। सीजेएम कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को हाजिर होने का आदेश दिया था लेकिन वे कई तिथियों पर सीजेएम कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे।

### छवि रंजन सहित सात की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** रांची के चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े जमीन घोटाला मामले में आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित सात की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तिथि सात सितंबर निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो. सद्दाम न्यायिक हिरासत में हैं जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल हाई कोर्ट से जमानत पर है। मामले में एक आरोपित पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

### जनता की हर समस्या का निराकरण हमारी प्रतिबद्धता : चंद्र प्रकाश चौधरी



**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि जनता की हर समस्या का निराकरण हमारी प्रतिबद्धता है। वे शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में अधिकारियों के साथ शनिवार को विभिन्न विषयों को लेकर आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस बैठक में उन्होंने रामगढ़ स्थित चुटुपालु घाटी और चास-राजगंज मुख्य मार्ग से जुड़ी कई समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और सभी समस्याओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करने को कहा। चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता से मिली शिकायतों और विषय विशेषज्ञों से बातचीत के आधार पर आज अधिकारियों से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। जल्द सभी समस्याओं का निराकरण होगा। जनता की हर समस्या का समाधान हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। समस्या छोटी हो या बड़ी हम हर समस्या को दूर करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं।

### जमीन घोटाला मामले में आरोपी बिपिन सिंह की बेल याचिका पर 27 को सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में आरोपित बिपिन सिंह की जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में 27 अगस्त को सुनवाई होगी। बिपिन ने शुक्रवार को अपनी जमानत के लिए गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। इसपर अदालत ने 27 को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने बिपिन को 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े केस में गिरफ्तार किया है। इस केस से जुड़े अन्य आरोपितों को जमानत देने से इनकार कर चुका है।

### झारखंड हाईकोर्ट ने फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदला




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने चाईबासा की निचली अदालत द्वारा 30 जनवरी को चचेरे भाई की हत्या मामले में सालुका हेंब्रम को सुनाई गई फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की अपील एवं अपीलकर्ता सालुका हेंब्रम की अपील पर शनिवार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने हत्या के दोषी सालुका हेंब्रम की फांसी की सजा को संशोधित करते हुए उसे आजीवन कारावास में बदल दिया। अपने आदेश में खंडपीठ ने कहा कि यह घटना नशे की हालत में की गई थी, जो रेयरेस्ट का रेयर की श्रेणी में नहीं आता है। अपीलकर्ता का कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है और वह समाज के लिए खतरा भी नहीं है। अपीलकर्ता सालुका हेंब्रम ने चाईबासा की निचली अदालत द्वारा दोषी करार दिए जाने और फांसी की सजा सुनाए जाने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। चाईबासा कोर्ट ने फांसी सजा के साथ-साथ सालुका हेंब्रम पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। यह मामला 2019 का है। सालुका हेंब्रम पर जमीन विवाद में चचेरे भाई की हत्या का आरोप था। यह घटना 11 सितंबर, 2019 की है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र निवासी रामधन हेंब्रम की दाउली से काटकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक की पत्नी चारिबा हेंब्रम के बयान पर इस संबंध में गोइलकेरा थाने में सालुका हेंब्रम के खिलाफ हत्या को लेकर कांड संख्या 25/ 2019 दर्ज हुआ था।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरिराम बाबू से मिले प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शनिवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरिराम बाबू ने हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके स्वास्थ का हाल लिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है हरिराम बाबू कई महीनों से बीमार चल रहे हैं। इसके बाद केशव महतो कमलेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय पीएन सिंह के आवास पहुंचे और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके पुत्रों से मुलाकात और सांगठनिक चर्चा की। इस दौरान सतीश पॉल मुंजनी, जय प्रकाश गुप्ता, विनय सिन्हा दीपू, तपेश्वर नाथ मिश्रा और बेलाल उपस्थित रहे।

प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन

# महिला पुलिस भी थाना इंचार्ज बनें, नियम बनाया जाएगा : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन से महिला पुलिस कर्मियों के बीच उत्साह, उमंग और उम्मीद जगी है। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन में जिन विषयों पर चर्चा-परिचर्चा हुई है, इसका सकारात्मक प्रभाव आने वाले दिनों में महिला पुलिसिंग व्यवस्था पर दिखे यह हमसभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन के अवसर पर महिला पुलिस के हक-अधिकार, उचित मांगों, समस्याओं के निराकरण इत्यादि से संबंधित जो आवश्यक सुझाव राज्य सरकार तक पहुंची है, इन सुझावों पर यथोचित विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के भीतर स्थापित पुलिस थानों में महिला पुलिस पदाधिकारी भी थाना इंचार्ज बन सके इसके लिए राज्य सरकार शीघ्र नियम बनाएगी। निश्चित रूप से थानों में वरीय पदाधिकारी के रूप में महिला पुलिस जिम्मेदारी संभाले ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में राज्य स्तरीय पुरुष पुलिस सम्मेलन का आयोजन हो इसके लिए भी कैलेंडर बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी पुलिसिंग व्यवस्था सिस्टम के जड़ तक पहुंचकर उसे मजबूत करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के पुलिसकर्मी क्षमतावान हैं फिर भी कुछ वादों का अनुसंधान इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई इत्यादि को सौंप दिया जाता है आखिर ऐसा क्यों? इन विषयों को गंभीरता से लेने की जरूरत है।



## सम्मेलन वर्ष में एक बार नहीं बल्कि 6 महीने में एक बार होना चाहिए

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य की महिला पुलिस बल के बेहतरी के लिए क्या करने की जरूरत है इस पर बेहतर कार्ययोजना बनाई जाए। कुछ विषयों पर राज्य सरकार को नीति निर्धारण करने की आवश्यकता है तो कुछ चीजें पुलिस विभाग स्तर की हैं। महिला पुलिस के हित में पुलिस विभाग को भी आगे बढ़ने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हर विभाग में सकारात्मक बदलाव के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन वर्ष में एक बार नहीं बल्कि 6 महीने में एक बार होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य की पुलिसिंग व्यवस्था को आप इस कदर आगे बढ़ाएं कि राज्य के पुलिस बल में जहां आज महिला पुलिस की संख्या 5 से 6 प्रतिशत है, वहीं आने वाले समय में यह संख्या 50 प्रतिशत तक पहुंचे, इस निमित्त जो भी सहयोग राज्य सरकार की ओर से आपको चाहिए वो हमारी सरकार करेगी।

## कार्यपालिका एवं समाज के अंदर महिला पुलिस की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पुरुष और महिलाएं सिर्फ पुलिस विभाग में ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में कंधे से कंधे मिलाकर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी भी महिला और पुरुष के बीच कुछ फासले हैं जिसे पाटने की जरूरत है। कार्यपालिका और समाज के अंदर महिला पुलिस की भूमिका अहम रहती है। कई संवेदनशील मामलों पर राज्य में कार्यरत महिला पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अक्सर राज्य की पुलिस पर कई सवाल खड़ा होते हैं। कई सवाल गलत तो कई सवाल सही भी हो सकते हैं, यह मूल्यांकन का विषय है, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें एक ऐसी पुलिसिंग व्यवस्था खड़ी करनी है जिसमें राज्य की आम जनता का पुलिस पर भरोसा कायम रहे।

## बेहतर कार्यशैली से ही रूढ़िवादी मानसिकता और व्यवस्था में बदलाव लाया जा सकता है

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सामाजिक व्यवस्था सुधारना आपके हुनर और बेहतर कार्य शैली की बात है। कुछ चीजों को आसानी से सरलता पूर्वक सुधार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि कई जगहों पर महिला समूहों की बड़ी संख्या है जैसे महिला कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, महिला से जुड़े शिक्षण संस्थानों के हॉस्टल्स इत्यादि। इन जगहों पर महिला पुलिस पदाधिकारियों का सीधा समन्वय होना चाहिए ताकि महिला से जुड़ी परेशानियों को जाना और समझा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का हमेशा प्रयास है कि हमारी पुलिस व्यवस्था पर कोई उंगली न उठा सके या नकारात्मक कमेंट की गुंजाइश कम रहे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि समाज के अंदर बेहतर कार्यशैली का परिचय देते हुए रूढ़िवादी मानसिकता और व्यवस्था में बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने एक विशेष स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य के विकास आयुक्त अविनाश कुमार, डीजीपी अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक सुमन गुप्ता सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में महिला पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पैनल डिस्कशन किया गया

कार्यक्रम के दूसरे दिन पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया था। जिसमें महिला पुलिस कर्मियों के अवसर, चुनौती और भविष्य की रणनीति, महिला सुरक्षा में उनकी भूमिका को सशक्त करना, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता एवं पुलिस बल में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन देने आदि बिन्दुओं पर परिचर्चा की गयी। इसमें झालसा सदस्य सचिव रंजना अस्थाना, डॉ अनुराधा वत्स, डॉ वंदिता, डॉ अनामिका, पूर्णिमा महतो, अन्तरराष्ट्रीय तीरंदाज एंव कोच रश्मि लकड़ा, मुखिया, दुधिया, भरणो, गुमला और ज्योति सोरेन ने अपने अपने विचार रखे।

### संसाधनों की है कमी

किरीबुरू थाना प्रभारी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि संसाधनों की भारी कमी है। तब भी हम सभी पुलिसकर्मी तत्परता से काम करते हैं। जनता तक पहुंच बनाने में हम सभी काफी मेहनत से काम करते हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि किरीबुरु थाना नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। तभी एजीडी सुमन गुप्ता ने उन्हें मंच पर रोका व संसाधनों की कमी पर बाद में बात करने को कहा।



## चुनौतियों से लड़ेंगे, तभी आगे बढ़ पाएंगे: पूर्णिमा महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिला पुलिस सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज और कोच पूर्णिमा महतो ने सभी महिला पुलिस कर्मियों से कहा कि वे जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबरायें नहीं। खेल के क्षेत्र में भी बहुत सारी चुनौतियां हैं। चुनौतियों से लड़ेंगे, तभी आगे बढ़ पाएंगे। तभी देश के लिए मेडल ला पाएंगे, जिससे देश का और झारखंड का नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही प्रेक्टिस करना शुरू कर देना चाहिए। झारखंड पुलिस से बहुत कम बच्चे खेल में जा रहे हैं। हमें उन्हें प्रोत्साहित करना है। महतो स्पोर्ट्स में महिलाओं की चुनौतियां एवं समाधान पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि उनका बहुत कम उम्र में ही खेलों के प्रति रुझान था। इसलिए वह इस क्षेत्र में आगे बढ़ती गईं। उन्हें द्रोणाचार्य अवार्ड, पद्म श्री अवार्ड से भी नवाजा गया। उन्होंने स्पोर्ट्स कोटा से आई महिला पुलिस कर्मियों से कहा कि वे ड्यूटी के साथ स्पोर्ट्स में भी अपनी भूमिका बनाएं, ताकि स्पोर्ट्स के जरिए देश और झारखंड का नाम भी रौशन हो। पूर्णिमा महतो से प्रतिभागियों ने सवाल भी पूछे तथा उनसे सुझाव लिये। प्रतिभागियों ने कहा कि खेल कोटा से आए पुलिस कर्मियों के लिए स्पोर्ट्स सेल का गठन हो ताकि खेल को बढ़ावा मिल सके। दूसरी ओर, पंचायत जनप्रतिनिधि और पुलिस विषय पर परिचर्चा करते हुए गुमला के दूधिया, भरणो ग्राम पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा ने पंचायत प्रतिनिधि की भूमिका के बारे में कहा कि हम जनप्रतिनिधि का उद्देश्य है कि सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति तक जरूर पहुंचे। जनप्रतिनिधि स्थानीय लोगों के साथ नियमित संपर्क में रहते हैं और उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझते हैं।

## पंचायत जनप्रतिनिधि और पुलिस में तालमेल से कम होंगे अपराध



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 2024 में शनिवार को पंचायत जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विषय पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। इसमें गुमला के दूधिया, भरणो ग्राम पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा ने पंचायत प्रतिनिधि की भूमिका के बारे में बताया कि हम जनप्रतिनिधि का उद्देश्य है कि सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति तक जरूर पहुंचे। जनप्रतिनिधि स्थानीय लोगों के साथ नियमित संपर्क में रहते हैं और उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत जनप्रतिनिधि और पुलिस के बीच आपसी सहयोग से अपराध के घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। पंचायत प्रतिनिधि स्थानीय स्तर पर हो रहे अपराधों की सूचना दे सकते हैं ताकि पुलिस अपनी कार्रवाई कर सके। पंचायत प्रतिनिधि गांव में होने वाली बैठक में पुलिस की भूमिका को सुनिश्चित कर सकते हैं। जिससे गांव के लोग पुलिस के सामने बेझिझक अपनी बात रखें। जनप्रतिनिधि के सहयोग से पुलिस नशा मुक्ति, डायन बिसाही, बाल विवाह और बालश्रम जैसी कुप्रथायों पर भी रोक लगा सकते हैं। पंचायत प्रतिनिधि एवं पुलिस प्रशासन के बीच नियमित संवाद और बैठक का आयोजन करना चाहिए, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। इस तरह के संवाद से दोनों पक्ष के बीच आपसी समझ बढ़ेगी और सामूहिक रूप से समस्याओं का समाधान खोजने में सहायता मिलेगी। वहीं पलामू की नवाडीह प्रखंड की ज्योति सोरेन ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के कारण ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का लाभ मिलने लगा है। उन्होंने खुद पहल करते हुए ग्रामीणों के लिए पेंशन की सुविधा, राशनकार्ड, पशुधन विकास योजना तालाब निर्माण योजना जैसे सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया।

## भगवान गोगा की पूजा करने से बुराइयों से रहते हैं सुरक्षित : संजय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- **नाग देवता की पूजा पर समर्पित गोगा नवमी त्यौहार 27 को**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा है कि हिंदुओं का त्योहार गोगा नवमी 27 अगस्त को मनाया जाएगा। गोगा नवमी जिसे गुगा नौमी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व मारवाड़ी समाज के घरों में भी उल्लासपूर्वक मनाया जाता है। गोगा नवमी भगवान गुगा यानि नाग देवता की पूजा के लिए समर्पित है। गोगा नवमी भाद्र पद महीने में कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। हिंदू परंपराओं में गोगाजी जिन्हें जहर वीर गोगा भी कहा जाता है वे एक लोकप्रिय लोक देवता है जिनकी भारत के उत्तरी राज्यों विशेष रूप से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब में पूरी श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। गोगा नवमी गोगाजी के सम्मान में मनाया जाने वाले महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक है। मान्यता है कि वे भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को प्रकट हुए थे।

## खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**रांची।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्वधान में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में खेले जा रहे जूनियर नेशनल बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप-2024 में झारखंड टीम उपविजेता रहा। शनिवार को रांची में उपविजेता झारखंड टीम के सभी खिलाड़ियों को भारत आदिवासी पार्टी झारखंड़ प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप व स्थानीय सामाजिक संगठन के संयुक्त नेतृत्व में स्वागत किया। अजय कच्छप ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत व सम्मानित करते हुए बधाई दी।

## 125 वां श्री श्याम भंडारा हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 125 वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय लखदातार की जय जयकारों से गूंज रहा था।श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में विनोद कल्पना ठक्कर ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके विनोद कल्पना तनुज विन्नी ठक्कर ने खाटूनरेश की मनुहार की। ठक्कर परिवार ने प्राकृतिक पंखा डोलाकर बाबा के दरबार में मत्था टेका। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को यजमान परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान विनोद कल्पना ठक्कर ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# कामकाजी महिला कैसे समझे अपने आप को सुरक्षित

**रांची। कोलकाता के आरजे कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ जो कुछ भी हुआ इससे पूरा देश आक्रोशित है। इस आक्रोश में यह भी प्रश्न उठ रहा है कि पढ़ी-लिखी कामकाजी महिलाएं अपने आप को कैसे सुरक्षित समझे। कार्यस्थल में वह किस पर विश्वास करें और निर्भिक्ता से काम करें। घर के बाद कार्यस्थल दूसरा स्थान होता है, जहां लगाव होता है। इस पर राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता रजनीश ने महिलाओं से बात किया व उनका अनुभव जाना।**

### महिला सुरक्षा भारत ही नहीं पूरे विश्व की समस्या



आज के सामाजिक परिदृश्य में कार्यक्षेत्र में महिला एवं पुरुष में कोई भेद नहीं रह गया है। हर क्षेत्र में महिलाए बढ़ चढ़कर अपना योगदान दे रही है। आज समाज भी उनसे अपेक्षा करता है कि वे किसी भी कार्य के लिए महिला होने के कारण पीछे ना हटें। परन्तु आज भी विश्व के हर कोने में महिला सुरक्षा एक बहुत बड़ा सामाजिक मुद्दा है। महिला की सुरक्षा एक पुरुष से अधिक दी जाती है। क्योंकि महिलाओं की शारीरिक दुर्बलता उनको सामाजिक रूप से असुरक्षित बनाती है। ऐसे में महिलाएं अपनी सुरक्षा के प्रति स्वयं सचेत रहें। पुरुष सहकर्मियों से एक निश्चित दूरी बनाकर रहें ।

**डॉ अराधना तिवारी, सहायक प्राध्यापक, बुंडू कॉलेज**

### लड़कियों के साथ लैंगिक भेदभाव बचपन से ही होता है



परंपरागत रूप से समाज में महिलाओं को कमजोर वर्ग के रूप में देखा जाता रहा है। वे घर और समाज दोनों जगहों पर शोषण, अपमान और भेद-भाव से पीड़ित होती हैं। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव दुनिया में हर जगह प्रचलित है। ऐतिहासिक रूप से महिलाएं अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में प्रभावित होती रही हैं। लड़कियों के साथ लैंगिक भेदभाव बचपन से ही शुरू हो जाता है। परिवार में किया जाने वाला समानता का व्यवहार लैंगिक भेदभावों को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करता है।आज लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा, रोजगार जैसी सुविधाओं का समर्थन करना लैंगिक भेदभाव को खत्म करने की दिशा में पहला कदम होगा।

**डॉ उर्वशी, सहायक प्राध्यापक रांची महिला कॉलेज**

### दुष्कर्म के दोषियों को सिर्फ फांसी की सजा मिले



महिला शुरक्षा के लिए कई कानून बने हैं। भारतीय न्याय सहिंता में धाराएं भी बदली है। इसमें दुष्कर्म के दोषियों को फांसी की सजा का प्रावधान है। हम महिलाएं जहां काम करते है वो हमारा दूसरा घर होता है। दूसरा घर ही सुरक्षित नहीं है। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जो हुआ है, उसके दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बात की मैं विरोध करती हूं, कुछ लोग कहते है कि महिलाओं के कपड़ा और देर रात तक घुमने के कारण दुष्कर्म होता है। यह बात बिल्कुल गलत है। दुष्कर्म का कारण छोटी मानसिकता है। इस प्रकार की सोच को बदलने के लिए हमें जमीनी स्तर पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि कोलकाता में आज डॉक्टर के साथ जो हुआ है वह महिला थी इसलिए दुष्कर्म हुआ अगर वह पुरुष होता तो उसके साथ मर्डर होता।

**तनुश्री सरकार, सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन खूंटी, सह वकील**

### विश्वविद्यालयों में महिला पुलिसकर्मी की हो तैनाती



आए दिन जिस तरह से महिलाओं और छात्राओं के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म हो रही है। इसको देखते हुए विश्वविद्यालयों में महिला पुलिसकर्मी तैनात करना चाहिए, जिससे की कभी कोई ऐसी घटना ना हो सके। कोलकता की घटना को देख कर आज हम सब को डर लगता है। इसके लिए हमें जागरुकता अभियान भी चलाना चाहिए। वहीं गंदी मानसिकता वाले लोगों के सोच में बदलाव लाने का प्रयास होना चाहिए। दुष्कर्म व हत्या के बाद मोमबती लेकर सड़क पर घुमने से कुछ नहीं होगा।

**वसुंधरा कुमारी, छात्रा, रांची विश्वविद्यालय**

## डीएवी हेहल में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के छात्र-छात्राओं द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। नन्हें बच्चे कृष्ण व राधा की पोशाक पहन कर विद्यालय आये। बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा की सुन्दर झाँकियां निकाली। पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने सुंदर-सुंदर बांसुरियां बनाईं। पांचवीं कक्षा के बच्चों ने श्री कृष्ण के जीवन से संबधित मनमोहक नृत्य करके विद्यालय परिसर को कृष्णमय बनाया। बच्चों ने दही-हांडी का भी सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए हांडी फोड़ी। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने बताया कि कृष्णजन्माष्टमी का पर्व भाद्र मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन विशेष पूजा-पाठ और अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे उत्सव न केवल बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति व सभ्यता से जोड़कर भी रखते हैं।

# न्यूज बॉक्स

## अलकायदा के आतंकी मॉड्यूल का झारखंड कनेक्शन तलाश रही ईडी

**रांची।** झारखंड एटीएस के जरिये गिरफ्तार किए गए मेडिका अस्पताल के डॉ इश्तियाक के तार जमीन घोटाले से भी जुड़ने की आशंका के बीच प्रवर्तन निदेशालय भी मामले को लेकर सक्रिय हो गया है। ईडी को संदेह है कि हाल ही में उजागर हुए अलकायदा से प्रेरित आतंकी मॉड्यूल का झारखंड में हुए बड़े भूमि घोटालों से महत्त्वपूर्ण सम्बन्ध हो सकता है। ईडी ने इसे लेकर बरियातू निवासी बबलू खान को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। बबलू खान अफसर अली का भाई है और कथित तौर पर तल्हा खान का ससुर है। ईडी अब यह जांच कर रही है कि जमीन घोटाले से अर्जित राशि से कहीं आतंकी संगठन को फंडिंग तो नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि एटीएस के जरिये गिरफ्तार डॉ. इश्तियाक बबलू खान के अस्पताल से जुड़ा रहा है। दोनों की पारिवारिक रिश्तेदारी भी है। अफसर अली और ताल्हा खान सेना जमीन घोटाला और हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले में चार्जशीटेड हैं। जांच के दौरान पता चला है कि डॉ. इश्तियाक झारखंड में अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) का प्रमुख ऑपरेटिव है। सूत्रों ने पुष्टि की है कि ईडी ने बबलू खान को पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के अनुसार, डॉ. इश्तियाक के नाम पर एक क्लिनिक पंजीकृत है और इसका प्रबंधन बबलू खान द्वारा किया जाता है। ईडी क्लिनिक के स्वामित्व और डॉ. इश्तियाक और बबलू के बीच सम्बन्धों का पता लगाने की भी कोशिश कर रही है।

## जेईपीसी की नई पहल 'जादुई पिटारा' से छात्र खेल-खेल में करेंगे पढ़ाई

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की नई पहल जादुई पिटारा के साथ सरकारी स्कूल के छात्र खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे। इस पहल के तहत 3 से 8 साल के बच्चों को खेलने के लिए डिजाइन किए गए मैजिक बॉक्स में कई तरह की शैक्षिक सामग्री दी जाएगी, जिसमें प्लेबुक, खिलौने, पहेलियां, कठपुतलियां, पेंटिंग, पोस्टर, फ्लैशकार्ड, स्टोरीबुक और वर्कशीट शामिल हैं, जो सभी स्थानीय संस्कृति, सामाजिक संदर्भ और भाषाओं को दर्शाते हैं। जादुई पिटारा सितंबर के अंत तक सभी 80 मुख्यमंत्री एक्सीलेंस विद्यालयों और 325 ब्लॉक स्तरीय मॉडल स्कूलों में वितरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जादुई पिटारा दीक्षा प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल रूप से पोर्टल और मोबाइल ऐप दोनों पर उपलब्ध होगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि बच्चे इन सामग्रियों से कभी भी, कहीं भी जुड़ सकते हैं।

## बिना टोकन के अब रिम्स में नहीं होगा रजिस्ट्रेशन

रांची। राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स में व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर प्रबंधन रेस है. अब हॉस्पिटल को लेकर प्रबंधन ने नया आदेश जारी कर दिया है। जिसके तहत डॉक्टर से दिखाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। लेकिन इसके लिए भी लोगों को अपना टोकन आनलाइन लेना होगा। इसके बाद ही काउंटर से उन्हें पर्ची प्रिंट कर दिया जाएगा. वहीं बिना टोकन के किसी भी हाल में मरीजों का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जाएगा। बता दें कि मरीजों का आनलाइन रिकार्ड रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। रिम्स में इलाज के लिए जाते है और घंटों लाइन में रजिस्ट्रेशन के लिए इंतजार करना पड़ता है। अब टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। रिम्स में एक ऐसी व्यवस्था शुरू की गई है, जिसके तहत आपको लाइन में घंटों खड़ा नहीं होना पड़ेगा. केवल टोकन नंबर और विभाग बताकर रजिस्ट्रेशन की हार्ड कॉपी काउंटर से ले सकते है।

आभा कार्ड से घर बैठे ही अपना रजिस्ट्रेशन हॉस्पिटल में करा सकते है। इस डिजिटल सुविधा से रजिस्ट्रेशन कराने की समस्या दूर हो जाएगी और इलाज से जुड़े कागजात भी साथ लेकर चलने का झंझट नहीं होगा। ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर में स्कैन और शेयर प्रणाली शुरू की गई है, जहां आभा आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट नंबर के माध्यम से या ड्रिफकेस ऐप के माध्यम से स्कैन कर सकते हैं और रजिस्ट्रेशन टोकन नंबर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए कतार में खड़े होने की जरूरत नहीं है।

## शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण पर होगा फैसला, ड्राफ्ट तैयार

**रांची।** शिक्षकों के एमएसीपी, प्रोन्नति और अंतर जिला स्थानांतरण पर शिक्षा विभाग तय सीमा में जल्द फैसला करेगा। यह बात झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के साथ हुई बैठक में शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह ने कही। बैठक में मंत्री ने शिक्षकों से कहा कि वे शिक्षकों की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। इसके लिए विभाग ने ड्राफ्ट भी तैयार कर लिया है। शिक्षा मंत्री के बुलावे पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू के नेतृत्व में मिला था। इसमें शिक्षकों की समस्या पर बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक के दौरान अंतर जिला स्थानांतरण के मुद्दे पर संघ की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया कि एक अवसर जो छूटे हुए शिक्षक हैं, उनको भी गृह जिला में आने का मौका दिया जाए। जिला के अंदर जोन आधारित स्थानांतरण किया जाय। पारस्परिक स्थानांतरण के लिए बहुत शीघ्र ऑनलाइन पोर्टल का ऑप्शन दे दिया जाए।

## लायंस क्लब ने सदर अस्पताल में खिचड़ी का किया वितरण

**रांची।** रांची के सदर अस्पताल में लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल की ओर से खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा यह हमारा इस कार्यक्रम का पांचवा सफल सप्ताह है और हम इस तरह से पूरे साल भर सदर अस्पताल में हर शनिवार को खिचड़ी का वितरण करते रहेंगे। इस मौके पर क्लब के निवर्तमान संस्थापक सह अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल ने कहा की खिचड़ी प्रोजेक्ट हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है और हम लोग मानव सेवा के लिए इस तरह के मानव सेवा के सारे कार्य क्लब के प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत करते रहेंगे। क्लब के सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं आज के इस कार्यक्रम को स्पॉन्सर करने के लिए क्लब के पीआरओ अल्तमश आलम एवं साथ ही खिचड़ी वितरण कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में सक्रिय सदस्यों को भी उनके सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया ।

## बीआईटी के जेएसईएफ-24 में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर पेश किया मॉडल



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के पर्यावरण संरक्षण और जागरुकता क्लब ने शनिवार को जेएसईएफ 24 का आयोजन अफेयर्स डॉ. भास्कर कर्ण और सिविल विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नीता कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता एवं आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों की एक टीम के वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने से हुई। दूसरी टीम ने प्रश्नोत्तरी चुनौती का सामना किया। प्रदर्शनी कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चला। बोकारो और रांची के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित नवीन मॉडलों का प्रदर्शन किया। पर्यावरणीय मुद्दों के लिए व्यावहारिक समाधान दिखाने के प्रयास में छात्रों ने ऐसे मॉडल प्रदर्शित किए। वायरलेस पावर ट्रांसमिशन मॉडल में भौतिक कनेक्शन के बिना बिजली संचारित करने की क्षमता प्रदर्शित की गई। हाइड्रोपोनिक खेती मॉडल में टिकाऊ खेती पद्धति प्रदर्शित की गई। मॉडलों का मूल्यांकन सिविल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कीर्ति अभिषेक और सिविल विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ नीता कुमारी ने किया।

## एक नजर

### काम के दौरान गिरने से राजमिस्त्री की मौत

**खलारी।** खलारी के केडी रोड स्थित निमार्णाधीन भवन में काम कर रहे राजमिस्त्री महावीरनगर निवासी श्यामदयाल केशरी (55 वर्ष) की मौत गिरने से हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि श्यामदयाल केशरी तीन मंजिला मकान में प्लास्टर का काम कर रहे थे। इसी क्रम में भाड़ा अचानक टूट गया और वे नीचे गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे सीसीएल के डकरा केन्द्रीय अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि श्यामदयाल केशरी की पत्नी तीर्थ यात्रा पर गई हुई। मृतक के तीन बेटे व दो बेटियां हैं। श्यामदयाल स्वयं भी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे।

### कृषक पाठशाला का हुआ उद्घाटन

**सिल्ली।** ब्राह्मणडीह पंचायत सिल्ली में कृषक पाठशाला का उद्घाटन बीटीएम अजीव कुमार श्रीवास्तव ने फिता काट कर किया। इस फूलगोभी की उन्नत खेती विषयों चर्चा किया गया। वही बीटीएम अंजीव कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि पाठशाला में कुल 6 कक्षाएं संचालित होगी इसमें वैज्ञानिक तकनीकी से फूलगोभी की खेती मौसम के आधार पर परिवर्तन मृदा जांच से लेकर कटाई तक के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएंगी इसके उपलक्ष्य में उपस्थित कृषकों को निशुल्क फूलगोभी का बीज एवं उससे संबंधित कृषि इनपुट कीटनाशक दवाएं खाद सभी को उपलब्ध कराया गया। इसका संचालन लक्ष्मीकांत कोइरी के द्वारा किया गया। इस मौके कृषक मित्र संजय कुमार क्वेरी, गुरु पद महली एवं गणमान्य किसान उपस्थित हुए।

### भाजपा ने सीएम का फूंका पुतला

**बेड़ो।** बेड़ो और नरकोपी भाजपा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा बेड़ो में हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। भारतीय जनता पार्टी बेड़ो एवं नरकोपी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह एवं तेजु दास के नेतृत्व में शनिवार को देर शाम विरोध मार्च निकाली और झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। बेड़ो रंग मंच से बतौर मुख्य अतिथि रामायण भगत के साथ अनेकों भाजपा कार्यकर्ता नारा लगाते हुए महावीर चौक बेड़ो पहुंचे और शुक्रवार के युवा आक्रोश रैली एवं मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम में आए निहत्थे कार्यकर्ताओं पर झारखंड के कुशासक हेमंत सोरेन के इशारे पर पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के खिलाफ नारा लगाया। इस मौके पर रामनारायण भगत ने कहा कि भाजपा के युवा आक्रोश रैली से घबराकर हेमंत सोरेन ने भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर लाठी चलवाया और बर्बरता पूर्ण तरीके अपनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई कार्रवाई यह लोकतंत्र के ऊपर काला धब्बा है।

बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# किसानों के अधिकतम पांच एकड़ में लगी फसलों का होगा बीमा : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024 एवं सिद्धो कान्हु कृषि वनोपज सहकारी संघ के संदर्भ में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने की। इस मौके पर कार्यशाला का संचालन करते हुए प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विनोद नारायण झा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सम्मिलित बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रत्येक किसान का अधिकतम 5 एकड़ में लगायी गई फसलों की बीमा होगी। प्रति प्लॉट एक रुपए के हिसाब से बीमा की राशि देय होगी। उन्होंने कहा कि लापुंग प्रखंड के सभी पंचायतों के किसानों को आच्छादित



करने का लक्ष्य रखा गया है। कोई भी योग्य किसान जिसकी अधिकतम 5 एकड़ में खेती होगी। वैसे किसानों को लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, समाजसेवी सह विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया जयंत बरला, हुलसू पंचायत के मुखिया मनोज मनबहाल होरो, उप मुखिया सह समाजसेवी अरविंद सिंह, ककरिया पंचायत की पंचायत समिति सदस्य, लापुंग के अशोक साहु, डाडी. के गिरीधारी नाग, जरिया के नंद किशोर सिंह, माडी. दरमीटोली के वीरेंद्र उरांव, लैंप्स के अध्यक्ष सुरेश उरांव, बंधन लोहरा, सचिव मुरारी प्रसाद सिंह, परमेश्वर साहु, प्रबंधक गणेश लोहरा, आफताब आलम, लालमुणी कुमारी, बालमईत देवी, मुन्नी कुमारी, आभा उरांव, बंधनी देवी, तेम्बा भगत सहित सभी लैंम्पस के अध्यक्ष एवं सचिव सहित दर्जनों किसान मौके पर मौजूद थे।

# सैनिकों को अलग-अलग क्षेत्र में प्रशिक्षण देने का निर्णय स्वागत योग्य : संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सेवानिवृत्ति सैनिकों के लिए शुरू किए गए अल्पकालिक पाठ्यक्रम का रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गोस्सनर कॉलेज सभागार में शनिवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अल्पकालिक पाठ्यक्रम सर्टिफिकेट इन अकाउंटिंग टेक्निशियन सेवानिवृत सैनिकों के लिए अत्यधिक फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा कि अधिकतर सैनिक अपना सारा जीवन देश की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर बिता देते हैं। इस दौरान उन्हें किसी तरह का ऐसा प्रशिक्षण नहीं मिल पाता है, जो उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद रोजगार उपलब्ध करा सके। रक्षा मंत्रालय के पुनर्वास महानिदेशालय ने सैनिकों को अलग-अलग क्षेत्र में प्रशिक्षण देने का जो निर्णय लिया है स्वागत योग्य है। जनरल रिसेटेलमेंट ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सेवानिवृत्ति या सेवानिवृत्ति सशस्त्र बालकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कैट कोर्स के लिए 12 अलग-अलग स्थानो का चयन किया है। यह खुशी की बात है कि इंस्टीट्यूट आफ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के रांची चैप्टर ने यह पहल की है। कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति भूषण नायक ने इस पहल के लिए रांची चैप्टर की सराहना की। भारतीय सेना की ओर से उपस्थित रिसेटेलमेंट ईस्ट जोन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ब्रिगेडियर राजीव कपूर ने प्रशिक्षण पाने वाले सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्य ईलानी पूर्ति में भी विचार साझा किए। पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष सुभाषिश चक्रवर्ती ने इस कोर्स के बारे में विशिष्ट जानकारी दी। इस अवसर पर सीएमए राजेंद्र सिंह भाटी ने कोर्स से सैनिकों को होने वाले फायदे के बारे में जानकारीं दी।

## न्यूज बॉक्स

### खिलाड़ी अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना करियर बना सकते हैं : परमेश्वर



**मांडर।** समएससी क्लब कनभिठा नगड़ा द्वारा आयोजित फुटबॉल सेमीफाइनल मैच में बतौर अतिथि पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए कहा इस तरह के आयोजन से हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगी जिससे खिलाड़ी अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना करियर बना सकते हैं। साथ ही इन्होंने टूर्नामेंट आयोजन समिति को इस तरह के अवसर खेल प्रेमियों को देने के लिए धन्यवाद दिया। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने फुटबॉल टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच के तौर पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष तबारक अंसारी, सचिव सरफराज आलम, कोषाध्यक्ष जावेद अंसारी, खेल प्रभारी जहीरूद्दीन अंसारी, खेल संरक्षण अजहरुद्दीन अंसारी, मोमिन कांफ्रेंस के रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद, मौलाना रफीक साहब सहित सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### खलारी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार का फूंका पुतला

**खलारी।** युवा आक्रोश रैली में पुलिस की बर्बरता से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने खलारी के केडी हिंदूगढ़ी चौक के समीप राज्य सरकार का पुतला दहन किया। यह कार्यक्रम भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू की अध्यक्षता में की गई। पुतला जलाने से पूर्व कार्यकर्ताओं ने सरकार के कार्यों का विरोध किया व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपना चुनावी वादा याद कराने के लिए पूरे राज्य से भाजपा कार्यकर्ता शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी मैदान पहुंचे थे। जहां राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकताओं पर लाठियां बरसाई गई, आंसू गैस के गोले दागे गए। पूरे क्षेत्र में कटीली तारों से बैरिकेड किया गया। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लाठी, डंडे से डरने वाले नहीं है। राज्य में हत्या, दुष्कर्म जैसे घटनाएं निरंतर हो रही है। चारो तरफ लूट मचा हुआ है। सरकार को अपने कार्यकाल का हिसाब देना होगा। अन्यथा आने वाले समय में जनता इसका मुंह तोड़ जवाब देगी। पुतला दहन में अरविंद सिंह, श्यामसुंदर सिंह, जिप सदस्य सरस्वती देवी, रामसूरत यादव, शशिप्रसाद साहू, जीतेंद्रनाथ पांडेय, जीतेंद्र भारतीय, शिव चौधरी, दिलीप पासवान, प्रमोद प्रजापति, अभिषेक चौहान, मनोज जायसवाल, राजेंद्र रजक, प्रदीप प्रमाणिक, सिन्नी समाड, सरोजनी देवी, मुकेश सिंह, दीपक प्रसाद, अनिल तुरी आदि शामिल थे।

### सेल मेडिक्लेम नवीनीकरण की तिथि बढ़ी




**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया सेल मेडिक्लेम को लेकर बड़ी खबर है। पूर्व कर्मचारियों और अधिकारियों को एक और मौका दिया जा रहा है। जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभी तक नवीनीकरण नहीं कराया है, उनको 29 अगस्त तक का मौका दिया जा रहा है। सेल के पूर्व कर्मचारियों और अधिकारियों के सेल मेडिक्लेम नवीनीकरण की अंतिम तारीख पहले 10 अगस्त थी, जिसे बढ़ाकर 18 अगस्त किया गया था। उसके बाद इसको 25 अगस्त तक किया गया। अब 29 अगस्त कर दिया गया है। सेल के पूर्व अधिकारियों की मांग पर प्रबंधन ने ऐसा किया है। स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन और बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर के अनुसार पूर्व कार्मिकों की मांग पर प्रबंधन ने एक और अवसर दिया है। सेल मेडिक्लेम योजना 2024-25 को नवीनीकरण के लिए 25 अगस्त तक बढ़ा दिया गया था। अंतिम तारीख को 29 अगस्त तक आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। सदस्यों को ध्यान देना है कि नवीनीकरण के लिए कोई और विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा। सदस्यों से आग्रह है कि विस्तारित नियत तारीख 29 अगस्त से पहले औपचारिकताएं पूरी कर लें।

### आज से शुरू होने वाली न्याय अधिकार सह झारखंड नवनिर्माण यात्रा अब 1 सितंबर से

**सिल्ली।** शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी में सर्वसम्मति से लिया गया सामूहिक निर्णय दिनांक 25 अगस्त से शुरू होने वाला न्याय अधिकार सह झारखंड नवनिर्माण यात्रा को बदलाव करते हुए 01 सितम्बर (रविवार) से प्रारंभ करने का सामूहिक निर्णय लिया गया जो कि भगवान बिरसा मुंडा जन्म स्थली उलीहातु से प्रारंभ होकर शहिद रघुनाथ महतो स्थल लोटा, क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा से सुसज्जित नियोजन नीति लागू कर झारखंडियों को सरकारी और गैर सरकारी नौकरी में प्राथमिकता, अनुबंधकर्मियों का स्थायीकरण, जल - जंगल - जमीन, भाषा - संस्कृति - रीति - रिवाज - परंपरा का संरक्षण हेतु झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति छात्र विंग झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा किया गया आंदोलन मुख्यमंत्री आवास घेराव, विधान सभा घेराव, 24 जिला धरना प्रदर्शन, सम्पूर्ण झारखण्ड बंदी, एक्स ट्विटर अभियान, विधायक / सांसद समर्थन प्राप्त अभियान, हाट बाजार में ढोल नगाड़ा बजाकर सकुआ पत्ता घुमाने का अभियान के अलावा अन्य आंदोलन को ऐतिहासिक सफल बनाने के बावजूद एक भी प्रमुख मांग पूरा नहीं होने के कारण 18 अगस्त को राज्य के समस्त आंदोलनकारी नेतृत्वकर्ता ने सर्वसम्मति से आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाने के लिए आंदोलन का नया स्वरूप यात्रा करने का निर्णय लिया गया है।

### कम्प्यूटर ऑपरेटरों के मानदेय में एकरूपता लायी जाये : अशोक

**रांची।** राज्य सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने राज्य स्तरीय महाधरना जाकिर हुसैन पार्क के समीप दिया। महाधरना कार्यक्रम कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार आजाद की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार सिंह 'नयन' उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि राज्य सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ की मांगें जायज है। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर ऑपरेटरों के मानदेय में विसंगति को दूर करते हुए एकरूपता लायी जाये। वहीं कम्प्यूटर ऑपरेटर की छटनी पर रोक लगाई जाय। सभी कार्यरत सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं अन्य कार्यरत कर्मी की सेवा सामाजिक सुरक्षा के स्वीकृत रिक्त लेखा लिपिक के पद पर एकमुश्त सेवा वरीयता के आधार पर समायोजित किया जाय।

# अपना लक्ष्य तय करने के लिए हमेशा परिश्रम करें : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में रेंजर और एसीएफ नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिये करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा की पहल पर आयोजित इस करियर काउंसिलिंग में कई विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इन विशेषज्ञों में मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि आरपी सिंह, अरविंद लाल, कृष्ण कुमार शामिल थे। इस करियर काउंसिलिंग में बॉटनी, जूलॉजी, रसायन, भूगर्भ शास्त्र, भौतिकी, मैथ के सैकड़ों छात्र शामिल हुये।
मुख्ये अतिथि प्रदीप कुमार ने करियर काउंसिलिंग के लिये कुलपति तथा रांची विश्वविद्यालय की सराहना की। विशिष्ट अतिथि आरपी सिंह ने कहा कि आप छात्रों को सफलता के लिये



व्यापक सोच रखनी होगी। अपने विषयों के अलावा भी कई विषयों का ज्ञान रखना चाहिये। उन्होंने वन सेवा के सभी श्रेणियों के बारे में छात्रों को जानकारी दी और कहा कि आप युवाओं का आज के जलवायु परिवर्तन वाले युग में वन सेवा में जाने पर मत्वपूर्ण रोल रहेगा। कुलपति ने छात्रों को कहा कि जब मैं छात्र था तो उस समय का प्रत्येक छात्र अपने

*छात्रों को सफलता के लिये व्यापक सोच रखनी होगी। अपने विषयों के अलावा भी कई विषयों का ज्ञान रखना चाहिये।*

परिश्रम और गुरुओं का मार्गदर्शन को मानते थे। तब वे जाकर अच्छे और बड़े सरकारी पद को पा लेता था। आज मैं प्रयासरत हूं कि वह समय फिर से आये ताकि हमारे रांची विश्वविद्यालय के छात्र उसी तरह की सफलता प्राप्त कर सकें। कुलपति ने कहा कि यह करियर काउंसिलिंग अब हमेशा आयोजित होगा। उन्हों ने छात्रों से लक्ष्य तय कर उसे पूरा करने को कहा। अरविंद लाल ने कहा कि मैं भी रांची विश्वोविद्यालय का छात्र रहा हूं और मैं चाहता हूं कि ऐसे करियर काउंसलिंग का आयोजन सीरीज में होता रहे।

### अनिल कुमार जदली ने संभाला कार्यभार



**रांची।** अनिल कुमार जदली ने शनिवार को एनटीपीसी के निदेशक मानव संसाधन के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने एनटीपीसी में अपना करियर 1993 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में शुरू किया था। एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपनी विनम्र शुरूआत से लेकर एनटीपीसी में मानव संसाधन कार्य के शीर्ष स्तर तक पहुंचे। वह गढ़वाल विश्वविद्यालय से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में स्नातकोत्तर हैं और उन्होंने एमडीआई गुड़गांव से मानव संसाधन प्रबंधन में व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा लिया है। उन्होंने पेरिस, बर्लिन और ट्यूरिन से प्रबंधन और नेतृत्व प्रशिक्षण भी हासिल किया है। उनका तीन दशकों से भी अधिक का शानदार करियर रहा है। जिसमें लाइन और एचआर दोनों तरह के कार्य शामिल है। 2004 के बाद से उन्होंने एचआर प्रमुख सहित विभिन्न क्षमताओं में एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में एचआर के विभिन्न पहलुओं को देखा।

तसर संस्थान में राष्ट्रीय राजभाषा रेशम तकनीकी सेमिनार का आयोजन

## तसर किसानों को उचित लाभ मिले : संजीव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में शनिवार को रेशम उद्योग की उन्नति में अनुसंधान, प्रशिक्षण एसं प्रसार का योगदान विषय पर राष्ट्रीय राजभाषा रेशम तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के प्रौद्योगिकी वैज्ञानिकों ने छह सत्रों में कुल 106 शोध-पत्र प्रस्तुत किए। सेमिनार में मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने कहा कि यह प्रसन्‍नता का विषय है कि संस्थान अनुसंधान के साथ तसर रेशम से सम्बन्धित प्रशिक्षणों का भी आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि तसर संस्थान द्वारा एक रणनीति बनायी जाए जिससे झारखण्ड के कृषि विभाग एवं वन विभाग को भी जोड़ा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान के सभी वैज्ञानिक अपने अनुभव को तसर किसानों के साथ साझा करें ताकि इसका लाभ उन्हें मिल सके। मौके पर डॉ एस गांधी दास, डॉ कार्तिक नियोग, डॉ एनके भाटिया, अंशु गुप्ता, कमल किशोर बडोला सहित अन्य उपस्थित थे।

### आरएनवाईएम कॉलेज में मलेरिया निवारण को लेकर कार्यशाला आयोजित

**बरही ।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अनुमंडलीय अस्पताल बरही की ओर से रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में शनिवार को मलेरिया निवारण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय के कई शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मी, एनएसएस कार्यकर्ता सहित महाविद्यालय के दर्जनों छात्र छात्राएं शामिल हुए. मलेरिया इंस्पेक्टर मो इरशाद ने मलेरिया के कारण और उसके बचाव के उपाय बताए गए. इसके साथ ही अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य टीम ने मलेरिया के लक्षण तथा उससे बचने के तरीको को बताया. लोगो से अपने आस पास गंदगी या जल जमाव रोकने तथा मच्छरों से बचने की सलाह दिया. कार्यक्रम के अंत में सबों को लम्बाई के आधार पर फाइलेरिया की खुराक की गोली खिलायी गयी. कार्यशाला में अनुमण्डल अस्पताल की टीम जिसमें पीसीआई, रमेन्द्र गिरि , पिरामल फाउंडेशन के प्रमोद कुमार, सिंह, एएनएम सावित्री देवी, निर्मला देवी, सहिया संयुक्ता सिन्हा, एवं सरिता देवी मौजूद थी।

बदला गया 200 केवीए का जला ट्रांसफार्मर

## 20 दिन बाद मिली बिजली, लोगों में हर्ष



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी शहीद चौक के निकट लगा 200 केवीए का ट्रांस्फर्मर 20 दिनों बाद फिर से बदल दिया गया। विगत 6 अगस्त को यह ट्रांस्फर्मर जल गया था। 14 अगस्त को ट्रांस्फर्मर बदल दिया गया। परंतु दो दिन बाद ही 16 अगस्त को फिर से ट्रांस्फर्मर जल गया। ट्रांस्फर्मर जलने से टीटू टाइप, एसआरटी, जेएसक्यू कालोनी के लोग अंधेरे में थे। कहीं से पहल नहीं होता देख यहां के लोगों ने समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय से गुहार लगाया। पांडेय ने पहल करते हुए विभाग के आला अधिकारियों से बात की। इस पहल के बाद शुक्रवार को ट्रांस्फर्मर आ गया। शनिवार को कनेक्शन जोड़ने के बाद ग्रामीणों द्वारा पूजा कर ट्रांस्फर्मर से बिजली आन कर दिया गया। बीस दिनों बाद बिजली पाकर लोग काफी खुश हुए वहीं सुरेन्द्रनाथ पांडेय का दिल से आभार जताया। आभार जताने वालों में उदय यादव, रवीन्द्रनाथ चौधरी, अनुप श्रीवास्तव, महमूद अंसारी, कन्हैया झा, सुरेन्द्र सिंह, राकेश चौबे, डा वीके सिंह, अशोक शुक्ला, धनेश्वर राम, संजय पांडेय, पप्पू सिंह, मुन्ना सिंह आदि शामिल हैं।

रोहिणी कोयला खदान संचालित करने की मंजूरी मिली

# अक्टूबर से शुरू हो जाएगा कोयला उत्पादन 2.80 लाख टन कोयला उत्पादन का है लक्ष्य





**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सीसीएल के एनके एरिया अंतर्गत रोहिणी परियोजना में कोयला खदान संचालित करने की सहमति मिल गई है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने 22 अगस्त को रोहिणी खदान को सीटीओ दे दिया है। पूर्व में मिला सीटीओ विगत 31 दिसंबर को समाप्त हो गया था। जिसके कारण विगत आठ महीने से अधिक समय से रोहिणी खदान में कोयला उत्पादन बंद था। सीटीओ लेने के लिए कई प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। पहले इनवायरमेंट क्लीयरेंस (ईसी) लेना पड़ा उसके बाद कान्सेंट टू इस्टैब्लिस (सीटीई) मिला और इसके बाद कान्सेंट टू आपरेट (सीटीओ) प्राप्त हुआ है। यह सीटीओ रोहिणी के विस्तारीकरण के लिए मिला है। रोहिणी के परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने बताया कि विस्तारीकरण का कार्य 67.51 हेक्टेयर भूमि पर होगा। जिसमें 15.61 हेक्टेयर में खुदाई होगा तथा शेष भाग ओबी डंप सहित अन्य कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें तीन साल तक कार्य होगा। जिसमें 52 लाख घनमीटर ओबी हटाया जाएगा तथा 19 लाख टन कोयला का उत्पादन होगा। जेके सिंह ने बताया कि अक्टूबर से कोयला उत्पादन शुरू हो जाएगा। इस वित्तीय वर्ष में रोहिणी को 2.80 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला हुआ है।

### सीटीओ मिलने से कामगारों में हर्ष

रोहिणी पीओ जेके सिंह ने शनिवार को सीटीओ मिलने की जानकारी कामगारों को हाजरी घर के समीप दी। सीटीओ मिलने की सूचना पाकर अधिकारियों, कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा कि अब सभी अधिकारी कर्मचारी मिलकर परियोजना के उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में जुट जाएं। कहा कि हम सभी के अथक प्रयास से आठ माह के बाद परियोजना में फिर से उत्पादन कार्य शुरू हो गया। इसके लिए मशीनों को लगा दिया गया है। अब सभी के सहयोग से परियोजना आगे बढेगी। इसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणो का सहयोग जरूरी है। पूरी टीम के साथ उत्पादन लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। श्रमिक प्रतिनिधियों में भी परियोजना को सीटीओ मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए परियोजना के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई दी है। परियोजना पदाधिकारी ने संडे के मुद्दे पर कहा कि नियमपूर्वक कंपनी गाइड लाइन के अनुसार संडे मिलेगा। इस मौके पर मैनेजर दीपक कुमार, एसपी निगम, संदीप कुमार, संजय स्वाई, चंदा कुमारी सावित्री देवी, एतवारिया देवी सहित काफी संख्या में कामगार मौजूद थे।

### हिमंता नामकुम व बाबूलाल गिरिडीह में सुनेंगे पीएम की मन की बात

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का आज 113 वाँ संस्करण का प्रसारण होगा। जिसमें असम के मुख्यमंत्री एवं सह प्रदेश चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा नामकुम प्रखंड के हुआंग हातु पंचायत के बूथ संख्या 261 और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सुनेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा राँची ग्रामीण जिला के बिजुपाड़ा स्थित स्मार्ट बेंक्वेट हॉल में आयोजित मन की बात कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में उपस्थित होकर स्वयं सहायता समूह के सैकड़ों स्थानीय महिलाओं के साथ इस लाइव प्रसारण से जुड़ेगें।
इसके लिए पार्टी की ओर से पुरी तैयारी कर ली गई है। प्रदेश के सभी बूथ क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सुनने को लेकर पार्टी के सभी नेता और कार्यकताओं की अनेकों बैठक हो चुकी है।

महिला शिकायत पर तत्काल एक्शन के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर भी ले सकते हैं मदद

# लापुंग पुलिस प्रशासन ने प्रखंड मुख्यालय सहित स्कूलों में क्यूआर कोड चिपकाया

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को अब छेड़छाड़ करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत करने के लिए 112 नंबर पर डायल करने की सुविधा दी गई है। शनिवार को लापुंग प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोकटा, ककरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लापुंग प्रखंड मुख्यालय, बैक , लापुंग पेट्रोल पंप सहित दर्जनों स्थानों पर 112 नंबर डायल करने तथा जगह-जगह पर




क्यूआर कोड युक्त पोस्टर चिपकाया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि सभी महत्वपूर्ण स्थान में जहां पर बालिग और नाबालिग बच्चियां पढ़ती हैं या पहुंचती हैं ऐसे सभी स्थानों पर जागरूकता के लिए क्यूआर कोड वाली सूचना चिपकायी गई। लापुंग क्षेत्र में भी किसी व्यक्ति को पुलिस सहायता की जरूरत होगी तो 112 नंबर डायल करते ही उसके पास पास पुलिस पहुंच जाएगी। अपराध रोकने, अपराधियों को पकड़ने और आमजन को शीघ्र सहायता के लिए पुलिस के द्वारा 112 नंबर डायल की सुविधा अब लापुंग क्षेत्र में भी चालू कर दिया गया है। साथ ही लापुंग पुलिस ने आज जगह जगह जैसे स्कूल कालेज, व सार्वजनिक स्थानों पर महिला शिकायत पर तत्काल कार्रवाई के लिए क्यूआर कोड भी लगाया। जिसपर स्कैन करके अब अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## एक नजर

### भामाशाह स्कूल में श्री कृष्ण रूप सह सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बरही ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कृष्ण सज्जा सह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे कक्षा अरुण से तृतीय तक के भैया बहनों ने माखन चोर बनकर आगंतुक अभिभावकों का दिल चुरा लिया. इसके साथ ही कक्षा चतुर्थ से दशम तक के भैया बहनों ने के बीच विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसके तहत नर्सरी से प्रथम कक्षा में तक राधा कृष्ण रूप सज्जा, कक्षा 2 और 3 के लिए प्लेट और कलश सज्जा, कक्षा 4 और 5 के लिए मुकुट, बांसुरी और डांडिया सज्जा, कक्षा 6, 7 और 8 के लिए चार्ट पेपर पर बड़ा मोर पंख, मूर्ति कला या श्री कृष्ण से संबंधित पोस्टर सज्जा तथा कक्षा 9 और 10 के लिए महाभारत का पात्र, झूला सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

### बरही के देवचन्दा मोड़ स्थित प्रज्ञा केंद्र में हुई चोरी

**बरही।** देवचंदा मोड़ स्थित प्रज्ञा केंद्र में चोरी की घटना सामने आई है. संचालक रंजीत कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि वह अपने सेंटर बंद करके घर चला गया था. शनिवार की सुबह जब वह अपने केंद्र पहुंचा तो सेंटर के शटर का ताला टूटा हुआ पाया. केंद्र के अंदर आने पर गल्ला टूटा हुआ था, सभी कागजात तीतर बितर किए हुए थे. साथ ही गल्ला में रखा हुआ नकद 15 हजार रुपए गायब थे. तत्काल इसकी सूचना बरही पुलिस को दी गई. पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया. इस संबंध में संचालक ने बरही थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देते हुए उचित कारवाई की मांग किया है.

### फसल बीमा को लेकर प्रखंड मुख्यालय सभागार में बैठक आयोजित

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में फसल बीमा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी कारु राम ने सभी किसानों को जागरूक करते हुए खेतों में लगी मक्का और धान की फसल बीमा कराने की अपील की । उन्होंने बताया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक है, जिसके लिए किसानों को बीमा कराने के लिए जरूरी कागजात आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन का करंट रसीद, वंशावली, मुखिया का हस्ताक्षर,मोबाइल नंबर देना आवश्यक है। बताया कि बीमा की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। किसानों को समय रहते अपनी फसल बीमा कराने का आग्राह किया है। ताकि वे किसी भी प्राकृतिक आपदा या अन्य जोखिम से सुरक्षित रह सके। वहीं बीईओ अशोक ठाकुर ने किसानों से समय पुर्व बीमा कराने की अपील की है। कहा किसी भी प्रज्ञा केंद्र, साईबर कैफे से आनलाइन बीमा करावा सकते हैं।



# श्री कृष्ण और राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र बने छोटे-छोटे बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को जन्माष्टमी के पूर्व राधा- कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शिशु वाटिका के नन्हें- मुन्ने भैया-बहनों ने श्रीकृष्ण एवं राधा के रूप में बड़े मनमोहक एवं आकर्षक लग रहे थे।जहाँ बच्चे अपना-अपना मनमोहक कला कि प्रस्तुति की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्हें- नन्हें बच्चों ने राधा- कृष्ण के रूप में विद्यालय सज- धज कर पहुंचे जहां बच्चों ने एक से बढ़कर एक रूप सज्जा प्रतियोगिता में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनमोहक कला एवं नृत्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमरदीप नाथ शाहदेव ने कहा कि बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के बताएं मार्गों पर चलने की आवश्यकता है, जिससे हमारा मानव जीवन सफल एवं उत्कृष्ट हो जाए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन एवं बाल लीलाओं से परिचय कराना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशु वाटिका प्रमुख आचार्या अमृता चौधरी,ललिता गिरी, पूनम सिंह,रानी कुमारी सहित नन्हें-मुन्ने बच्चों की माताएं एवं अभिभावक की सक्रिय एवं उत्साहजनक भूमिका रही।

भाजपा नेता ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रुबरु

# आपके सुख-दुख में सदैव रहूंगा साथ : प्रदीप प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** समाजसेवी सह भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने ग्राम सलगावां के शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने उनके द्वारा विगत कई वर्षों से किये जा रहे समाजिक कार्यों की सराना की। कई ग्रामीणों ने उनके द्वारा सदर अस्पताल में उपलब्ध कराए गये रक्त, एंटी-रेबीज सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं के प्रति अभार जताया। ग्रामीणों ने अगामी विधान सभा चुनाव में उम्मीदवार बनने पर पुरा समर्थन का भरोषा जताया। मौके पर भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मैं पिछले 14-15 वर्षों से जनता की सेवा में जुटा हूं। मैंने पिछले 2014 में स्वतंत्र रूप से सदर विधानसभा का चुनाव लड़ा। जिसमें जनता का जो समर्थन, आशीर्वाद और प्यार मिला उसे मैं कभी भूल नहीं सकता हूं। मैं जनता की हर समस्याओं का समाधान का प्रयास के साथ-साथ उनके हर सुख-दुःख में सदैव साथ रहने का वादा करता हूं।

नगर परिषद कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

# नगर परिषद गरीबों के लिए शीघ्र दुकान आवंटित करे : पंकज




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के बैनर तले 24 अहस्ट शनिवार को विभिन्न जन कल्याणकारी मांगों को लेकर व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए नगर परिषद कार्यालय रामगढ़ के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष देवानन्द महतो की अध्यक्षता तथा संजीव साहू के संचालन में आयोजित किया गया। इस धरना प्रदर्शन मे मुख्य रूप से केन्द्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। इस इस धरना प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष पंकज महतो का महत्वपूर्ण योगदान है। धरना प्रदर्शन के माध्यम से रामगढ़ नगर परिषद व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के समीप निर्मित दुकान बनकर तैयार है लेकिन अभी तक आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। जितने लोग पूर्व में झोपड़ीनुमा दुकान चलाकर जीविकोपार्जन चलाते थे, उनके समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि गनर परिषद गरीबों के लिए शीघ्र दुकान आवंटन करें। नवनिर्मित दुकानों का आवंटन शीघ्र, होल्डिंग टैक्स को कम करने, फसल बीमा का लाभ देने तथा आम जनों तक की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

स्कूल के बंद रास्ते को लेकर ग्रामीणों व दूसरे पक्ष के बीच पथराव

# आधा दर्जन से अधिक विद्यार्थी हुए घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय कोनहराकला का रास्ता बंद हो जाने के कारण छात्र छात्राओं ने शनिवार को सड़क पर ही असेंबली किया तथा सड़क पर ही बैठ गए। विदित हो कि स्कूल रास्ते को लेकर बच्चों के अभिभावकों एवं स्थानीय इसराइल मियां के साथ विवाद चली आ रही है। इस संबंध में ग्रामीणों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई बार बैठक भी की गई ताकि मामला का समाधान हो। लेकिन अधिकारियों के द्वारा सिर्फ आश्वाशन मिला है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल रास्ते को लेकर सभी को अपना अपना रैयती जमीन थोड़ा थोड़ा जाने के लिए छोड़ा गया हैं। परंतु इसराइल मियां पिता रहीम मियां ने जबरन कब्जा कर रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि भूमि मापी को लेकर अधिकारियों को आवेदन दिया हूं। परंतु अधिकारियों ने अब तक सिर्फ आश्वाशन दिया है। जिसका नतीजा नन्हे नन्हें बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। तत्पश्चात प्रधानाध्यापिका चंपा कुमारी ने पठन पाठन सड़क पर ही शुरू कर दी। जिसके बाद एक समुदाय के द्वारा पत्थरबाजी शुरू कर दी गई। इस घटना में आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। घटना में अमन यादव 9वर्ष पिता किशुन यादव, तनवीर आलम 11 वर्ष पिता ताज अंसारी, तनवीर अंसारी 10वर्ष, फरीद रजक 11वर्ष पिता फारुक अंसारी, सोनू यादव 11वर्ष बासुदेव यादव, अमन पाण्डेय 18वर्ष पिता अशोक पांडेय सभी ग्राम कोनहारा कला निवासी शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने घायल बच्चों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल के रास्ते में रखे ईट को हटा दिया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते को लेकर अधिकारियों को आवेदन दिया हूं।

## न्यूज बॉक्स

### विद्युत चोरी के आरोप में 16 व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापामारी अभियान चलाया। अभियान में कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद व अन्य विद्युत कर्मी शामिल थे। इस निमित उमा रविदास, भिखारी रविदास, चेतलाल रविदास, संतोष रविदास, भुवनेश्वर महतो सभी पेसरा निवासी, जयप्रकाश चौधरी, कमलेश कुमार पचफेडी चौक, लखन सिंह, छोटेलाल यादव किमनियाँ बिसा मोड़, इम्तियाज अली नया खाप बरवां तथा बिनोद भुइयां, राजू भुइयां, भुजन राणा, तोखी भुइयां, प्रयाग यादव, रामचंद्र यादव सभी बरवां निवासी को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। इस सबंध में कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दे कर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमे उन्होंने कहा है की बिजली बिल बकाया, पोल से टोका लगाकर अतिरिक्त फेज खिंचकर विद्युत उर्जा चोरी करते हुए उक्त लोग पकडे गए हैं।

### भाजपा नेत्री ने शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात, दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री और समाजसेवी शेफाली गुप्ता ने हाल ही में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा अंतर्गत बरगड्डा पंचायत के सारूगारू और बहिमर गांवों का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने स्व. अर्जुन सिंह, जो एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी थे, और स्व. देवशरण पांडेय, जो उरिमारी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक थे, को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा, शेफाली गुप्ता ने हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए भोला शंकर सिंह के परिवार से भी मुलाकात की और उन्हें अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने चरका राम के परिवार से भी मिलकर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया। शेफाली गुप्ता ने इस दौरान कहा, मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिवारों को धैर्य प्रदान करें। समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन दुखद क्षणों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहें। उन्होंने समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि वह हमेशा लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहेंगी। ओम शांति।

### जल्द से जल्द स्थानीय नीति की घोषणा करे सरकार: खतियानी परिवार



**हजारीबाग।** खतियानी परिवार की एक बैठक जिला अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में पुराना धरना स्थल के नजदीक शनिवार को की गई।बैठक में कई मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किया गया।सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार आरक्षण में वर्गीकरण कर लोगों को गुमराह कर रही है जिसका खतियानी परिवार विरोध करती है,एवं हेमंत सरकार से मांग करती है कि सर्वप्रथम झारखंड में स्थानीय नीति को परिभाषित किया जाए जिससे खतियानी लोगो को सरकारी नौकरियों का लाभ मिले। स्थानीय नीति लागू नहीं होने के कारण बाहर के लोग लाभ ले रहे हैं और स्थानीय लोग वंचित रह जा रहे हैं।बैठक में बाबू भाई विद्रोही, रामावतार भगत, महबूब आलम,मो हकीम, मो नसीरुद्दीन,नंदलाल साहू, विजय मिश्रा महेश विश्वकर्मा, बोधी साहब, सुरेश महतो, अमर कुमार, प्रदीप कुमार मेहता, शंभू ठाकुर, सीता देवी समेतअन्य साथी उपस्थित थे।

### अवैध वसूली के खिलाफ ट्रैक्टर मालिक गये हड़ताल पर, हर महीने वसूला जाता है निश्चित रकम

**दारु।** दारु थाना क्षेत्र मे बालू के उठाव का मामला काफी गरमाया हुआ है। नदी घाटों से बालू निकालने के एवज मे दारु थाना पुलिस द्वारा एंट्री के नाम पर हर महीने एक निश्चित रकम तीन से चार हजार प्रतिमाह लेने का आरोप ट्रेक्टर मालिक लगा रहे है। ट्रेक्टर मालिकों का कहना है कि एंट्री की रकम नही देने पर उनकी गाडी पकड़ ली जाती है उसके बाद छोड़ने के एवज मे 30 से 50 हजार रुपैये की मांग की जाती है पैसा नही देने पर उनपर मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। थाना मे एंट्री यदि दिया गया है तो अंचलाधिकारी जांच करने निकलते है और पकड़े जाने पर मोटी रकम लेकर तब छोड़ते है। गुरुवा औ शुक्रवार को कवालू से दो और हरली से एक ट्रेक्टर अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने पकड़ा जिन्हे मोटी रकम लेकर मौके से ही छोड़ दिया गया। इस तरह प्रशाशन की दोहरी मार के कारण वे सभी त्रस्त है और वे हड़ताल पर जाने को मजबूर है।दारु प्रखंड अंतर्गत लगभग 200 ट्रेक्टर शनिवार से खड़े हो गये जिस कारण ट्रेक्टर चालक और मजदूरों के बीच आने वाले दिनों मे भुखमरी की स्तिथि पैदा हो सकती है।

कोयला आधारित उद्योगों में आर्थिक विविधीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित अधिकारियों के साथ डीएसपी ने की महत्वपूर्ण चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कोयला आधारित उद्योगों में आर्थिक विविधीकरण को लेकर शनिवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में स्वनीति इनीशिएटिव एवं डिजिटल एंपावरमेंट फाऊंडेशन द्वारा प्री रिपोर्ट कंसल्टेशन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा सहित जिले के अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान स्वनीति इनीशिएटिव से ऋषि किशोर एवं दीक्षा पांडे द्वारा रामगढ़ जिले में कोयले पर निर्भरता को कम करने, कोल आधारित परियोजनाओं में आर्थिक विविधीकरण यथा खनिज प्रभावित क्षेत्रों में नए उद्योग जैसे फूड प्रोसेसिंग, मैन्युफैक्चरिंग, मत्स्य पालन, कृषि तथा पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों के विकास को लेकर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए केस स्टडीज एवं रामगढ़ जिले के दृष्टिकोण से कोयले पर निर्भरता को कम करने को लेकर तैयार किए गए रिपोर्ट से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन दी गई। कार्यशाला के दौरान रामगढ़ जिले में कोल निर्भरता को कम करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। कार्यशाला में स्वनीति इनीशिएटिव की ट्रस्टी उमा भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण दिया व प्रबंधक डिजिटल एंपावरमेंट फाऊंडेशन अर्पिता कांजीलाल ने विषय प्रवेश किया। कार्यशाला के दौरान स्वनीति से फील्ड स्पेशलिस्ट कुमार सत्येंद्र सिंह, सुरेश राम, डिजिटल एंपावरमेंट फाऊंडेशन से शहनाज, जिले के विभिन्न कल उद्योगों, सीसीएल, टाटा स्टील आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

विद्या मंदिर में श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कान्हा और राधा का रूप धारण कर लोगों का मोहा मन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ' कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित, माता सरस्वती पूजन एवं पुष्पर्चन विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह एवं सचिव डॉ जयप्रकाश रविदास के द्वारा हुआ।प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा अरुण से द्वितीय कक्षा के भैया- बहनों ने भाग लिया। भैया- बहनों ने श्री कृष्ण का बंसी बजाते हुए, माखन खाते हुए एवं राधा जी का मनमोहक रूप धारण कर दर्शकों एवं श्रोताओं को खूब लुभाया। बच्चों ने नन्हे -मुन्ने कान्हा और राधा के रूप में ईश्वर का दर्शन दर्शकों एवं श्रोताओं को कराया। भैया -बहनों ने श्री कृष्ण और राधा जी का मनमोहक एवं मनभावन प्रदर्शन किया। मौके पर विद्यालय के सचिव, डॉ जयप्रकाश रविदास ने ने कहा बाल रूप में नन्हे-मुन्ने भैया- बहनों ने श्री कृष्ण और राधा जी के रूप में हम सभी को ईश्वर का साक्षात दर्शन कराया है।

रमेश ने जेएलकेएम का मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर जताया आभार

# संगठन के कार्यों में खरा उतरने का प्रयास करूंगा



*मैं सदैव पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ संगठन को आगे बढ़ाने के लिए काम करता रहूंगा और संगठन को हर स्तर पर मजबूत बनाने में जुटा रहूंगा।*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेएलकेएम / जेबीकेएसएस) के केन्द्रीय अध्यक्षक टाइगर जयराम महतो, शीर्ष नेतृत्व, जिला अध्यक्ष देवानन्द कुमार ने मुझ पर विश्वास जताने के लिए और मुझे पुनः जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह बात शनिवार को जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर रमेश कुमार महतो ने कही। उन्होंने कहा कि मैं सदैव अपनी पूरी निष्ठा, ईमानदारी व लगन के साथ संगठन के हित के लिए कार्य करुंगा तथा उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा। टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा तथा सभी संप्रदाय के लोगों को संगठित कर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा को सुदृढ़, मजबूत एवं सशक्त संगठन बनाने में अहम भूमिका निभाऊंगा। रमेश कुमार महतो को जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर रवि कुमार महतो, राजेंद्र बेदिया, पवन महतो, गिरी शंकर महतो, बिहारी महतो, रमेंद्र महतो, करण महतो, दीपक महतो, प्रभु दयाल महतो, लीलावती महतो, रूपा महतो, संतोष महथा, भवानी महतो, दीपक महतो, कुलदीप महतो, डब्लू महतो, नीतीश कुमार महतो सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने किया साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत शिलाडीह के ग्राम लेवड़ा में साप्ताहिक बाजार(शनिवार) का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि साप्ताहिक बाजार लगने से स्थानीय किसानों को लाभ होगा। अपने साग सब्जी समेत अन्य सामानो की खरीद बिक्री कर लाभ कमा सकते हैं। मौके पर मुखिया निजाम अंसारी, शंकर रविदास, उपमुखिया विजय प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, संतोष शर्मा, पूर्व मुखिया सरयू प्रसाद यादव, दशरथ यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, पूर्व पंसस द्वारिकानाथ पासवान, रमेशचंद्र यादव, नसीम अंसारी, फरीद अंसारी, श्यामसुद्दीन अंसारी, महादेव यादव, राजेन्द्र पासवान, सरयू राणा, इंद्रदेव पासवान, यासीन अंसारी समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रशासन की कार्यकर्ताओं पर बर्बरता पूर्ण कार्रवाई दुभाग्र्यपूर्ण : टोनी जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा टोनी जैन ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आहूत आक्रोश रैली को जिस प्रकार झारखंड सरकार प्रशासन ने रोकने का प्रयास किया। वह पूरी तरह विफल हुए ,कार्यकर्ता अपने दमखम के साथ मोराबादी मैदान पहुंचे और आक्रोश रैली सभा को पुरी तरीके से सफल बनाया। आने वाले समय में झारखंड की हेमंत सरकार झारखंड में युवाओं को ठगने का काम किया। महिलाओं के आत्मसम्मान, इज्जत, आबरू को रोकने में पूरी तरीके से विफल रही। लगातार अपराधिक घटना में झारखंड की वृद्धि यह बता रही है, यह सरकार हर तंत्र में पूरी तरीके से फेल है ,जल्दी यह झारखंड से विदाई लेने वाली है ।मोराबादी मैदान में भारतीय जनता पार्टी के सभी दिग्गज नेता कार्यकर्ता और युवा ने अपनी उपस्थिति दिखाकर झारखंड सरकार को यह बता दिया ,कि अब आपकी विदाई का दिन आ गया है। जलियांवाला बाग अंग्रेज द्वारा किया गया कांड को आपने फिर से झारखंड में उतारने का प्रयास किया। कार्यकर्ता बस को पुलिस प्रशासन द्वारा रोकने का प्रयास किया, ताकि वह मोराबादी मैदान ना पहुंच पाए। मोराबादी मैदान आए भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता और नेताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी सभा को संचालित किया। सभा में हजारीबाग से जिला महामंत्री सुमन कुमार, वरिष्ठ नेता केपी ओझा, सोनू गुप्ता, निर्मल कुमार साहू , गणेश यादव, उदयभान नारायण सिंह, अधिराज नारायण सिंह, आशीष सोनी, विकास सिंहा, भईया अभिमन्यु प्रसाद ,मूलचंद साहू, विशाल वाल्मीकि कुंवर मनोज सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## एक नजर

### बोलबा प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक जारी कई घरों को उजाड़ा



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के विभिन क्षेत्रों में जंगली हाथियों का आतंक जारी है।शनिवार को हांथीयों द्वारा कई घरों को उजाड़ कर घर में रखे अनाज को खा गए। जानकारी के मुताबिक प्रखण्ड के कुंदुरमुण्डा माधो टाँड़ में कृष्णा बेसरा, अवगा बनटोली में अर्जुन माँझी एवं जगेश्वर माँझी के घर को हांथीयों ने उजाड़ दिया साथ ही घर मे रखे धान, चावल, गेहूं एवं अन्य खाद्य सामग्री सहित सारा अनाज को खा गए । हांथीयों के उत्पात से ग्रामीण दहशत में हैं और रतजगा कर रहे है। वहीं वन कर्मियों के हड़ताल पर जाने से ग्रामीणों की समस्याएं और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने हाथी भगाने के लिए टॉर्च, फटाखे, जुट, मशाल, किरासन तेल, मोबिल आदि गांवों में वितरण करने की मांग किया है ।

### जम्बुतवी संबलपुर एक्सप्रेस से यात्री गिरकर हुआ घायल

**जलडेगा।** हटिया, ओड़गा रेलखण्ड के कनारोआ , टाटी स्टेशन के बीच पोल संख्या 526/18 के पास जम्बुतवी ,संबलुपर एक्सप्रेस से गिर कर एक यात्री घायल हो गया। इस दौरान ओड़गा स्टेशन का निरीक्षण कर लौट रहे रांची रेल मंडल मंडल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा को जानकारी मिलने पर अपने निरीक्षण ट्रेन से बानो रेलवे स्वास्थ्य केंद्र लाकर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सम्बलपुर ,जम्बुतवी से रांची भेजवा दिया गया।

### संत मोनिका पर्व की तैयारी को लेकर सोगड़ा चर्च में बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** सोगड़ा चर्च परिसर में शनिवार को सन्त मोनिका पर्व को लेकर तैयारी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंडरीपानी चर्च के पल्ली पुरहोती फा पौल तिर्की ने किया। बैठक में जिप सदस्य सह काथलिक महिला संघ की सभा नेत्री जोसिमा खाखा भी उपस्थिति थी। फा पौल तिर्की ने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है। हमे सभी को मिलकर संत मोनिका पर्व को भव्य बनाना है। इसके लिए सभी लोग बढ़ चढ़ कर सहयोग करें। उन्होंने लोगों के सामने ईश्वर की महिमा का भी गुणगान किया। साथ ही ईशा मसीह के बताए मार्गों का अनुशरण करने की अपील की। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि संत मोनिका के जीवन से सभी माताओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है।

### केरसई प्रखंड कार्यालय में 80 बच्चों के बीच हुआ साईकल का वितरण

**केरसई।** शनिवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय केरसई परिसर में कल्याण विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के सभी सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क साईकिल वितरण करने की शुरूआत की गई।शनिवार को 80 बच्चों के बीच साईकिल वितरित किया गया।वहीं बाकी साईकलों का वितरण आगामी दिनों में किये जाने की बात कही गई।

# जर्जर पड़े अल्पसंख्यक विद्यालयों को बेहतर बनाने का होगा प्रयास : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड के केरेया पंचायत के गिरजाटोली में अल्पसंख्यक विद्यालय का विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने निरीक्षण किया। उक्त विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति को देख विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने जल्द आईटीडीए के माध्यम से इसका जीर्णोद्धार कराने का आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी को बताया कि उक्त भवन का निर्माण कार्य करा रहे संवेदक द्वारा आधा-अधूरा कराया गया था, न तो विद्यालय भवन में दरवाजा, खिड़की लगाए गए थे।इसके अलावा भी अन्य कई कार्य को लम्बित छोड़ दिया गया था। शिक्षकों ने बताया कि भवन के अभाव के कारण जर्जर भवन में ही शिक्षक शिक्षण कार्य कराने को विवश है। इससे विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी खास कर बरसात में खासी समस्या झेलनी होती है। विधायक ने कहा भाजपा समर्थित सरकारों ने झारखंड राज्य में अल्पसंख्यक विद्यालय को बर्बाद करने की मंशा से कई तरह के बंदिशें लगाई गई थी, जिसे उनकी महागठबंधन की सरकार ने हटाकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का दीप जले यह प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द विधानसभा क्षेत्र के जर्जर पड़े अल्पसंख्यक विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए वे हर सम्भव प्रयास करेंगे। इस मौके पर विधायक के साथ अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

### हाथी प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का विधायक ने किया दौरा

# हाथियों के आतंक से बचने के लिए टॉर्च और पटाखे का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड अंतर्गत केरेया पंचायत के ढूमाडांड चाकोरबेड़ा पंगिनपहर डांगटोली गांव में एक अकेला झुंड से बिछड़ हुआ हाथी आ धमका है।हांथी द्वारा गांव के जीवंती बागे, तेतेन कांडुलना, धर्मदास कांडूलना, सेवादित बागे, आसियान बागे के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे अनाजों को खा गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को दिया तत्पश्चात विधायक ने शनिवार को गांव का दौरा करते हुए 25 ,25 केजी चावल सभी परिवार को दिया एवं सरकार के द्वारा मिलने वाला मुआवजा जल्द से जल्द दिलाने का आश्वाशन दिया।साथ ही विधायक ने गांव वालों के बीच में हाथी से बचने के लिए टॉर्च और पटाखे का वितरण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि अगर वन विभाग के अधिकारी सूचना के उपरांत लापरवाही बरतते है तो इसकी सुचना भी मुझे दें ,ताकि उन पर भी कार्रवाई किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार से हाथियों के आतंक से बचाने के लिए स्थायी समाधान कराने की भी मांग उनके द्वारा की गई है।मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष रॉवेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, प्रखण्ड अध्यक्ष अशफाक आलम प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, पंचायत समिति सदस्य मनोहर बागे,जॉन लुगुन, कोषाध्यक्ष कय्यूम आलम, जेम्स कांडूलना, मोहम्मद राजा, विल्सन, अनिल आदि उपस्थित थे।

### मनरेगाकर्मियों की मांग पर अविलंब सहानुभूतिपूर्वक विचार करें सरकार : नील जस्टिन



**सिमडेगा।** झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं ने मनरेगा कर्मियों का 20 से भी ज्यादा दिनों से चल रही धरना कार्यक्रम को समर्थन देने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।मौके पर सभी ने सरकार से मांग की है कि मनरेगा कर्मियों द्वारा प्रस्तावित मांगों पर अनुभूति पूर्वक विचार करते हुए उनकी मांगों को पूर्ण किया जाये। हड़ताल कार्यक्रम को समर्थन करने पहुंचे दल के केंद्रीय नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा है कि मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर जाने से मनरेगा की योजना तो प्रभावित हो ही रही है। वहीं हड़ताल से मनरेगा मजदूरों पर भी असर पड़ रहा है, उनकी मांग जायज है । सरकार को जल्द से जल्द मांगों को पूर्ण करने पर विचार करना चाहिए।

### स्थगित हुई चौकीदार नियुक्ति के लिए शारीरिक जांच

## उत्पाद सिपाही बहाली को देखते हुए विधायक ने की थी तिथि में फेरबदल करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर प्रशासन ने चौकीदार नियुक्ति हेतु होने वाले शारीरिक जांच की तिथि को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। साथ ही शारीरिक जांच की अगली तिथि निर्धारित वेबसाईट में अथवा अखबारों के माध्यम से सूचना देने की जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि विधायक भूषण बाड़ा ने जिले में चौकीदार बहाली हेतु होने वाले दौड़ एवं शारीरिक जांच प्रक्रिया की तिथि में फेरबदल करने की 22 अगस्त की रात को ही मांग की थी। विधायक ने बताया था कि जिले में चौकीदार पद हेतु चल रहे नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 27 एवं 28 अगस्त को दौड़ एवं शारीरिक जांच प्रक्रिया की तिथि निर्धारित किया गया है। जबकि राज्य सरकार द्वारा आयोजित उत्पाद बहाली प्रक्रिया हेतु दौड़ का आयोजन भी 20 अगस्त से लेकर 9 सितंबर तक निर्धारित है। जिसमे भी जिले के हजारों युवा भाग लेने वाले हैं। लेकिन जिले में भी इसी तिथि के बीच चौकीदार बहाली हेतु दौड़ का आयोजन किये जाने से हजारों युवा काफी चिंतित है। साथ ही ये युवा किसी एक प्रक्रिया में वंचित हो सकते हैं। ऐसे में जिले में होने वाले चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत होने वाली दौड़ एवं शारीरिक जांच प्रक्रिया की तिथि में फेर बदल बहुत जरूरी है। इस संबंध में विधायक डीसी एवं एसपी से भी दूरभाष के माध्यम से बात कर फेरबदल करवाने की मांग की थी। इधर शरीरिक जांच की तिथि स्थागित किए जाने पर युवाओं ने विधायक के साथ प्रशासन के प्रति भी अभार जताया है।

### रोमांचक मुकाबले में 1-0 से जराकेल सनराइजर्स की टीम बनी चैंपियन

## खेल के विकास और खिलाड़ियों को सुविधा देने का काम करेगी झापा : एनोस एक्का



**कोलेबिरा।** लचरागढ़ ईंद टांड़ मैदान में आयोजित तीन दिवसीय शहिद नकुल सिंह स्मृति फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय वीर शहिद नकुल सिंह की स्मृति पर फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।समापन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुकर सिंह शामिल हुए।मौके पर अतिथियों के द्वारा शहीद के फोटो पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया गया। फाइनल मैच मामा क्लब बानो और सनराइजर्स जराकेल के बीच खेला गया।जहां रोमांचक मुकाबले में 1-0 से जराकेल सनराइजर्स की टीम ने जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया।खेल प्रतियोगिता में विजेता जराकेल सनराइजर्स उपविजेता मामा क्लब बानो, तृतीय पबुड़ा और चतुर्थ पतिअंबा की टीम बनी विजेता एवं विजेता टीम को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा की खेल के विकास और खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा देने के लिए झारखंड पार्टी हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें।



### पल्स पोलियो अभियान को लेकर छात्रों ने निकाली रैली

**कुरडेग।** आज से शुरू होने जा रहे तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रा० म० विद्यालय घाघमुण्डा , कुरडेग के छात्र - छात्राओं ने कुरडेग के मुख्य पथ और गली मुहल्लों में जागरुकता रैली निकाली।छात्रों द्वारा सुरक्षा चक्र टुटे ना एक भी बच्चा छुटे ना , देश को बचाना है पोलियो को भगाना है , दो बुंद की शक्ति पोलियो से मुक्ति जैसे स्लोगन का उच्चारण किया जा रहा था। इस दौरान जगह जगह लोगों को रविवार से शुरू होने जा रहे तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की जानकारी दी जा रही थी। शिक्षकों के साथ स्वास्थ विभाग के कर्मी अभिभावकों को बता रहे थे कि स्वास्थ विभाग के द्वारा गाँव में विभिन्न स्थानो पर पोलियो की दवा पिलाने के लिए बुथ स्थापित किए जाएंगे। इन बुथों पर आप अपने पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए अवश्य पहुंचे। साथ ही उन्होने कहा कि चाहे किसी बच्चे ने पहले भी दवा क्यों न ली हुई हो मगर पोलियो की दो बुंदे अवश्य पिलानी है। वहीं मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ० दिलीप कुमार बेहरा ने कहा कि पोलियो एक संक्रामक रोग है जो वायरस के कारण होता है। पोलियो दुषित पानी या भोजन या किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से फैलता है। यही पक्षाघात का कारण भी बनता है। उन्होने लोगों से अपिल करते हुए कहा कि अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलायें।

# एसके स्पोर्ट्स क्लब ने डायमंड फुटबॉल क्लब को 3-1 से किया पराजित



**ठेठईटांगर।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सीजन 3 प्रखंड मैदान में खेले जा रहे टूनार्मेंट के चौथे दिन एसके स्पोर्ट्स डिबडिह रांची झारखंड बनाम डायमंड फुटबॉल क्लब बीरमित्रापुर उड़ीसा के बीच खेला गया। 35-35 मिनट के मुकाबले में एसके स्पोर्ट्स फुटबॉल क्लब डिबडिह रांची झारखंड कि टिम ने डायमंड फुटबॉल क्लब बीरमित्रापुर उड़ीसा को 3-1 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। खेल के मुख्य अतिथि मोहम्मद कलामुद्दीन उर्फ कमाल खान राशन डीलर एवं किराना के थोक एवं खुदरा विक्रेता ठेठईटाँगर थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कमालुद्दीन उर्फ कमाल खान को समिति के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम एवं समिति के सदस्य पिंटू कुमार के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया । मुख्य अतिथि मोहम्मद कामालुद्दीन उर्फ कमाल एवं मोहम्मद कारू मोहम्मद वाहिद पिंटू कुमार के द्वारा दोनों टीमो से परिचय प्राप्त कर टूनार्मेंट की शुरूआत की गई।खेल को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहम्मद कयूम आलम एवं खेल समिति के सदस्य लगे हुए हैं।अंपायर की भूमिका रांची से आये विक्रम उरांव ,राजेंद्र कच्छप ,छोटू मुंडा ने निभाई।वहीं बताया गया कि आज दो मैच खेले जाएंगे।पहला मैच टाइगर फुटबॉल क्लब सिमडेगा झारखंड बनाम राइजिंग स्टार फुटबॉल क्लब बेलपहाड़ उड़ीसा के बीच 12 बजे से खेला जाएगा एवं दूसरा मैच न्यू स्टार एफसी ठेडईटाँगर बनाम एफसी फुटबॉल क्लब उड़ीसा के बीच 3:00 बजे खेला जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच चूजे का वितरण



**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड सरकार पशुपालन विभाग प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय कोलेबिरा कार्यालय में आईटीडीए कल्याण विभाग द्वारा दो लाभुकों लेनी प्रतिमा कुल्लू,पति अनिल कुल्लू कोंडेकेरा शाहपुर और आशिक धनवार पिता शुशील धनवार अघरमा पहाड़टोली के बीच संस्था अमर जागृति फाउंडेशन के द्वारा 500/500 चूजा का वितरण किया गया साथ ही लाभुकों के बीच चूजे के लिए दो महीने का भोजन,पानी पीने और पानी देने की सामग्री भी उपलब्ध कराया गया है।लाभुकों के बीच चूजा वितरण जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अर्चना मींज, समाजसेवी विनोद कुमार डब्ल्यू,पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कोलेबिरा सुनील खड़िया और अमर जागृति फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट कोओरडीनेटर अमर कुमार पुरी ने सामूहिक रूप से किया।

### बड़काडुईल में भारी बारिश की वजह से मकान ध्वस्त



**बानो।** प्रखण्ड के बड़काडुईल पंचायत के नवागांव सरना टोली निवासी विकास कंडुलना का घर शुक्रवार को लगभग चार बजे बरसात का पानी झेल नही पाया और गिर गया। प्रखण्ड में लगातार बारिश के कारण के कारण मिट्टी के गारे व पत्थर से बना घर बरसात के पानी का नमी नहीं सम्भाल पाया और पूरा घर धारा शायी हो गया। घर के गिरने से घर में रखे अनाज, कपड़ा आदि सामान बर्बाद हो गया। विकास कुमार अपने सात सदस्यों का परिवार के साथ रहता था।अचानक घर के गिर जाने से परिवार के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। कल रात भर दूसरे के घरों में पूरा परिवार विताया। सुबह इसकी जानकारी उप मुखिया सूरज बड़ाईक को मिली तो पीड़ित परिवार वालों से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को कुछ खाद्यान्न आदि देकर सहयोग किया।

### सिमडेगा में विक्षिप्त व्यक्ति ने लोगों पर किया हमला



**सिमडेगा।** सिमडेगा में शनिवार की सुबह एक विक्षिप्त मॉर्निंग वॉक कर रहे हैं लोगों के ऊपर पत्थर चला कर उन्हें घायल करने का प्रयास कर रहा था। लोगों ने इसकी सूचना एसडीओ सुमंत तिर्की को दी। एसडीओ के निर्देश पर सदर पुलिस ने इस विक्षिप्त को पकड़ कर रस्सी से बांधा और सदर अस्पताल पहुंचा दिया। इस विक्षिप्त की पहचान केउंदडीह निवासी अनुज सोरेंग के रूप में हुई। बताया गया कि यह 22 अगस्त को घायल अवस्था में सदर अस्पताल लाया गया था। जहां इसका इलाज चल रहा था। लेकिन यह शुक्रवार की देर रात सदर अस्पताल से हंगामा करके भाग गया था। इसके बाद शनिवार की सुबह ये सामटोली रोड में मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों पर पत्थर चला रहा था फिलहाल इसे सदर अस्पताल में बांध कर रखा गया है, पुलिस ने इसके घर वालों को सूचित कर दिया । इधर एसडीओ ने सही प्रकार की कागजी कार्रवाई करने के पश्चात विक्षिप्त व्यक्ति को रिम्पास रांची के लिए कागज बना दिया। इस बीच उनके परिजन पहुंचे और रिंपास रांची नहीं ले जाने की बात करते हुए विक्षिप्त को अपने साथ घर ले गए।

### कुरडेग में ऑटो पलटने से चालक की हुई मौत



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के हेठमा तेतरटोली के नजदीक कुरडेग-सिमडेगा मुख्य पथ पर ऑटो पलटने से ऑटो चालक की मौत घटना स्थल पर हो गई।जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम 7 बजे सुकरीत मिंज पिता अनतोनी मिंज उम्र 30 वर्ष , निवासी हेठमा गिरजाटोली अपनी ऑटो से किनकेल बाजार गया था।बाजार से लौटने के क्रम में हेठमा तेतरटोली के नजदीक ऑटो अनियंत्रित हो कर पलट गई जिससे ऑटो चालक सुकरीत मिंज ऑटो के नीचे दब गया और मौके पर ही मौत हो गई।घटना के समय टेम्पू में एक सवारी बैठा था मृतक को एम्बुलेस के द्वारा कुरडेग अस्पताल लाया गया इधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नवीन कुमार कुरडेग अस्पताल पहुँच कर शव अपने कब्जे में करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गए इधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया

### ठेठईटांगर के केरेया पंचायत क्षेत्र के हाथी प्राभावित गांव का विधायक ने किया दौरा



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत केरया पंचायत के विभिन्न हाथी प्रभावित क्षेत्रों में कोलेबिरा विधायक ने शुक्रवार की सुबह भ्रमण करते हुए लोगों का हाल-चाल जाना।मौके पर ढूमाडांड ,चाकोरबेड़ा, पंगिनपहार, डांगटोली गांव जाकर ग्रामीणों से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए।ग्रामीणों ने बताया कि एक अकेला झुंड से बिछड़ा हुआ हाथी आ धमका एवं जीवंती बागे, तेतेन कांडुलना , धर्मदास कांडूलना, सेवादित बागे, आसियान बागे के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे अनाजों को खा गया। मौके पर विधायक में तुरंत पीड़ित परिवारों को 25-25 किलो चावल सभी परिवार वालो को दिया एवं सरकार के द्वारा मिलने वाला मुआवजा जल्द से जल्द दिलाने का अवश्वषण दिए। विधायक ने गांव वालों के बीच में हाथी से बचने के लिए टॉर्च और पटाखे का वितरण किया। उन्होंने कहा अगर विभाग के अधिकारी सूचना के उपरांत लापरवाही बरतते है तो इसकी सुचना भी मुझे दें ताकि उन पर भी कार्रवाई किया जा सके। मौके पर मौजूद रॉवेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, अनिल आदि उपस्थित थे।

## सम्मान

### सिमडेगा में किया गया महिला कांग्रेस नारी न्याय सम्मेलन

# नारी को न्याय मां के गर्भ से ही मिलनी चाहिए: डॉ केरकेट्टा



*जब मां के गर्भ से नारी को सम्मान मिलने लगेगा तब नारी न्याय का सपना साकार होगा*

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा नगर भवन में आज सिमडेगा महिला कांग्रेस के द्वारा नारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, राष्ट्रीय पर्यवेक्षक प्रीति उपाध्याय, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शांति बाला केरकेट्टा सहित कई कांग्रेस नेत्री शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम के मंच से नारी न्याय और सम्मान पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में नारी अधिकार पर चर्चा भी की गई। साथ हीं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में नारी न्याय और सम्मान परिचर्चा के दौरान सेवानिवृत महिला चिकित्सक डॉ ओलंपिया केरकेट्टा ने कहा कि आज इस मंच से नारी के साथ न्याय करने और उसको सम्मान देने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा लेकिन नारी न्याय के प्रति समाज की मानसिकता इसके विपरित नजर आती है। आज कई घर की स्त्रियां हीं जब यह जानती है कि उनके घर जन्म लेने वाला बच्चा लड़की है, तो उसे गर्भ में हीं मार दिया जाता है। उन्होंने कहा की इसलिए नारी न्याय की बात हो तो सबसे पहले नारी न्याय की बात नारी को मां के गर्भ से न्याय मिलने से शुरू होनी चाहिए। इसके लिए समाज में बेटी को लेकर जो विकृत मानसिकता बनी है उसमे बदलाव लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब मां के गर्भ से नारी को सम्मान मिलने लगेगा तब नारी न्याय का सपना साकार होगा।

# सिमडेगा जिला हॉकी टीम बनी चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** बिहार रेजीमेंट सेंटर दानापुर कैंट के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 17 से 24 अगस्त 2024 तक बीआरसी दानापुर द्वारा आयोजित डुंगडुंग इंटर क्लब हॉकी चैंपियनशिप 2024 में सिमडेगा जिला के 18 वर्ष से कम उम्र के बालक टीम ने शनिवार को फाइनल मैच में हजारीबाग को 2-1 गोल पराजित कर चैंपियन बनी।सिमडेगा टीम की ओर से क्षितिज बड़ा और अनुकेत केरकेट्टा ने एक एक गोल किए। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से चार टीम गई थी।जिसमें सिमडेगा जिला से 02, खूंटी जिला से एक और हजारीबाग से एक टीम गई थी।शनिवार को रांची और पटना में हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिला टीम अंडर 18 वर्ष की चार टीम फाइनल मैच खेली। जिसमें सिमडेगा जिला की तीन टीम विजेता और एक टीम उपविजेता बनी। सिमडेगा जिला के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर खेल निदेशक संदीप कुमार, जिला के उपायुक्त अजय कुमार सिंह,पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार,खेल हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, उपनिदेशक राजकिशोर खाखा, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, पैंखरासियुस टोप्पो, सुनील तिर्की, कमलेश मांझी, रोहित बेसरा सहित हॉकी सिमडेगा और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## एक नजर

### भाजपा ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**डुमरी।** आक्रोश रैली के दौरान भाजपा कार्यकताओं के उपर झारखंड सरकार द्वारा किये गये कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। डुमरिया बस स्टैंड में मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की गई। मंडल अध्यक्ष किशोर गिरी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने आक्रोश रैली में कार्यकताओं पर जुल्म किया है। झारखंड की जनता इसका जवाब अगले चुनाव में देगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि बसंत मदिना, रमाकांत पानी, दिलीप पंडा, सुखेंदु विकास पानी, बेहुला नायक, सुशील बारिक, वृहस्पति बारिक आदि उपस्थित थे।

### राधा कृष्ण मंदिर का होगा विकासः पुरेंद्र

**अदित्यपुर।** श्रीश्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 6 दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार शाम एसएन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि 26 अगस्त को जन्माष्टमी के दिन शाम से महिला मंडली एवं रामायण मंडली के द्वारा भजन कीर्तन, रात्रि 12:15 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, आरती, सोहर, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। 27 अगस्त को शाम 7:00 बजे मटकाफोड़, 28 अगस्त को भजन, सोहर, कीर्तन, आरती, भागवत कथा के साथ-साथ बाल कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन होगा एवं नन्हे मुन्ने बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### अर्जुन मुंडा ने की थी एनजीटी में शिकायत : डॉ. अजय

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने भुईंयाडीह से सटे इंद्रानगर व कल्याणनगर में अतिक्रमण हटाने के मामले में शुक्रवार को नया दावा किया. उन्होंने कहा कि भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 30 अगस्त 2023 को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की नई दिल्ली पीठ में शिकायत की थी। इसके बाद एनजीटी ने मामले को कोलकाता पीठ को स्थानांतरित कर दिया गया। डॉ। अजय ने कहा कि भाजपा ने शुरू से ही जमशेदपुर के लोगों को ठगने का काम किया है।

### ऑटो स्टैंड का सीमांकन करने गई टीम का विरोध

**बोकारो।** रेलवे स्टेशन पर पार्सल के समीप वाहनों की पार्किंग के लिए नया स्टैंड बनाया गया है. यह रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट से थोड़ी दूरी प है। इससे स्टैंड का ठेकेदार नाराज था। उसका कहना था कि स्टेशन से पार्किंग स्टैंड दिख ही नहीं रहा। अंततः शुक्रवार को कार स्टैंड सिफ्ट कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों की टीम शनिवार को ऑटो स्टैंड का सीमांकन करने के लिए पहुंची। बोकारो ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष संजय यादव सहित अन्य सदस्यों ने सीमांकन का जोरदार विरोध किया और रेलवे अधिकारियों को लकीर खींचने नहीं दिया।

# मैंने जिस संगठन को खून से सींचा उसने वो सम्मान नहीं दिया : चंपाई सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने एक बार फिर दिल का दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि जिस संगठन को अपने खून पसीने से सींचा उस पार्टी ने वो सम्मान नहीं दिया। इसलिए अब नया इतिहास लिखने निकला हूं। आपका समर्थन देख ऐसा लगने लगा है कि नया इतिहस पर अब विराम लगने का वक्त आ गया है। हमने टाटा जैसी कंपनी से लोहा लिया। जादूगोड़ा माइंस को लेकर यहां के आदिवासी-मूलवासियों के हक की लड़ाई लड़ी। अलग झारखंड राज्य के लिए महीनों परिवार की चिंता छोड़ दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ जंगल-जंगल भटकता रहा।

चंपाई शनिवार को सरायकेला में जनसभा संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे कैसे बड़े हुए मैंने नहीं देखा। झारखंड अलग राज्य मिलने के 24 साल बाद अब नया अध्याय लिखने की घोषणा की है। मुझे पूर्ण विश्वस है कि आपका प्यार पूर्व की भांति मिलता रहेगा। भरोसा दिलाता हूं कि कभी आपकी आवाज को दबने नहीं दूंगा। गरीब, आदिवासी-मूलवासी, किसान, विद्यार्थी, युवा सभी को उनका अधिकार दिलाऊंगा। पांच महीने के छोटे से कार्यकाल में मैंने जो काम किया वह आईने की तरह साफ है। उन्होंने कहा कि अब मुझे यदि आपका प्यार इसी तरह मिलता रहा तो झारखंड को देश के सबसे विकसित राज्य की श्रेणी में अग्रिम पंक्ति पर लाकर खड़ा कर दूंगा। क्योंकि, मुझे यहां की भौगोलिक स्थिति की जानकारी है।

### डीवीसी चंद्रपुरा में गड़बड़ी से बिजली गुल गोमो में ब्लैकआउट



**धनबाद।** डीवीसी की बिजली सप्लाई यूनिट में शनिवार को दोपहर बाद करीब 3 बजे अचानक गड़बड़ी आ गई। इसकी वजह से गोमो व आसपास के ग्रामीण इलाकों में बिजली गुल हो गई। इसके चलते पूरे क्षेत्र में देर रात तक ब्लैकआउट की स्थिति रही। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि डीवीसी चंद्रपुरा में गड़बड़ी होने के कारण दुग्दा सबस्टेशन को बिजली आपूर्ति बंद होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। क्योंकि दुग्दा सब स्टेशन से 33/11 केवी लाइन गोमो फिडर को मिलती है। अधिकिरयों ने कहा कि गड़बड़ी दूर करने का प्रयास जारी है। उन्होंने डीवीसी चंद्रपुरा में गड़बड़ी ठीक होने पर रात 12 के बाद ही बिजली बहाल होने की संभावना है। बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

# अत्याधुनिक आईटी उपकरणों से लैस है कमांड कंट्रोल सेंटरः सुनील कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुनील कुमार ने कहा है कि स्मार्ट सिटी का कमांड कंट्रोल सेंटर अत्याधुनिक आईटी उपकरणों से लैस है। इसमें मैनुअल इन्टरवेंशन न के बराबर है। इसलिए इसका अधिक से अधिक उपयोग कैसे हो, इस ओर पदाधिकारी ध्यान दें।

कुमार ने यह बात शनिवार को रांची स्मार्ट सिटी एबीडी क्षेत्र के जुपमी भवन स्थित कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर का निरीक्षण करने के दौरान कही। उन्होंने कमांड सेंटर से रेगुलेट हो रही रांची शहर की यातायात प्रबंधन, पुलिस सर्विलांस, एसओएस, ईसीबी, वीएमएसबी, पीए सिस्टम सहित कई अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की जानकारी ली। इस मौके पर रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार ने सचिव को बताया कि पिछले तीन वर्षों से ये कमांड सेंटर रांची की यातायात प्रबंधन को रेगुलेट कर रहा है। इसके साथ शहर में अपराध नियंत्रण और अपराध के उद्भेदन में इसका पूरा सहयोग रांची पुलिस को मिल रहा है। उन्होने ये भी बताया कि रांची के अलावा भी प्रदेश के अन्य शहरों में हुयी कुछ बड़ी आपराधिक घटनाओं जिनका तार रांची से भी जुड़ा रहै है, उसके उद्भेदन में भी इस सेंटर नें महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।

प्रधान सचिव सह प्रबंध निदेशक ने कहा कि शहर का दायरा बढ़ रहा है। वैसे में जरूरी है कि जो क्षेत्र कैमरों या अन्य उपकरणों से अच्छादित नही हैं। वहां भी कैमरे और ट्रैफिक कंट्रोल से संबंधित उपकरण लगाए जाएं।

उन्होंने कहा कि अब ऑनलाईन चालान को सीधे नियम तोड़नेवाले संबंधित व्यक्ति को एआई के माध्यम से भेजा जाय। इसमें कोई मैनुअल इंटर्वेशन नहीं होना चाहिए। सीईओ ने बताया कि अब चालान एआई के माध्यम से सीधे यातायात नियम तोड़ने वाले के मोबाईल पर जाता है। इस सेंटर का अपना रेवेन्यू मॉडल हो इसको लेकर आप बैरिएबल मैसेज साईन बोर्ड और ऑडियो सिस्टम पर विज्ञापन का प्रसारण कर सकते हैं। सीईओ ने बताया कि इसके लिए दर निर्धारण का कार्य प्रक्रियाधिन है लेकिन सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रचार प्रसार पिछले तीन साल से चल रहा है। इस पर सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ऐसा सेंटर प्रदेश के कुछ बड़े शहरों में स्थापित कर सकती है।

# बरवेनगर मुंडाटोली में सोलर जलमीनार खराब, ग्रामीणों में पेयजल के लिए त्राहिमाम

**सुंदरम केशरी। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड के बरवेनगर पंचायत मुंडाटोली स्थित दो जलमिनार लगाया गया जो सोलर जलमीनार खराब होने से पेयजल की समस्या गंभीर हो गई है। सोलर जलमीनार ठीक रहने से आसपास के लोग यहां से पानी ले जाते थे। वर्तमान समय में जलमीनार खराब रहने के कारण लोगों को पानी लेने में परेशानी हो रही है। जलमीनार के सभी नल टूट गए हैं तथा पानी भी टंकी में नहीं पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों ने विभाग के पहल करने की मांग की है। गौरतलब है कि लाखों रुपये की लागत से सोलर जलमीनार का निर्माण करवाया गया था। उद्देश्य था इससे आसानी से आसपास के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जलमीनार जब बना था तो लोगों को पेयजल उपलब्ध हो रहा था। परंतु तीन महीना से यह खराब होने से सभी के समक्ष समस्या खड़ी हो गई है और योजना के संचालन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सोलर जलमीनार से बरवेनागर, मुंडाटोली के लोग पानी ले जाते थे। जलमीनार खराब होने से कुएं का गंदे पानी पीने में मजबूर होना पढ़ रहा है। मुंडाटोली में एक कुआं है वह भी गांव के एक घर के आंगन में है तथा इस कुएं से लोग फिलहाल उपयोग कर रहे हैं। गंदे पानी पीने से ग्रामीणों के सेहत में खराबी होकर झोला छाप डॉक्टर की होने औने पौने राशियों की कमाई होती है। अशुंता खलखो, पुष्पा लकड़ा ने कहा कि जब सोलर जलमीनार बनकर तैयार हुआ था तो बड़ी आसानी से यहां पानी मिल रहा था। वर्तमान समय में सोलर जलमीनार खराब होने से परेशानी खड़ी हो गई है इधर ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इस दिशा में उचित पहल करने की मांग की है।



# कार्तिक उरांव कॉलेज में राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

आज शनिवार को जिले के कार्तिक उरांव कॉलेज परिसर अंर्तगत राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय, सुजीत नारायण प्रसाद मौजूद रहें। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से न्यायमूर्ति न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय संजय प्रसाद , न्यायमूर्ति न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, झालसा की सदस्य सचिव, कुमारी रंजना अस्थाना,प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चन्द्र मिश्रा,पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की उपस्थिति रही।

साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिले के सभी प्रशासनिक वरीय अधिकारियों एवं न्यायिक सदस्यों की मुख्य भूमिका रही।

### बाघमारा में युवक ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

**धनबाद।** बाघमारा रेलवे फाटक के समीप रहने वाला सत्येन्द्र गोस्वामी ने शुक्रवार की रात अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया। बड़े भाई बजरंगी गोस्वामी ने बताया कि सत्येन्द्र गोस्वामी मां के साथ अलग कमरे में रहता था। वह ट्रक पर खलासी का काम करता था और शराब का सेवन करता था। जब भी ट्रक से ड्यूटी समाप्त कर घर आता था, तो शराब के नशे में चूर रहता था।

# अंतरिक्ष विज्ञान के साथ अन्य क्षेत्रों में भी अनुशासन और समर्पण जरूरी : प्रो. पाठक

### चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा के कई राज खोले : डॉ रंजीत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अनुशासन हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है' यह बात शनिवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विवि प्रेक्षागृह में आयोजित दो दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम सह फोटो प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर कही। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के तत्वावधान में किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए उन्होंने छात्रों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए जीवन में इसके महत्व पर जोर दिया। प्रसिद्ध वैज्ञानिक और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह साठ के दशक में उन्हीं के प्रयासों का प्रतिफल था कि देश में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना हुई और आज भारत अंतरिक्ष में नित नए कीर्तिमान गढ़ने की ओर अग्रसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को समर्पण और अनुशासन के साथ शैक्षणिक विषयों पर ध्यान केंद्रित करते की सलाह दी।




मॉडल कॉलेज, राजमहल के प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह ने उपस्थित श्रोताओं को चंद्रयान की उपलब्धि के विषय में जानकारी दी। डॉ. रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा के दिलचस्प राज खोले हैं ।

**चंद्रयान 3:** भारत के चंद्रयान-3 चंद्र मिशन पर लगे अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर ( एपीएक्सएस) ने चंद्रमा की सतह की संरचना और निर्माण के बारे में नई जानकारियां दी हैं। एपीएक्सएस डेटा से पता चलता है कि लैंडिंग साइट के आस-पास का इलाका अपेक्षाकृत एक समान है। अर्थात इससे पता चलता है कि चंद्रमा पर सतह एक जैसी ही है। इसके साथ ही यह जानकारी भी मिलती है कि चंद्रमा की सतह कभी पिघली हुई सामग्री से ढकी हुई थी, जिसमें भारी खनिज डूब रहे थे और हल्के खनिज ऊपर तैर रहे थे। डॉ रणजीत सिंह ने आगे बताया कि चंद्रयान-3 ने सबसे अहम जानकारी यह दी है कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव एक समय तरल पिघली हुई चट्टानों से ढका हुआ था। यानि चंद्रमा के अंदर और बाहर सिर्फ लावा था। इसे मैग्मा महासागर कहा जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि 4.5 अरब वर्ष पूर्व चंद्रमा का निर्माण हुआ था, इसके बाद यह ठंडा होना शुरू हुआ था।

# राज्य सरकार की तानाशाही के खिलाफ भाजपा ने किया सरकार का पुतला दहन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

रांची के मोहराबादी मैदान में भाजपा कार्यकताओं की युवा आक्रोश रैली पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज,आसू गैस और वाटर केनन बरसाने को लेकर भाजपा कार्यकताओं में आक्रोश है। इसको लेकर भाजपा कार्यकताओं ने झारखण्ड के हर एक थाने के समक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। इसी के मद्देनजर शनिवार की शाम भाजपा के तिसरी व चंदौरी मंडल ने तिसरी थाना गेट पर हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया।



भाजपा कार्यकर्ता गाँधी मैदान से हाथों में हेमंत सोरेन का पुतला और झंडा लिए नारेबाजी करते हुए तिसरी थाना गेट पर पहुंचे जहाँ उन्होंने जमकर नारेबाजी करटे हुए हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। जिला मंत्री मनोज यादव ने कहा कि अपने हक और अधिकार की मांग के लिए रांची गए युवाओं पर हेमंत सरकार के इशारे पर पुलिस ने झामुमो कार्यकर्ता बनकर बर्बरतापूर्वक लाठीयां बरसाई, आसू गैस के गोले दागे, पानी की बौछार की।


## जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत मत्स्य पालकों से आवेदन आमंत्रण सूचना (तृतीय सूचना)**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 04 रा0 (वि) दिनांक 30.05.2024 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के तहत् खूँटी जिले के मत्स्य कृषकों को लाभान्वित हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है। इस योजनान्तर्गत खूँटी जिले को भौतिक लक्ष्य निम्वत् प्राप्त है–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में) | ईकाइ लागत | अनुदान की राशि | लाभुक अंशदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना | समेकित मत्स्य पालन (मछली सह–बत्तख पालन) | 4 | 1,53,350/– प्रति 0.4 हेक्टेयर (एक एकड़) जलक्षेत्र। डक हाऊस लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जाएगा। | अ0ज0जा0/अ0 जा0 एवं महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80% (1,22,680/–रूपये होगी एवं अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए 70% (अधिकतम 1,07,345/–रूपये होगी) शेष राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। | अनु0ज0जा0 30,670/– रूपये अन्य सभी कोटि 46,005/– रूपये |
| 2 | | न्यू ग्रो आउट–नेट | 40 | एक 8 मीटर x 6 मीटर x 5 मीटर का Knotted ग्रो आउट नेट का निर्धारित दर 41,500/– रूपया मात्र | 22,650/– | 18,850/– |
| 3 | | न्यू ग्रो आउट–नेट | | एक 8 मीटर x 6 मीटर x 5 मीटर का Knotless ग्रो आउट नेट का निर्धारित दर 50,100/– रूपया मात्र | 22,650/– | 27450/– |
| 4 | | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के लिए नाव (सं0 में) | 2 | 33000.00 | 30000.00 प्रति नाव | 3000.00 |
| 5 | | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए गिल नेट (इकाई में) प्रति इकाई 05 कि0ग्रा0 | 15 | 590/– रू प्रति कि0 ग्रा0 दर से कुल 05 किलोग्राम पर 2950.00 | 2655.00 | 295.00 |

उपरोक्त विवरण के अधीन इच्छुक सुयोग्य मत्स्य पालकों से दिनांक **03/09/2024** तक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी

PR 333698 Fish (24-25)_D



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
**(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)**
**Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi**

NIT No : 8/PR/SAJHA/2024-25/155Dated : 23/08/2024

**VERY SHORT TENDER NOTICE**

Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience and financial soundness of following similar type of civil works as work mentioned below.

1. Tender are invited for "Renovation Work of Eklavya Hockey Hostel (Boys) & Kitchen at Eklavya Hostel Campus, Morhabadi, Ranchi" the Estimated cost – 49,12,798/- and EMD cost will be INR 98,300/- and time of completion is 60 days.
2. The last date and time for submission of the tender is 06/09/2024 up to 11:00 a.m and the submitted technical bid will be opened on 06/09/2024 at 3:00 p.m.
3. Tender documents can be purchase from the office of Civil wing SAJHA on 04/09/2024, 10:00 a.m to 3:00 p.m after depositing cost of BoQ (Non-refundable tender document fee of INR 5,000/-) on office working hour, in the name of SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi in shape of Bank Draft only.
4. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Executive Director,
Sports Authority of Jharkhand

PR 333732 (Art Culture Sports and Youth Affairs)24-25*D



## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division Ranchi West, Ranchi

**EoI No- 2/CDO/Ranchi/Empanelment/2024-25 Dated: - 23.08.2024**

**Expression of Interest**

Inviting Expression of interest for empanelment of only indigenous manufacturers of HDPE / MDPE pipe to be included as recommended makes to be used in ongoing and forthcoming Water Supply Schemes funded by Jal Jeevan Mission / 15th Finance Funds / Funds from other sources in Jharkhand through Online bidding.

1. Date of uploading of EOI onhttp://jharkhandtenders.gov.in : 27.08.2024 at 3.00 PM
2. Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 : 30.08.2024 at 3.00 PM.
3. Last date & time of online submission : 12.09.2024 up to 04.00 PM
4. Opening Date of Technical Bid : 13.09.2024 at 5.00 PM
5. EOI application Fee : Rs. 10,000/- only(non-refundable)
7. Helpline No. : +91 9430725642 /8709958093
8. EoI application Fee should be Paid Rs 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) (Non- Refundable) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi. (As per IT &e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023 attached Annexure-1) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department.**
9. Performance Guarantee should be Rs 2,50,000/- (Rupees Two Lakhs Fifty Thousand Only) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**. Performance Guarantee will be returned after the expiry of Seven years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work. **(As per IT &e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department .** EoI application fee, Performance Guarantee & Bid Documents separately in Online Mode shall be deposited. Only those applications will be entertained whose EoI application fee, Performance Guarantee & bid documents is being received separately and properly superscribed in Online Mode. The office of Executive Engineer D.W. & S. Division, Ranchi West Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online Method.
10. In the event date specified for receipt / opening of technical bid is declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following next working day at the appointed time.
11. Bid shall be 180 days from the date of opening bid.
12. The Department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date notice for submission of offers or on any subsequent date.
13. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
14. Bid Documents/ Any changes & Further details can be seen on website: http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division
Ranchi West, Ranchi

PR 333736 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

# दास्तान-ए-महान लेखक



**कोरोना** काल से वर्क फ्राम होम कल्चर के साथ-साथ साहित्य फ्राम होम मुहिम की भी शुरूआत हुई।

कुमार संजय

**महान लेखकों की संख्या में दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ोत्तरी हो रही है-हनुमान जी की पूंछ की तरह। उनकी संख्या में इजाफा प्रसन्नता का विषय है या चिंता का, इसका फैसला मैं आप पर छोड़ता हूं। फिलहाल, महान लेखकों की विभिन्न प्रजातियों से आपका परिचय करवाना चाहता हूं। मकसद सिर्फ इतना है कि अगली बार किसी महान लेखक से मिलें तो आपको उनकी श्रेणी निर्धारित करने में आसानी हो और आप उनका यथोचित आदर-सम्मान कर सकें।**

● **फेसबुकिया और व्हाटसपिया महान लेखक :** इन लेखकों की सर्जनात्मकता देख कर दिल यह गीत गुनगुनाने से रोक नहीं पाता- खुदा भी आसमां से जब जमीं पर देखता होगा/मेरे महबूब (इस महान आत्मा) को किसने बनाया सोचता होगा। ये प्रतिदिन एक पोस्ट दे मारते हैं और कुछ की तो प्रोडक्शन क्षमता देख हार्ट अटैक होने लगता है-एक ही दिन में तीन-तीन, चार-चार पोस्ट। इन लेखकों ने अपना एक गिरोह बना रखा है जो दिन भर एक-दूसरे की पीठ ठोंक कर वाह-वाह का नारा बुलंद कर खंभा को सीधा रखता है।

● **एकबुकिया महान लेखक :** इनकी कुल जमा पूंजी होती है एक प्रकाशित पुस्तक। एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो महेश बाबू के अंदाज में ये अपने आलोचकों का मुंह बंद कर देते हैं। अपनी इस अद्भूत सफलता पर इनको इतना फख्र रहता है कि सोते-जागते, खाते-पीते इनके मुखारविंद की चमक यह ऐलान करती नजर आती है-दुनिया के श्रेष्ठ धनुर्धर तुम्हीं हो पार्थ, तुम ही हो।

● **प्रशस्तिपत्र महान लेखक :** कुकरमुत्ते की तरह उग आई हैं साहित्यिक संस्थाएं और छप रही हैं ऑनलाइन पत्र-पत्रिकाएं। ये लेखकों को महान बनाने पर तुली हुई हैं। आपके मानने - न मानने से क्या होता है, आप महान लेखक हैं - इस बात को साबित करने के लिए ये चिनियाबदाम की तरह सर्टीफिकेट बांटती हैं, इस उद्घोषणा के साथ कि बेटा बेदर्द गुप्ता, ये ले तमगा, एंगल बदल-बदल के फोटू खिंचा, व्हाट्सएप और फेसबुक पर चिपका डाल और महान लेखक होने का दावा ठोंक दे।

● **वेबिनार, ब्लागिंग, पॉडकास्ट महान लेखक :** कोरोना काल से वर्क फ्राम होम कल्चर के साथ-साथ साहित्य फ्राम होम मुहिम की भी शुरूआत हुई। इस महायज्ञ से कई महान साहित्यकारों का उदय हुआ जो अपनी मोहिनी मुस्कान लिए ऑनलाइन वेबिनार, इंटरव्यू और परिचर्चा में छा गए। कुछ ने ब्लागिंग (ऑनलाइन लेखन) द्वारा अपनी लेखन प्रतिभा को परोसना शुरू किया। पॉडकास्ट (अपनी आवाज) के माध्यम से साहित्य जगत को हिला डालने के दृढ़संकल्प के साथ अवतरित हुए। यह सिलसिला अभी भी जारी है। यह बात और है वेबिनार से दर्शक गायब रहता है, ब्लागिंग से पाठक और पॉडकास्ट से श्रोता।

● **धीर-गंभीर महान लेखक :** ये अपने चेहरे पर गंभीरता का मॉइश्चराइजर लगाए रहते हैं। अपनी चाल-ढाल में 'रिश्ते में हम तुम्हारे बाप लगते हैं' का ओवरकोट लादे रहते हैं। और आवाज में एक अजीब सा भारीपन लाकर बोलते हैं। गला खखार कर बोलना इनकी आदत में शामिल रहता है। अमिताभ बच्चन बनने के चक्कर में अमरीश पूरी बन जाते हैं, बेचारे।

● **दुखी आत्मा महान लेखक :** ये दूसरे लेखकों में गलती निकाल-निकाल कर अपनी महानता साबित करने में लगे रहते हैं। दूसरे लेखकों की



रचनाओं को ये मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर पढ़ते हैं। गलती व्याकरण की हो, वर्तनी की हो या वाक्य संरचना की हो, इनकी पैनी निगाहों से कुछ नहीं छूटता। ये खुद को बहुत अव्वल लेखक मानते हैं, यह और बात है कि इनकी तमाम कोशिशों के बावजूद लोग ऐसा नहीं मानते। दूसरों की अशुद्धियां देखकर इनके दिल को बेहद चोट पहुंचती है। इनकी आत्मा रोने-कराहने लगती है और ये व्हाट्सएप और फेसबुक पर अपने उमड़ते आंसुओं का सैलाब बहा डालते हैं।

● **अनफिट महान लेखक :** ये वाकई बहुत उम्दा लिखते हैं। वास्तविक जिंदगी में बहुत सरल और मिलनसार होते हैं। इनकी रचनाएं पढ़कर दिल बाग बाग हो उठता है, दिल को बड़ा सुकून मिलता है। ये सहजता से सभी से बात करते हैं, जहां निमंत्रण मिलता है, जाते हैं। किसी तरह का कोई दंभ नहीं, कोई दिखावा नहीं। लेकिन अभी के जमाने में बिल्कुल फिट नहीं बैठते। उनकी विनम्रता इनकी प्रसिद्धि में आड़े आ जाती है। इनकी पुस्तकें प्रकाशित नहीं होतीं क्योंकि इन्हें प्रकाशन का गुर नहीं आता। पत्र पत्रिकाओं में भी अपनी रचनाएं यदा-कदा ही भेजते हैं। प्रकाशित हुई तो अच्छा, नहीं हुई तो वह लेख पता नहीं कहां गुम हो जाता है। साधारण लेखक भी उनके सामने अपना राग अलापकर निकल लेता है और ये चुपचाप उसे सुन लेते हैं। 'अच्छे लेखक' छुपते नहीं, इस जुमले को ये गलत साबित कर देते हैं। अगर किस्मत अच्छी रही, तो कभी इनका नाम उभर कर आ जाता है वरना अपने लाइफटाइम में तो ये गुमनामी की जिंदगी जीते हैं।

● **वक्ता लेखक :** उनके लेखन में वह दम नहीं होता लेकिन ये वक्ता बहुत अच्छे होते हैं। अपने संभाषण से या काव्य पाठ से लोगों को बहुत प्रभावित करते हैं। इसलिए आम लोग इन्हें महान लेखक मानते हैं और जब आम लोग इन्हें महान मानते हैं, तो भला ये क्यों इंकार करने लगें। इनके साथ एक खास बात और होती है। इन्हें लेखिकाओं, खासकर युवा, सुंदर लेखिकाओं से अति प्रेम होता है। उनसे घिरे रहना, उनसे चुहलबाजी करना इन्हें बहुत भाता है।

● **आत्म मुग्ध महान लेखक :** ये उम्दा लिखते हैं, इसमें शक नहीं लेकिन इनके बात -व्यवहार से इनका दंभ साफ झलकता है। ये आत्म मुग्धता के शिकार होते हैं। जहां मौका मिलता है, अपनी उपलब्धियां गिनाने लगते हैं। यहां तक कि मोबाइल पर आत्म स्तुति कर लोगों को पका डालते हैं। सिर्फ अपनी रचनाएं पढ़ते हैं, दूसरों को पढ़ने की इन्हें फुर्सत कहां! ये किसी को अपनी बराबरी का नहीं समझते। साधारण लेखकों/लोगों से बात करना अपनी तौहीन समझते हैं। कोई इनसे आगे निकल जाए, इन्हें स्वीकार नहीं। कोई प्यार से इन्हें अपनी पुस्तक भेंट करे, तो उसकी प्राप्ति सूचना भी नहीं देते, पलट कर देखना, तो दूर की बात है।

● **डबल फेसेड महान लेखक :** ये डबल फेसेड होते हैं अर्थात दोहरे व्यक्तित्व वाले। ऊपर से विनम्रता का लबादा ओढ़े रहते हैं। सबसे शुगर कोटेड बात करते हैं। सभी की नजर में उनकी छवि अच्छी होती है लेकिन अंदर से ये बहुत घटिया और संकीर्ण मानसिकता वाले रहते हैं। जब सुरूर में होते हैं तो इतनी घटिया शब्दावली का प्रयोग करते हैं कि आप सोच भी नहीं सकते। इन्हें गलतफहमी रहती है कि ये बहुत उम्दा लिखते हैं, और ये महान लेखक हैं। लोगों को अर्थात पाठकों को ये जाहिल मानते हैं क्योंकि इनके लिखे को वे समझते नहीं, इसलिए सबको पकड़ पकड़ कर अपनी महानता के बारे में बताना इनकी मजबूरी हो जाती है।

● **अकबर इलाहाबादी का एक शेर याद आ रहा है :** हंगामा है क्यूं बरपा, थोड़ी सी जो पी ली है/डाका तो नहीं डाला, चोरी तो नहीं की है। बात तो सही है, इन महान लेखकों ने न तो डाका डाला है, न चोरी की है। पूरी शिद्दत से अपनी महानता साबित करने में लगे हुए हैं। अब इस से दूसरों को आग लगती है तो लगे। ह्यकर्म किए जा, फल की चिंता जम कर तू इंसानह्व इस महाज्ञान को प्रचारित-प्रसारित करने में लगे हुए हैं। इन्हें शत-शत नमन।

## इक सज्जन ने पूछा मुझसे



रीना सिन्हा सलोनी

इक सज्जन नें पूछा मुझसे, नित काव्य पाठ जो जाती हो।
आमदनी भी होती है क्या, या यूँ ही कविता गाती हो,
भोली मैं नादान न समझी, उन महानुभाव के आशय को।
हँसकर बोली नोट नहीं पर, सम्मान बहुत मैं पाती हूँ।
मुँह बिचका कर बोल पड़े वो, मान से घर क्या चलता है।
नून तेल आटा आता क्या, क्या इससे चूल्हा जलता है।
छोड़ व्यर्थ का कलम ये घिसना, ऐसी जुगत लगाओ तुम।
काज करो कुछ ऐसा जिसमें, ले भरी जेब घर आओ तुम।
ठेस लगी सुन मन पर भारी, पर ठाना हार न मानूँगी।
कवि हृदय की बात मैं इनको, अब समझा कर ही जानूँगी।
दबा हृदय की पीड़ा बोली, कविता तो कारोबार नहीं।
कलम चलाती हूँ मैं अपनी, करती कोई व्यापार नहीं।
भाव हृदय के अपने लिखती, जब-जब भी कलम उठाऊँ मैं।
सदा यही कोशिश रहती है, संदेश कोई दे जाऊँ मैं।
मात शारदे का वर लेखन, पैसों से मत तोलो तुम
कविता है गंगाजल जैसी, विष इसमें मत घोलो तुम
बातें मेरी समझ न पाए, यह भान हुआ सब व्यर्थ कहा।
धन लोलुप साहित्य न समझे, महिमांडित बस अर्थ रहा।



## गीत



वसंत जमशेदपुरी

घनघोर घटा जब घनन-घनन अंबर के उर पर छाती है। सच कहता हूं मैं प्राणप्रिये तब याद तुम्हारी आती है।
जब-जब धाराधर बूंदों के ले विशिख चलाता है भू पर। हर्षित होते सब जड़-चेतन पुलकित होते भूचर-खेचर। प्रणयातुर मोर-पपीहे की पी-पी मन को भरमाती है।
जब हरित दुपट्टे पर टांके नभ वीर वधूटी की लड़ियां। पेड़ों से अनायास लिपटें तन्वंगी-सी मृदु वल्लरियाँ। जब यक्षराज के चाकर को नीरद-माला तड़पाती है।
कृशकाय सरित का जब यौवन सावन में गदरा जाता है। आतुर सागर से मिलने को सरिता का मन अकुलाता है। पथ के अवरोधों से लड़ती हहराती वह बढ़ जाती है।

## बूंद-बूंद



रश्मि सिंह

मम्मा !! पापा को बोलो न वाशरूम खाली करें। कभी मोबाइल की आवाज आती है कभी नल की। कितना पानी वेस्ट करते हैं पापा। खीजते हुए सोनल ने कहा।
अरे बेटा रिलैक्स करने दो न, बेचारे को दिन भर तो फिर कोल्हू के बैल बनना ही है.... सोनल की माँ ने कहा।
तभी नीरज बाथरूम से निकलते हुए बेटी को सुनाने लगे, क्यों भाई पांच हजार मेंटेनेंस के देता हूं हर महीने, फिर पानी में क्यों कटौती करूँ?
सोनल चुपचाप अपने कमरे में जाकर अपना अधूरा प्रोजेक्ट पूरा करने लगी। पापा की मदद से जल संरक्षण के तरीके विषय पर शानदार मॉडल तैयार किया था उसने।

लघुकथा

## दादा जी की टॉफियां



सुजाता प्रसाद

आशु और अवनि दादा जी के साथ खेल रहे थे। आशु दादा जी को गेंद कैच करवाता और दादा जी अवनि को। बच्चों के साथ दादा जी भी खुश थे। तभी अगली बारी में दादा जी के हाथ से गेंद छूट गई। आशु और अवनि ताली बजाने लगे। गेंद को अपनी ओर लपकने की कोशिश में दादा जी की जेब से टॉफियां निकल के फर्श पर गिर गईं थी। अरे दादा जी आपको तो डॉक्टर ने मीठा खाने से परहेज करने के लिए कहा है ना, फिर क्यों खाते हैं आप। अपनी चोरी पकड़े जाने पर मुस्कुराते हुए दादा जी ने कहा अच्छा अब नहीं खाऊंगा। आशु और अवनि ने एक साथ कहा तो करो प्रॉमिस, कि आप टॉफी नहीं खाओगे। दादा जी ने बड़े प्यार से हामी भर दिया। थोड़ी देर बाद आशु अपना होमवर्क करने लगा। विज्ञान की पुस्तक हाथ में लेते ही उसे याद आया कि भोजन में आवश्यक तत्वों के अभाव और उससे उपजी बीमारियों के बारे में पढ़ कर जाना है। बहुत ही तन्मयता से आशु पढ़ रहा था। पढ़ते-पढ़ते उसने यह भी जाना कि इंसुलिन की कमी से डाइबिटीज नामक बीमारी होती है, जिसे शुगर की बीमारी भी कहते हैं। इस बीमारी में चीनी नहीं खाने की सलाह दी जाती है। और इसकी रेमेडी या इससे छुटकारा पाने के लिए भी कई सुझाव दिए गए थे। ऐसी जानकारी मिलते ही वह दादा जी के पास जाकर उनके कंधों पर झूल गया। दादा जी ने पूछा क्या बात है आशु, बड़ा लाड लड़ा रहा है। कुछ काम करवाना है मुझसे। हां जी दादा जी, आप तो मेरे मन की बात भी जान गए। दादा जी ने कहा तो बताओ क्या चाहिए? आशु ने कहा पहले वादा करो। दादा जी ने कहा ठीक है। आशु ने कहा नो चिटींग, ओके। दादा जी ने कहा, बताओ भी या पहेलियां ही बुझाते रहोगे। बताता हूं मेरे प्यारे दादा जी। आपको डायबिटीज है ना, तो फिर आज से टॉफी खाना छोड़ना होगा। डॉक्टर की दवाई समय पर लेना होगा। मम्मी करेले का जूस और मेथी दाने का पानी दे तो पीना होगा। सुबह सुबह जब पापा सदाबहार के फूल या पत्तियां लेकर आएं तो उसका भी सेवन करना होगा। स्वस्थ रहोगे तभी तो मैं अपने दादा जी के साथ खेल पाऊंगा। ऐसा मेरी विज्ञान की पुस्तक में लिखा है। अब तक दादा जी एकटक आशु के बाल सुलभ मन की बात सुन रहे थे। अपने प्रति आशु की परवाह देखकर उनकी आंखें भर आईं थी। उन्होंने आशु को गले लगा लिया और अपनी जेब से बची हुई टॉफियां निकाल कर मेज पर रख दिया।



## गृहस्वामिनी



पुष्पांजलि मिश्रा

मेरे घर में यह सब नहीं चलता, इस घर में रहना है तो मेरे हिसाब से रहना होगा, जो मैं बोलूँ वह करना होगा। नयी ब्याहता, रूनझुन करती बहू मौसमी को यह बात सुनकर समझ नहीं आया कि वह क्या कर? लेकिन वह समझदार थी, सहनशील थी उसने बिना किसी बहस के रास्ता निकाला। अपनी सास को प्यार से अपने पास बिठाया और उन्हें कहा माँ एक दिन आप भी इस घर में उसी तरह आई थीं, जिस तरह आज मैं आई हूँ। इस घर ने आप को अपनाया और आप गृह स्वामिनी बनीं, आज मेरी बारी है इस घर को मुझे भी ससम्मान अपनाना होगा। यह घर उतना ही मेरा भी है जितना आपका, आप इस घर की बड़ी स्वामिनी है और मैं छोटी। जिस तरह से आदर-सम्मान और देखभाल का आपको अधिकार है उसी तरह प्यार-दुलार और सम्मान की मैं भी अधिकारिणी हूँ। मैं भी इस घर की गृह स्वामिनी हूँ, यह घर मेरा भी है। मौसमी की सासू माँ को प्यार- दृढ़ता और आत्मविश्वास से भरी यह बात समझ में आ गई, अब उन्हें यह बात समझ में आ गई थी कि सच! उनकी बहू की भी वही हैसियत है, वही कद है जो इस घर में उनकी है। यह घर उसका भी उतना ही है। अतः वह भी स्वतंत्र है यहाँ रहने, बसने, विकास करने और खुश रहने के लिए। दोनों मिल कर रहें, दोनों एक दूसरे की भावना का सम्मान करें तभी सच में यह घर स्वर्ग सा बन पाएगा। अब दोनों अपने अधिकार एवं कर्तव्य के साथ खुश एवं संतुष्ट थीं, इस तरह सच में सास और बहू दोनों गृहस्वामिनी थीं।



## बेटी



पुष्पा पाण्डेय

निर्भय होकर जीना बेटी, पाना अपना लक्ष्य।
तेरे पीछे हठी खड़ी मैं, करने को अब यज्ञ।
अरमानों के पंख लगाकर, भर लो खूब उड़ान।
कोई आँच न आने दूँगी, दो अपनी पहचान।।

जैसे पुष्प बाग में खिलते , तुम आँगन के फूल।
तेरे पैरों के नीचे से, चुने हजारों शूल।
कभी न वाणी से भी करना, मानव का अपमान।
प्यार बाँटना प्यार मिलेगा, दूर रहे अभिमान।।

बाधाओं से मत घबड़ाना, हिम्मत रखना साथ।
धारा सी बहते ही जाना, सागर थामें हाथ।।
दुनिया को दिखलाना होगा, बेटी है अनमोल।
अष्टभुजी मूरत ममता की, जाने भू का मोल।।

भू बेटी दोनों है नारी, तोड़े हैं अब मौन।
भू के अन्दर भी है ज्वाला, सृजन करेगा कौन?
मन से भी अब हँसना होगा, तभी खिलेगा फूल।
निष्कंटक सब राहें होंगी, कहीं न होंगे शूल।।

परिभाषा अब नयी बनेगी, होगा नया विकास।
जन्मे सुता बजेगी थाली, होठों पर हो हास।
पाल रही आँचल में ममता, कटि बंधी तलवार।
सात स्वरों से नाता रखती, वीणा की झंकार।

## गजल



अंजू केशव

ज़िंदगी के आइने में फर्क है।
या हमारे देखने में फर्क है।

भोर हो या दोपहर या शाम हो
धूप के भी कायदे में फर्क है।

मौसमों की जो हक़ीकत है उसे
झेलने औ' बाँचने में फर्क है।

पी के शब्दों को हुआ मालूम ये
इस नशे और उस नशे में फर्क है।

हाँ! समंदर से ही मिलती है नदी
पर नियति और फैसले में फर्क़ है

एक पौधा और होता घाव इक
और दोनों के हरे में फर्क है।

खो वजूद अपना समझ आया हमें
क्या हुजूम और काफिले में फर्क है।

## हंसिए जनाब, हंसना जरूरी है



गीता दुबे

कहते हैं यदि इंसान के जीवन में हंसी न हो तो जीवन शमशान की मिट्टी जैसा सख्त हो जाए। हंसी जन्नत को धरती पर ले आती है। मशहूर फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा कहती हैं- मैं मानती हूँ कि जिंदगी हम सभी के लिए ईश्वर की सबसे बड़ी देन है और जिंदगी में खुशी का होना उससे भी पहली जरूरत। हमें जो जिंदगी मिली है, उसे हर पल खुशी के साथ जीना चाहिए। मेरी राय में जो लोग हँसना, मुस्कुराना छोड़ देते हैं, जिंदगी की खुशियाँ भी उनका साथ छोड़ देती हैंह्व। अमेरिका के प्रतिष्ठित साप्ताहिक 'सेटरडे रिव्यू' के संपादक नार्मन कजंस अपने जमाने के मशहूर पत्रकार थे। डाक्टरों का कहना था कि उन्हें लाइलाज बीमारी हो गई है, आहिस्ता आहिस्ता उनके जिस्म को खा जाएगी। वे दर्द से छटपटाने लगे थे, करवट तक नहीं बदल पाते थे, हर घंटे उन्हें दवा लेनी पड़ती थी। कोई और होता तो डॉक्टरों के फैसले से बेमौत मर जाता लेकिन कजंस ने उम्मीद नहीं छोड़ी, उन्होंने तय कर लिया था कि मैं ठीक हो कर रहूँगा। समय बीतता गया और उनकी हालत सुधरने लगी और उन्होंने अपनी लाइलाज बीमारी से छुटकारा पा लिया। यह कैसे हुआ, इसका उल्लेख उन्होंने अपनी पुस्तक 'एनाटोमी ऑफ एन इलनेस' में किया है। एक दिन उन्होंने अपने फैमिली डॉक्टर से कहा- यह तो आप जानते ही हैं कि क्रोध, इर्ष्या-द्वेष, नफरत, निंदा, निराशा आदि नकारात्मक सोच का स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, तो फिर इसका उल्टा भी सच होना चाहिए, यानी हंसने- हंसाने, आशा, आस्था, प्यार मुहब्बत से जुड़ी सकारात्मक सोच से सेहत दुरुस्त रहनी चाहिए। आप क्या कहते हैं? डॉक्टर ने कहा- इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता। कजंस ने दो काम किए। कजंस मेडिकल साइंस के भी अच्छे जानकार थे। उन्होंने अपने डॉक्टर को इस बात के लिए राजी कर लिया कि वह उन्हें विटामिन- सी के इंजेक्शन लगाएगा और उसकी मात्रा बढ़ाता चला जाएगा। दूसरा यह कि वह बिस्तर पर पड़े-पड़े चुटकुलों और हास्य व्यंग की पुस्तकें पढ़ने लगे। इसके अलावा वे कॉमेडी फिल्मों के वीडियो देखते, वे दिनभर हँसते रहते, ठहाके पर ठहाका लगाते। धीरे धीरे उनकी बीमारी कम होती चली गई और एक दिन वे पहले की तरह चलने फिरने लगे।

हंसने का वरदान प्रकृति में सिर्फ मनुष्य को मिला है। यह चेतना की एक विलक्षण अवस्था है, तमाम तनाव, दुःख- दर्द दूर करने की एक रामबाण औषधि। युधिष्ठिर से यक्ष ने पूछा था कि जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है? युधिष्ठिर ने कहा, निरोगी काया। स्वस्थ रहने के लिए तन का ही स्वस्थ रहना जरुरी नहीं, मन का स्वास्थ्य भी उतना ही जरुरी है और मन की खुराक है हंसी। लेकिन हमारी हंसी खत्म क्यों होती जा रही है? तनाव और अकेलेपन की बीमारी ने जैसे हमें जकड़ लिया है। आज हम पहले से ज्यादा सुख सुविधाओं को भोगने लगे हैं लेकिन हंसी बनावटी मुस्कराहट बन कर रह गई है। हमने कुदरत की सबसे अनमोल नेमत को खो दिया है। हंसने के लिए हमें अब टी. वी. की जरुरत होती है, हँसना- हँसाना अरबों का कारोबार कर रही है। दरअसल आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी किसी के पास इतना समय नहीं होता कि वह खुद के लिए दो मिनट भी निकाल सके लेकिन हंसी एक रोग प्रतिरोधक हथियार भी है। हँसते मुस्कुराते चेहरे वाले व्यक्ति अधिक स्वस्थ होते हैं। हंसी के अन्दर छुपे सेहत के इस राज ने ही हंसी को एक चिकित्सा का रूप दिया है, यदि आप तनाव या अवसाद से परेशान रहते हैं तो हंसी आपके लिए वरदान साबित हो सकती है। हंसने से शरीर में ऐसे हारमोंस निकलते हैं जो स्वास्थ्य के लिए जरुरी है। हंसी से शरीर के अंदरूनी हिस्सों की मसाज भी होती है।

### हंसने के फायदे

- हंसने से तनाव और अवसाद कम होते हैं।
- हंसने से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है।
- हंसी शरीर में रक्त के बहाव को नियंत्रित करती है।
- यह एक प्राकृतिक पेन किलर है।
- शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाती है।
- हंसने से काम करने की क्षमता बढ़ती है।
- यह आत्मविश्वास बढ़ाती है और सकारात्मकता लाती है।
- हंसने से चेहरे की खूबसूरती बढ़ती है।
- हंसी रिश्तों को मजबूत बनाती है और दूसरों को आपकी ओर आकर्षित करती है।
- चौकन्नापन और सृजनात्मकता बढ़ाती है जिससे जिन्दगी में आनंद और उत्साह बढ़ जाता है।
- दोस्तों का दायरा बढ़ता है और समाज में आपकी प्रतिष्ठा और लोकप्रियता बढ़ती है।
- कुलमिलाकर हंसने से फायदे ही फायदे हैं इसलिए हमेशा हंसने के अवसर ढूंढते रहिए।



## लाल पानी



मनोज कुमार झा 'मनु'

अपार्टमेंट के ए ब्लॉक और बी ब्लॉक में पानी की टंकियाँ क्रमशः अलग-अलग थीं, लेकिन बोरवेल मात्र एक कॉमन बचा था। इसमें भी जल-स्तर काफी नीचे जा चुका था और मोटर ऊपर टंकी तक पानी पहुँचाने में असमर्थ था। इसीलिए, नीचे ग्राउंड फ्लोर के नल से पानी ढोकर ले जाना लोगों की मजबूरी थी। पहला बोरवेल तो गत वर्ष ही जबाव दे चुका था। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बेतरतीब बिछते कंक्रीट के जंगलों ने भूगर्भ-जल का स्तर तेजी से नीचे गिराया था। पानी की किल्लत से दोनों ब्लॉक के रहवासी दो खेमों में बँट चुके थे। एक-दूसरे पर पानी की चोरी और फिजूलखर्ची का आरोप लगाते हुए बोरवेल में जल-स्तर ऊपर आने तक आज पहरेदारी में दो-तीन घंटों से जमे हुए थे।

थोड़ी दूरी पर ही सुगनी उराईन का आदिवासी-मुहल्ला था। बूढ़ी सुगनी को भरोसा था कि आज पानी का टैंकर अवश्य आयेगा। आखिर अपनी अस्वस्थता के बावजूद आदिवासी-मुख्यमंत्री से जनता-दरबार में बीते कल ही वह शिकायत कर आई थी। ह्यजल-जंगल-जमीन की तबाही पर भी उसने मुख्यमंत्री को खूब खरी-खोटी सुनायी। आठवीं तक पढ़ने के बाद समाज सेवा से जुड़ गयी थी। स्वतंत्रता-संग्राम के महानायक बिरसा मुंडा उसके आदर्श जो थे। टैंकर जैसे ही आकर रुका, कतारबद्ध लोगों की अनुशासित व्यवस्था पलभर में धराशायी हो गयी। 'समरथ को नहिं दोष गोसाईं' की तर्ज पर लोगों ने अपने-अपने जलपात्र भरे। बेचारी बूढ़ी सुगनी इस रेलमपेल



मे कैसे टिक पाती? ओह, बहू भी काम पर चली गयी और बेटा घर में रंगीन पानी पीकर अभी तक खर्राटे भर रहा है। बच्चों के लिए पीने का पानी, खाना बनाना-सबकुछ तो बचा ही है। सुगनी के हलक प्यास से सूख रहे थे। वह कल रात भी बस दो घूँट पानी ही पी पायी थी। निठल्ले बेटे को कोसते हुए वह मन ही मन बुदबुदाने लगी, बहू को क्या जबाव दूँगी? उसकी आँखें भीग गईं।

उधर मोटर स्टार्ट हुआ कि बोरवेल धीमी गति से पानी देना शुरू कर दिया था। पहले हम, तो पहले हम। दोनों ब्लॉक के लोग आपस में उलझ पड़े। तथाकथित संभ्रात लोगों के बीच हाथापाई होने लगी। कुछ लोग घायल हो गए। कल तक जो आपसी प्रेम में मिलकर पानी का दुरूपयोग कर रहे थे वो आज उसी पानी के लिए एक-दूसरे का खून बहाने को आमादा थे।

उधर सुगनी का शरीर बुखार से तप रहा था। वह जमीन पर निढाल पड़ी थी। उसकी मुँदती आँखें इस तमाशे को देख रही थीं कि कुलीनता के धवल परिधान पर भी पानी के झगड़े में खून के छींटे पड़ रहे थे। उसकी आँखों में आदिवासियत की संरक्षा और अबुआ-राज की संकल्पना भी धूमिल पड़ने लगी थीं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जम्मू-कश्मीर में नफरत के पोषकों की सियासी जमीन हुई बंजर : सीएम योगी



एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नफरत की फसल काटने वालों की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। सीएम योगी ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल भी पूछे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। यह चुनाव न केवल वहां के लोगों, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड संस फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन कर फिर से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया है। सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें अनेक ऐसे बिंदु हैं, जो भारत की एकता-अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति आशंकित करती है। कांग्रेस व एनसी का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनेक बड़े सवाल खड़ा करता है और भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा रखने वाले हर व्यक्ति को चिंतित भी करता है।

## जम्मू-कश्मीर में एनसी के घोषणापत्र पर भाजपा का वार

▸ बताया-राज्य में आतंकवाद और अलगाववाद को फिर से स्थापित करने का प्रयास

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार हमलावर है। शनिवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी महासचिव और जम्मू एवं कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के घोषणापत्र में स्पष्ट तौर पर राज्य में आतंकवाद और अलगाववाद को स्थापित करने का प्रयास दिखाई देता है। इस घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35 ए को वापस लाने का षड़यंत्र को स्पष्ट देखा जा सकता है। प्रभारी तरुण चुघ ने कहा कि पहले भी कांग्रेस ने कई गलतियां की हैं और फिर एक बार उन गलतियों को दोहराया जा रहा है। कांग्रेस को जवाब देना होगा कि अनुच्छेद 370 और 35ए पर उनका क्या रुख है। देश जानना चाहता है कि क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में दो प्रधानमंत्रियों, दो झंडे, दो संविधानों के युग को वापस लाना चाहती है। उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस पार्टी भारत के युवाओं से बात करने के बजाय पाकिस्तान से बात करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के एजेंडे का समर्थन करती है? कांग्रेस गंदा खेल खेल रही है। क्या कांग्रेस पाकिस्तान के उस एजेंडे का समर्थन करती है जिसे एनसी आगे बढ़ा रही है? उनके घोषणापत्र में साफ लिखा है कि जो अलगाववादी जेल में बैठे हैं उन्हें वे रिहा करने की वकालत कर रहे हैं। क्या गांधी परिवार उनके साथ खड़ा है।

## जदयू की नई प्रदेश कमेटी गठित, 10 उपाध्यक्ष और 49 महासचिव बनाए गए

एजेंसी। पटना



बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कई प्रदेशों के प्रभारियों की नियुक्ति की और उसके एक दिन बाद ही शनिवार को पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नई प्रदेश कमेटी की घोषणा कर दी। इसके कुछ देर पहले ही प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कमेटी और प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति को भंग करने की सूचना जारी की थी। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा प्रदेश कमिटी की सूची में 10 उपाध्यक्ष, 49 महासचिव, 46 सचिव, 9 प्रवक्ता और एक कोषाध्यक्ष बनाये गए हैं। इस सूची में कई नए चेहरों को भी शामिल किया गया है जबकि कई पुराने पदाधिकारियों को भी शामिल किया गया है। कमेटी में रविंद्र प्रसाद सिंह, अजीत चौधरी, महाबली सिंह, मुनेश्वर चौधरी, संजय सिंह, हारून रशीद, बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, प्रमिला प्रजापति, अमर कुमार अग्रवाल और कलाधर प्रसाद मंडल को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व मंत्री नीरज कुमार को एक बार फिर प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा निहोरा प्रसाद यादव, अंजुम आरा, हिमराज राम, अरविंद निषाद, भारती मेहता, परिमल कुमार, अनुप्रिया और मनीष कुमार को प्रवक्ता बनाया गया है। ललन कुमार सर्राफ को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। माना जा रहा है कि जदयू ने 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर नई प्रदेश कमेटी का गठन किया है। बता दें कि शुक्रवार को जदयू ने 29 राज्यों में प्रभारी नियुक्त किए हैं। पार्टी में आठ राष्ट्रीय महासचिव भी बनाए गए हैं। शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का कार्य विभाजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया।

## हरियाणा के मंत्री को आचार संहिता उल्लंघन मामले में आयोग का नोटिस

**अंबाला।** हरियाणा के मंत्री एवं भाजपा नेता असीम गोयल के लिए मुश्किल बढ़ रही है। शनिवार को चुनाव आयोग ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में उनको नोटिस भेजा है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव का ऐलान होने के बाद से चुनाव आयोग ने प्रदेश में आचार संहिता लगा दिया है। इसी बीच असीम गोयल की फोटो वाले एक बैग में उपहार बांटने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी को लेकर चुनाव आयोग ने असीम गोयल को नोटिस भेजा है और जवाब मांगा है। उपहार बांटने का संज्ञान लेते हुए इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने अंबाला चुनाव आयोग को एक्शन लेने का आदेश दिया।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस

## मुख्य आरोपित और छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू

एजेंसी। कोलकाता




राज्य संचालित आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में मुख्य आरोपित और छह अन्य व्यक्तियों का पॉलीग्राफ (झूठ पकड़ने वाला) टेस्ट शनिवार से शुरू हो गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य आरोपित संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट प्रेसिडेंसी जेल में किया जा रहा है, जहां वह बंद है। जबकि अन्य छह लोगों का टेस्ट एजेंसी के कार्यालय में किया जाएगा। इनमें पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, घटना की रात ड्यूटी पर रहे चार डॉक्टर और एक अन्य सिविल वॉलंटियर शामिल हैं। दिल्ली के केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से पॉलीग्राफ विशेषज्ञों की टीम इन परीक्षणों को करने के लिए कोलकाता पहुंची है। 22 अगस्त को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि स्थानीय पुलिस ने पोस्ट-ग्रेजुएट डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले को दबाने की कोशिश की थी, क्योंकि जब तक संघीय एजेंसी ने जांच शुरू की, तब तक अपराध स्थल को बदल दिया गया था। इस अस्पताल के सेमिनार हॉल में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या ने व्यापक जनाक्रोश को जन्म दिया है। 9 अगस्त की सुबह अस्पताल के चेस्ट विभाग के सेमिनार हॉल के अंदर गंभीर चोटों के निशान के साथ प्रशिक्षु डाक्टर का शव मिला था, जिसके अगले दिन आरोपित संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया। 13 अगस्त को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच को कोलकाता पुलिस से सीबीआई में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था, जिसके बाद 14 अगस्त से सीबीआई ने जांच शुरू की।

### असम गैंगरेप मामला

## पुलिस हिरासत से भाग कर तालाब में कूदे मुख्य आरोपी की हुई मौत

▸ एक अन्य घटनाक्रम में दुष्कर्म के प्रयास का आरोपित पुलिस मुठभेड़ में घायल

एजेंसी। नगांव/शोणितपुर/असम





नाबालिग छात्रा से सामूहिक बलात्कार के मुख्य आरोपित तफज्जुल इस्लाम की मौत हो गई। पुलिस हिरासत से फरार होने की कोशिश में उसने तालाब में छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। नाबालिग से सामूहिक बलात्कार की घटना को लेकर पूरे राज्य में लोगों में नाराजगी देखी जा रही थी। इसके विरोध में लोग प्रदर्शन कर रहे थे। धींग में गुरुवार शाम ट्यूशन पढ़ कर घर लौट रही नाबालिग के साथ तीन आरोपितों ने कथित तौर पर बलात्कार कर घायल अवस्था में उसे एक तालाब के पास छोड़ कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया और एक अन्य को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक घटना के मुख्य आरोपित तफज्जुल इस्लाम को पुलिस क्राइम सीन री-क्रिएट करने के लिए सुबह करीब साढ़े तीन बजे बरवेती ले गई। अपराध स्थल पर पहुंच कर उसने पुलिस हिरासत से फरार होने के लिए तलाब में छलांग लगा दी। हालांकि उसकी तलाश में अभियान चलाया गया लेकिन दो घंटे बाद उसकी लाश मिली। आरोपित की मौत को लेकर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की है। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि लोगों का अभिशाप उसकी मौत का कारण बना। पुलिस से भागने की कोशिश में वह खुद ही मारा गया। उधर, जिला मुख्यालय तेजपुर में एक युवती के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोपित मिराज अली पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक उसे पकड़ने गई पुलिस टीम को देख कर वह भागने लगा। उसे रोकने के लिए पुलिस ने गोली चलाई जो उसके दाहिने पैर में लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है।

## छपरा में गरीब रथ ट्रेन में दो बोगियों के बीच लगी आग

**पटना।** बिहार के छपरा-वाराणसी रेल खंड के गौतम स्थान स्टेशन पर शनिवार को डाउन गरीब रथ एक्सप्रेस की दो बोगियों के बीच जॉइंट में आग लग गई। आग देखते ही यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, जिसके बाद तत्काल गार्ड और ड्राइवर ने ट्रेन को गौतम स्थान स्टेशन पर रोक दिया। मौके पर रेलवे कर्मी जमा हो गए और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। थोड़ी ही देर की मशक्कत के बाद रेल कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। ट्रेन जब गौतम स्थान स्टेशन पार कर रही थी तभी लोगों ने दो बोगियों के बीच जॉइंट से धुआं उठते हुए देखा। उसके बाद लोगों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। बाद में स्टेशन कर्मचारियों ने गार्ड और ड्राइवर को ट्रेन रोकने को कहा। सूचना मिलते ही गार्ड ड्राइवर ने ट्रेन को गौतम स्थान स्टेशन पर रोका। ट्रेन में रखे फायर फाइटर के सहारे आग को बुझाने की कोशिश शुरू हुई आग आग बुझ गई। इसके बाद रेल यात्रियों और रेल कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

## साधु ने तमंचे से की आत्महत्या

एजेंसी। लखनऊ



बिजनौर के बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम शाहनगर कुराली में रामगंगा नदी किनारे कुटिया बनाकर रह रहे बाबा काकेनाथ नामक एक साधू ने तमंचे से सीने में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके से आत्महत्या में प्रयुक्त तमंचा व सुसाइड नोट बरामद कर लिया। सुसाइड नोट में मृतक ने गांव के ही एक भाजपा नेता सहित तीन लोगों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का मुआयना किया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी ली। धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बमनोली निवासी हिमांशु कुमार पुत्र लाखन सिंह करीब सात वर्ष पूर्व अपना घर छोड़कर बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहनगर कुराली के मंदिर पर रहने लगा था। तीन वर्ष तक मंदिर पर रहने के बाद वह पिछले चार वर्षों से गांव के बाहर रामगंगा नदी किनारे कुटीया बनाकर रहने लगा। शुक्रवार की देर रात बाबा ने एक सुसाइड नोट लिखकर अपने एक परिचित को वाट्सऐप पर भेजा। संभावना जताई जा रही है कि उसके बाद बाबा ने 12 बोर के तमंचे से सीने में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिचित रात्रि में बाबा के मैसेज को नहीं पढ़ पाया। बताते हैं कि सुबह होने पर ग्रामीण कुटिया पर पहुंचे तो बाबा का खून से लथपथ शव कुटिया के अंदर पड़ा हुआ था। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस उच्चाधिकारियों को दी। पुलिस ने मौके से बाबा के कंबल से 12 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस व वहीं पास में एक डायरी में रखा सुसाइड नोट और एक काला पैन बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना राकेश वशिष्ठ ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा बढ़ापुर थाने पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली।

# आज का राशिफल

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है। अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा।

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**वृश्चिक :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

**कुंभ :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## फर्रूखाबाद में ट्रेन को पलटने की साजिश, इंजन में फंसी लकड़ी

एजेंसी। फर्रूखाबाद

उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद जिले के भटासा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार-शनिवार की रात कासगंज-फर्रूखाबाद पैसेंजर ट्रेन (05389) को बेपटरी करने की साजिश विफल हो गयी। राहत की बात यह रही कि ट्रेन की रफ्तार धीमी थी, नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। कुछ दिन पहले कानपुर में इसी तरह की साजिश हुई थी। रेल अधिकारियों के मुताबिक यह घटना उस समय घटी जब कासगंज-फर्रूखाबाद पैसेंजर ट्रेन कायमगंज से आगे आ रही थी और ट्रैक पर शरारती तत्वों ने लकड़ी का एक बड़ा बोटा डाल दिया था। रात के अंधेरे में ट्रैक पर बड़ा सा लकड़ी का बोटा पड़ा देख चालक जब तक इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक पाता, वह इंजन से टकरा कर फंस गयी। घटना के बाद निकटवर्ती स्टेशनों से रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद लकड़ी का बोटा हटाकर गाड़ी को उसके गंतव्य की ओर रवाना किया। ट्रैक पर लकड़ी का बोटा रखकर ट्रेन डिरेल करने की साजिश की आशंका जताते हुए आरपीएफ ने गहनता से इसकी जांच शुरू कर दी है। शनिवार सुबह आरपीएफ की टीम डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची और छानबीन की। आरपीएफ के एसआई ओमप्रकाश मीना ने बताया कि डॉग स्क्वॉड के साथ ट्रैक का निरीक्षण किया गया है। ट्रैक पर इतना बड़ा लकड़ी का बोटा अंधेरे में डालने के पीछे साजिश की तह में जाने का प्रयास और ऐसा करने वालों की तलाश की जा रही है।

## छात्रा से अश्लील हरकत करने वाला प्रधानाध्यापक भेजा गया जेल

एजेंसी। मेरठ



मवाना के प्रीतनगर सिथत प्राथमिक विद्यालय नंबर तीन में कक्षा चार की छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोपित प्रधानाध्यापक को शनिवार को जेल भेज दिया गया। आरोपित प्रधानाध्यापक पहले भी निलंबित हो चुका है। मवाना के प्रीत विहार स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर तीन में शुक्रवार को प्रधानाध्यापक जमाल कामिल ने कक्षा चार की छात्रा के साथ अश्लील हरकत की थी। वह छात्रा को कक्षा से स्टाफ रूम में खींचकर ले गया था और नाखून काटने के बहाने अश्लील हरकत की। इसके बाद छात्रा रोते हुए अपने घर चली गई और परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। परिजनों ने स्कूल में पहुंचकर जमकर हंगामा किया और आरोपित की पिटाई की। इसके बाद आरोपित को पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपित जमाल कामिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपित जमाल कामिल अनियमितता के आरोप में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है।

## केजरीवाल को जेल में ही रखने के लिए सीबीआई कर रही साजिश : आतिशी




**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा जमा करने के लिए सीबीआई के वक्त मांगे जाने पर आम आदमी पार्टी ने इसे बड़ी साजिश करार दिया है। आम आदमी पार्टी के नेता आतिशी का कहना है कि अरविंद केजरीवाल को बीजेपी की सीबीआई जेल के अंदर ही रखना चाहती है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा वक्त लिया जा रहा है। आतिशी ने कहा कि बीजेपी की सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि केजरीवाल की जमानत के मामले में सुनवाई मत कीजिए और एफिडेविट फाइल करने के लिए समय दे दीजिए। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट को समय देना पड़ा। कोर्ट में शुक्रवार को सीबीआई को जिस एफिडेविट को जमा करना था, उसके लिए समय मांग लिया गया। लेकिन वही एफिडेविट आज देश के सभी अखबारों में छपा है। यह भारतीय जनता पार्टी की अरविंद केजरीवाल को जेल में रखने की साजिश है।

## भाजपा की सीईसी की बैठक आज उम्मीदवारों के नामों पर लग सकती है मुहर




**नई दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक रविवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में होगी। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित जम्मू और कश्मीर के चुनाव प्रभारी राम माधव, जी किशन रेड्डी, महासचिव तरुण चुघ मौजूद रहेंगे। दिल्ली पार्टी मुख्यालय पर होने वाली बैठक में हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग सकती है।

## सेना प्रमुख ने मणिपुर में 'शांति' तलाशने को आंतरिक सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया

▸ सैन्य कमांडरों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों से भी की मुलाकात- सीएम एन बीरेन सिंह से मिले, राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की

एजेंसी। नई दिल्ली




सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मणिपुर का पहला दो दिवसीय दौरा करके सीमा पर सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया है। उन्होंने शनिवार को राज्य में सेना के ग्राउंड कमांडरों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक करके सैनिकों से बातचीत की। उन्होंने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए भारतीय सेना और असम राइफल्स के प्रयासों को सराहा। जनरल द्विवेदी ने आज कहा कि उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य मणिपुर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करना था। सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए विस्तृत चर्चा के बाद कई तरह के प्रयास सामने आए कि हमें इस यात्रा को कैसे आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि राज्य में विश्वास, शांति और सौहार्द बना रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक बहुत ही शानदार रही और उत्साहजनक बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि राज्य में शांतिपूर्वक माहौल के लिए बैठक में आगे बढ़ने का रास्ता तलाशने की कोशिश हुई। जनरल द्विवेदी ने सेना कमांडर पूर्वी कमान के साथ मणिपुर का दौरा किया और सीमा पर सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सीओएएस ने सैनिकों के साथ बातचीत की और क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए भारतीय सेना और असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना की। जनरल द्विवेदी ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की। जनरल द्विवेदी ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत करके राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने उनसे समुदायों के बीच मित्रता बढ़ाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। सेना प्रमुख ने दिग्गजों को हर समय भारतीय सेना के अटूट समर्थन का आश्वासन दिया।

## हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ने केंद्रीय चुनाव आयोग को लिखा पत्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख में बदलाव करने के लिए भाजपा ने केंद्रीय चुनाव आयोग को पत्र लिखा। हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने आयोग को पत्र लिखकर चुनाव की तारीख बदलने की मांग की। मोहन लाल बडोली ने पत्र में लिखा कि हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। 28 सितंबर (शनिवार) और 29 सितंबर (रविवार) है, इसलिए प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में साप्ताहिक अवकाश रहेगा। 1 अक्टूबर को वोटिंग होने के कारण सभी सरकारी एवं निजी संस्थान बंद रहेंगे और दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश रहेगा। ऐसे में लोग 30 सितंबर को एक दिन का अवकाश लेकर दिनांक पांच दिन के अवकाश पर बाहर जा सकते हैं और मतदान प्रतिशत में भारी कमी आएगी।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 11 तमिल मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 11 मछुआरों को गिरफ्तार किया है। तमिलनाडु मत्स्य विभाग ने शनिवार को उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की। तमिलनाडु मत्स्य विभाग ने एक बयान में कहा, अधिकतर मछुआरे नागापट्टिनम जिले के अक्करापेट्टई के रहने वाले हैं। गिरफ्तार मछुआरे गुरुवार को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे। इसी दौरान उन्हें श्रीलंकाई नौसेना ने कोडियाकराई के दक्षिण पूर्व से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को भी जब्त कर लिया है।

### भारत ने सर्फिंग में रचा इतिहास

# पहली बार एशियाई खेलों का कोटा किया हासिल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सर्फिंग के लिए आज एक ऐतिहासिक दिन रहा, एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने वाली टीम ने आगामी एशियाई खेलों 2026 के लिए अपना पहला कोटा हासिल कर लिया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए एक-एक स्थान है। ये कोटा चैंपियनशिप में भारतीय सर्फर्स द्वारा जमा किए गए रैंकिंग पॉइंट्स के आधार पर अर्जित किए गए हैं। किशोर कुमार, जो कल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, एक कड़े मुकाबले में मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि उनके देश ने एशियाई खेलों के लिए कोटा अर्जित किया। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024, जो एशियाई खेलों 2026 के लिए एक क्वालीफायर भी है, में आठ भारतीय सर्फर्स ने 4 अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। अपने नाम कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताबों के साथ, दृढ़ निश्चयी किशोर कुमार ने आज अंडर-18 लड़कों की श्रेणी में एशिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ सर्फर्स के खिलाफ प्रतियोगिता में प्रवेश किया। वह हीट 2 सेमीफाइनल में 8.26 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, चीन के चेंगझेंग वांग से ठीक पीछे, जिन्होंने 10.00 स्कोर करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। जापानी सर्फर तारो ताकाई ने उसी हीट में 14.50 के स्कोर के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। किशोर कुमार, जो पहले राउंड 1, राउंड 3 और क्वार्टर फाइनल में पहले स्थान पर रहे थे, ने पूरे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। किशोर के बाद टूर्नामेंट में एक और सफल सर्फर हरीश मुथु ने भी अपनी छाप छोड़ी, क्योंकि वह एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। हालांकि, वह एक कठिन मुकाबले में पिछड़ गए।

## युवा खिलाड़ी एस्टेवाओ ब्राजील की टीम में शामिल

**रियो डी जेनेरियो।** युवा खिलाड़ी एस्टेवाओ को इक्वाडोर और पैराग्वे के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। 17 वर्षीय खिलाड़ी, जो अगले जुलाई में चेल्सी में शामिल होंगे, ने इस साल 19 ब्राज़ीलियाई सीरी ए खेलों में पाँच गोल और पाँच सहायता के साथ पाल्मेरास के लिए सकारात्मक प्रभाव डाला है। जैसी कि उम्मीद थी, मैनेजर डोरिवल जूनियर ने अपने 23 सदस्यीय दल में तीन रियल मैड्रिड फॉरवर्ड - विनीसियस जूनियर, रोड्रिगो और एंड्रिक को शामिल किया।

स्टार फॉरवर्ड नेमार पिछले अक्टूबर में चोटिल हो गए थे, इसलिए वे खेल से दूर हैं। ब्राजील 6 सितंबर को क्यूरिटिबा में इक्वाडोर से और चार दिन बाद असुनसियन में पैराग्वे से भिड़ेगा। पाँच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील वर्तमान में छह मैचों के बाद 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ज़ोन में छठे स्थान पर हैं।

## ओबीएस ने सीएमजी को धन्यवाद पत्र भेजा

**बीजिंग।** ओलंपिक ब्रॉडकास्टिंग सर्विस (ओबीएस) के सीईओ यियानिस एक्सार्चोस ने 23 अगस्त को चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के महानिदेशक शन हाईश्योंग को पत्र भेजा। एक्सार्चोस ने पेरिस ओलंपिक खेलों के दौरान दुनिया को उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक सिग्नल सेवा प्रदान करने के लिए सीएमजी को धन्यवाद दिया। धन्यवाद पत्र में एक्सार्चोस ने कहा कि ओबीएस पेरिस ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन और दुनिया भर में इसके बड़े प्रभाव से खुश है। हमने ब्रॉडकास्टर भागीदारों के साथ उत्कृष्ट सहयोग से ये उपलब्धियां हासिल की हैं।

# अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप : नेहा ने जीता गोल्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ओलंपियन विनेश फोगाट के गांव की युवा पहलवान नेहा सांगवान ने अंडर 17 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नई विश्व विजेता का तमगा हासिल किया है। नेहा ने जॉर्डन में आयोजित अंडर 17 विश्व रेसलिंग चैंपियनशिप के 57 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीता। उनकी इस उपलब्धि से देश समेत उनके गांव-परिवार में खुशी का माहौल है। नेहा की मां ने बेटी के घर लौटने पर चूरमा से उसका मुंह मीठा कराने की बात की। इस युवा पहलवान का पूरा परिवार उन्हें 2028 ओलंपिक में खेलते देखना चाहता है नेहा सांगवान ने जॉर्डन में आयोजित अंडर-17 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने शानदार खेल प्रदर्शन की बदौलत फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना जापानी खिलाड़ी से हुआ। उनकी इस खेल उपलब्धि से खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने खिलाड़ी को जीत की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है नेहा सांगवान महिला कुश्ती के लिए मशहूर गीता, बबीता और विनेश फोगाट के गांव बलाली से हैं। नेहा ने इस मौके पर कहा, विश्व चैंपियनशिप का खिताब विनेश दीदी सहित महिला पहलवानों को समर्पित होगा।

विश्व रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने के बाद नेहा सांगवान ने विश्व चैंपियनशिप का खिताब विनेश फोगाट सहित महिला पहलवानों को समर्पित करने की बात कही है। पिता अमित सांगवान ने कहा कि नेहा के कोच सज्जन सिंह मंदोला की बात हुई थी, जिसमें नेहा ने विनेश को खिताब समर्पित करने की बात कही है।

# धवन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से लिया संन्यास




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 38 वर्षीय शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने संन्यास की घोषणा की। धवन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, "मैं एक ऐसे मुकाम पर खड़ा हूं, जहां जब मैं पीछे देखता हूं, तो मुझे केवल यादें और एक नया जीवन दिखाई देता है। भारत के लिए खेलना हमेशा से मेरा सपना था और मुझे इसे जीने का मौका मिला। मैं इसके लिए बहुत से लोगों का शुक्रगुजार हूं। सबसे पहले, मेरा परिवार, मेरे बचपन के कोच और फिर मेरी टीम जिसके साथ मैंने इतने सालों तक खेला। मुझे एक नया परिवार, शोहरत और प्यार मिला। लेकिन कहा जाता है कि आगे बढ़ने के लिए आपको पन्ने पलटने की जरूरत होती है।" उन्होंने कहा, "मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। अपने क्रिकेट के सफर को अलविदा कहते हुए, मेरे दिल में शांति है। मैंने अपने देश के लिए बहुत खेला है। मैं खुद से यही कहता हूं कि आपको अपने देश के लिए दोबारा नहीं खेलने पर दुखी होने की जरूरत नहीं है, बल्कि खुश रहें कि आपको ऐसा करने का मौका मिला।"

## भारत पेरिस पैरालंपिक में 25 से अधिक पदक जीतेगा : देवेन्द्र झाझरिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**




टोक्यो पैरालंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत अपने प्रदर्शन को बेहतर करने का लक्ष्य बना रहा है क्योंकि देश आगामी पेरिस पैरालंपिक के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है। इस बार मेगा इवेंट में 84 पैरा-एथलीटों के भाग लेने के साथ, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया को भरोसा है कि भारत पिछले संस्करण की पदक तालिका को पार कर जाएगा।

तीन पैरालंपिक पदक और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कई प्रशंसाओं के साथ, झाझरिया इस भूमिका में अनुभव और प्रेरणा का खजाना लेकर आए हैं। 'आईएएनएस' के साथ एक विशेष बातचीत में, झाझरिया ने भारत की बढ़ी हुई तैयारियों, एथलीटों को आगे बढ़ाने वाली सहायता प्रणाली और आगामी खेलों से अपनी उम्मीदों के बारे में जानकारी साझा की। झाझरिया भारतीय पैरा-एथलीटों के बेहतर प्रदर्शन और तैयारियों का श्रेय सरकार के उच्चतम स्तर के अटूट समर्थन और मजबूत खेल विकास कार्यक्रमों को देते हैं। "पिछले तीन वर्षों में हमारे एथलीटों की तैयारी और उनकी कड़ी मेहनत को देखते हुए, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस बार हम 25 से अधिक पदक जीतेंगे। एथलीट अपनी योजनाओं के अनुसार लगन से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 का समापन

## अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय सिमडेगा की टीम बनी चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम शामिल हुए। मंत्री के अलावा राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, हॉकी झारखण्ड के महासचिव भोलानाथ सिंह, पूर्व हॉकी ओलिंपियन सह हॉकी प्रशिक्षक मनोहर टोपनो, मेजर ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित हॉकी प्रशिक्षिका सुमराई टेटे, पूर्व अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सह प्रशिक्षक बीरेंद्र लकड़ा, हॉकी झारखण्ड के महासचिव विजय कुमार सिंह, हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार शामिल हुए।

अंडर 17 बालिका वर्ग हॉकी मुकाबले का फाइनल रिजल्ट

अंडर 17 बालिका वर्ग हॉकी मुकाबले में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, सिमडेगा की टीम ने बरियातू बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, बरियातू, रांची की टीम को 2-0 से पराजित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। मुकाबले के बाद सिमडेगा की रीना कुल्लू को फाइनल मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। खूंटी की मंजू को बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार दिया गया। अंडर 17 बालक वर्ग हॉकी मुकाबले का फाइनल रिजल्ट अंडर 17 बालक वर्ग हॉकी मुकाबले में लक्ष्मी नारायण प्लस टू हाई स्कूल, मुरहू, खूंटी की टीम ने निर्मला हाई स्कूल खालिजोर, सिमडेगा की टीम को 4-1 के अंतर से पराजित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। मुकाबले के बाद खूंटी के सचिन भेंगरा को फाइनल मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। गुमला के अरुण उरांव को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार दिया गया। खूंटी के अनूप तिर्की को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। खूंटी के ही सचिन भेंगरा को बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार दिया गया। अंडर 15 बालक वर्ग हॉकी मुकाबले का फाइनल रिजल्ट अंडर 15 बालक वर्ग हॉकी मुकाबले में सत. मैरी हाई स्कूल, सैमटोली, सिमडेगा की टीम ने एसएस प्लस टू हाई स्कूल, ककरिया, रांची की टीम को 8-0 के बड़े अंतर से पराजित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया।



# गौतम अडानी ने बेचे ₹4,251 करोड़ के शेयर

### गौतम अडानी ने अंबुजा सीमेंट में 2.76% हिस्सेदारी बेची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और एशिया के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी ने शुक्रवार को अंबुजा सीमेंट्स में अपनी करीब 2.76% हिस्सेदारी 4,251 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई बल्क डील डेटा के अनुसार अडानी ग्रुप की कंपनी होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स ने 6.8 करोड़ शेयर 625.5 प्रति शेयर पर बेचे। इसमें एनआरआई निवेशक राजीव जैन के निवेश फंड जीक्यूजी पार्टनर्स ने 1,679 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इसके साथ ही अंबुजा सीमेंट्स में जीक्यूजी पार्टनर्स इमर्जिंग मार्केट्स इक्विटी फंड की हिस्सेदारी बढ़कर 2.04% पहुंच गई है। जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के दौरान जीक्यूजी पार्टनर्स ने अडानी ग्रुप की छह कंपनियों में अपने निवेश को लगभग 8,300 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया था।



### अडानी ग्रुप के तारणहार

अडानी ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया था लेकिन इससे उसके शेयरों में भारी गिरावट आई थी। एक समय ग्रुप का मार्केट कैप लगभग 65% गिर गया था। उसी समय राजीव जैन की कंपनी GQG पार्टनर्स तारणहार बनकर आई। उसने ग्रुप की चार कंपनियों में करीब 15,400 करोड़ रुपये का निवेश किया। उसके बाद से जीक्यूजी पार्टनर्स अडानी ग्रुप की कंपनियों में कई बार निवेश कर चुकी है। पिछले सालके अंत तक जब अडानी ग्रुप के सभी शेयरों ने शानदार रिकवरी की तो GQG के निवेश की वैल्यू भी कई गुना बढ़ गई। जीक्यूजी ने भारत की और भी कई कंपनियों में निवेश किया है जिनमें बाबा रामदेव की पतंजलि फूड्स भी शामिल है।

### मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक

अडानी ग्रुप के प्रमोटर अगले नौ महीनों में लगभग 30,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचने की योजना बना रहा है। प्रमोटर फैमिली लिस्टेड कंपनियों में अपने पोर्टफोलियो को रिबैलेंस कर रही है। जीक्यूजी पार्टनर्स अडानी समूह का सबसे बड़ा नॉन-प्रमोटर शेयरहोल्डर है। ग्रुप की छह कंपनियों में उसके निवेश की वैल्यू करीब 62,000 करोड़ रुपये है। जीक्यूजी पार्टनर्स पिछले साल उस समय सुर्खियों में आई थी जब उसने संकट के दौर से गुजर रहे अडानी ग्रुप में भारी निवेश किया था। जनवरी में अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी ग्रुप के बारे में एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें ग्रुप पर शेयरों की कीमत में हेराफेरी समेत कई आरोप लगाए गए थे।

## इन्फोसिस की मुश्किलें बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अमेरिकी की दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी कॉग्निजेंट ने इन्फोसिस के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि इन्फोसिस ने उसकी हेल्थ टेक सब्सिडियरी ट्राइजेटो से संबंधित जानकारी चुराई है। शिकायत के मुताबिक इन्फोसिस ने ट्राइजेटो के साथ किए गए समझौतों की आड़ में उसकी प्रोप्राइटरी सॉफ्टवेयर ऑफरिंग और संबंधित तकनीकी दस्तावेजों को एक्सेस किया। इन समझौतों का मकसद इन्फोसिस को कुछ ऐसे क्लाइंट्स के लिए काम पूरा करने की अनुमति देना था जो ट्राइजेटो के ग्राहक भी थे। कॉग्निजेंट ने साल 2014 में 2.7 अरब डॉलर में हेल्थकेयर टेक फर्म ट्राइजेटो को खरीदा था।

ट्राइजेटो ने जूरी ट्रायल की मांग की है। साथ ही उसका कहना है कि इन्फोसिस और उसके सहयोगियों को ट्राइजेटो की ट्रेड सीक्रेट इनफॉरमेशन का इस्तेमाल करने से रोका जाए। इसके अतिरिक्त ट्राइजेटो ने मुआवजे की भी मांग की है जिसकी रकम ट्रायल में तय की जाएगी। कंपनी ने अपनी शिकायत में कहा है कि इन्फोसिस ने एग्रीमेंट्स का उल्लंघन करते हुए ट्राइजेटो के ट्रेड सीक्रेट्स का दुरुपयोग किया है।

**कंपनी ने क्या कहा**

इस बीच इन्फोसिस ने कहा कि उसे इस मुकदमे की जानकारी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हम सभी आरोपों से इनकार करते हैं और अदालत में अपनी स्थिति का बचाव करेंगे। पिछले एक दशक में, इन्फोसिस ने ट्राइजेटो के साथ कम से कम सात एनडीएए पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें ट्राइजेटो को अपनी गोपनीय जानकारी का एकमात्र ऑनर माना गया है।

## सोने और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जन्माष्टमी के पहले घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख रहा। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये से लेकर 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,740 रुपये से लेकर 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी भी आज प्रति किलोग्राम 300 रुपये तक सस्ता हुआ है। कीमत में आई गिरावट की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 86,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## हीरो मोटर्स ने 900 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर किए फाइल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हीरो मोटर्स कंपनी (एचएमसी) समूह की वाहन कलपुर्जा फर्म हीरो मोटर्स लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए शनिवार को बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा पत्र दाखिल किया। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 900 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तक 400 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) करेंगे।

ओएफएस में ओपी मुंजाल होल्डिंग्स 250 करोड़ रुपये और भाग्योदय इंवेस्टमेंट्स तथा हीरो साइकिल्स 75-75 करोड़ रुपये के शेयरों की पेशकश कर रहे हैं। कंपनी आईपीओ से पहले 100 करोड़ रुपये जुटा सकती है, और ऐसा होने पर नए निर्गम का आकार कम हो जाएगा।

## एसईबीआई ने डेबॉक इंडस्ट्रीज, प्रवर्तकों को कैपिटल मार्केट से किया बैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने राजस्थान स्थित डेबॉक इंडस्ट्रीज लिमिटेड और इसके प्रवर्तक व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश मनवीर सिंह को निवेशकों से धोखाधड़ी करने के लिए पूंजी बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

नियामक ने कहा कि प्रवर्तक कंपनी से धन की हेराफेरी में संलिप्त हैं। इनके अलावा, डेबॉक इंडस्ट्रीज (डीआईएल) के प्रवर्तक सुनील कलोट और मुकेश मनवीर सिंह की पत्नी प्रियंका शर्मा को भी प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

इसके अलावा, नियामक ने इन तीन व्यक्तियों द्वारा की गई कथित धोखाधड़ी गतिविधियों से अर्जित कुल 89.24 करोड़ रुपये की अवैध कमाई को भी जब्त कर लिया है।

सेबी ने इन लोगों पर कई और प्रतिबंध भी लगाए हैं। एनएसई पर सूचीबद्ध डेबॉक इंडस्ट्रीज मुख्य रूप से कृषि उपकरण, होटल सेवाओं और खनन में व्यापार करती है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में रूप सजा प्रतियोगिता आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के विशाल सभागार में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर राधा कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू विभाग के विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, झारखंड प्रांत कि शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी, एकता गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओम तथा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन तथा श्री कृष्ण भगवान की आरती के साथ किया। इस रूप सजा कार्यक्रम में भैया बहनों ने खुलकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा उनके अभिभावकों ने भी भैया बहनों को राधा कृष्ण की मनमोहक छवि प्रदर्शित करने में अधिक प्रयास किया। बच्चों के मोहक प्रदर्शन को देखकर वहां उपस्थित सभी अभिभावक एवं विद्यालय परिवार मंत्र मुक्त हो गए। इस कार्यक्रम में लगभग 80 भैया बहनों ने भाग लिया। राधा कृष्ण की वेशभूषा में सजे भैया बहन लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रहे थे। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि विद्या भारती आधारित सरस्वती विद्या मंदिर का मूल कार्य शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कारों से नई पीढ़ी को अवगत कराना है। अभिभाविका एकता गुप्ता ने कहा कि मेरा बच्चा अरुण पढ़ रहा है और वह प्रत्येक वर्ष अपने बच्चों को राधा कृष्ण के वेश में तैयार करते है। उस समय ऐसा प्रतीत होता है कि स्वयं भगवान श्री कृष्ण का श्रृंगार अपने हाथों से करने का अवसर मिला है। इस तरह के कार्यक्रम मुझे बहुत ही आकर्षित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन गीता दीदी ने किया। वहीं प्रथम कक्षा की बहन श्रेया की वेशभूषा और उसके नृत्य को देखकर अभिभावक वाह-वाह कर उठे। इसके अलावा मधुरम-मधुरम गीत पर बाल रूप कृष्ण के रूप और सुंदरता का वर्णन करते हुए गोपी बनी आध्या और श्री कृष्ण बने रेवांश की प्रस्तुति पर सभी भाव विभोर होकर टकटकी लगाए देखते रह गए। अंत में सभी राधा कृष्ण को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी का भरपूर सहयोग रहा।

## 25 से 27 अगस्त तक जिले में चलेगा पल्स पोलियो अभियान : सिविल सर्जन



**लातेहार।** प्लस पोलिया अभियान को लेकर सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 25 से लेकर 27 अगस्त तक जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की जा रही है। इसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कल जिले के सभी बूथों पर 0-5 साल के बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक दी जाएगी। इसके लिए जिला अन्तर्गत कुल 997 बूथ बनाए गए हैं। 26 एवं 27 अगस्त को स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर वैसे बच्चें जो बूथ पर नहीं पहुंच पाए उन्हें पल्स पोलियों की खुराक दी जाएगी। इसके लिए पूरे जिले में कुल 1030 दल 130 पर्यवेक्षक तथा 32 ट्रांजिट दल बनाए गए हैं। जिनके सहयोग से पूरे जिले में 156000 बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक दी जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स सभी प्रखण्डों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में पूर्ण की जा चुकीं है। टीकाकर्मी एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर पूर्ण कर ली गई है। जिला स्तर पर कार्यक्रम के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों का प्रखण्ड आवांटित करते हुए अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेवारी दी गई है। किसी भी आपात स्थिति तथा समन्वय हेतु जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित की गई है। कार्यक्रम की जागरूकता हेतु सभी प्रखण्डों के द्वारा माईकिंग की जा रही है तथा बैनर पोस्टर इत्यादि प्रखण्डों को उपलब्ध करा दी गई है।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने घूम-घूम कर लोगों को फाईलेरिया की दवा खिलाई

**चंदवा।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चल रहे एमडीए व आईडीए कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मी विभिन्न सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों व शहर में लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिला रहे हैं। इस कार्यक्रम में अविराम कॉलेज हुटाप के नर्सिंग की छात्राएं भी बढ़-चढ़ कर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। शनिवार को एमपीडब्ल्यू विकाश रंजन, एमटीएस कृष्णकांत की अगुवाई में कॉलेज की छात्राओं ने चंदवा बाजार में दुकानदारों एवं आमलोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी। हालांकि कुछ लोग जानकारी के अभाव में दवा खाने से परहेज कर रहे थे। कर्मियों ने इस दौरान लोगों को रोग से संबंधित जानकारी साझा की। कहा कि फाइलेरिया की बीमारी लोगों को बड़ी तेजी के साथ विकलांगता की ओर ले जाती है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है। इस रोग से बचाव के लिए फाइलेरिया रोधी दवा निःशुल्क दी जा रही है। दवा के सेवन के बाद रोग का खतरा बेहद कम हो जाता है। आगे बताया कि दवा का सेवन उम्र नहीं बल्कि ऊंचाई के अनुपात में करना है। गर्भवती माताओं, गंभीर रोग से पीड़ित लोगो एवं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं देनी है।

## चंदवा के युवक की केरल में मौत

**चंदवा।** मेन रोड निवासी नारायण प्रसाद उर्फ फुचु साव के 25 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार की मौत केरल के मलंगपुरम में हो गई। युवक वहां फल के बगान में काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार केरल की स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस ने ही दूरभाष पर मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने शव को चंदवा लाने को लेकर परेशान देखे गए। इधर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर किया है व शव को वापस लाने के लिए केरल रवाना हो गए हैं।

## राजद का मिशन 2024 के तहत गांव में कार्यकर्ताओं के साथ हो रही है बैठक

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता गांव गांव में बैठक करते देखे जा रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के मारंग लोईया ग्राम स्थित जिलंगा में राजद लातेहार विस भावी विधायक प्रत्याशी सुरेश राम, युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव, मो. अतिक , युवा प्रखंड अध्यक्ष संदीप उरांव ग्राम पर पहुंचे और राजद कार्यकताओं के साथ बैठक की। श्री राम ने बैठक को संबोधन करते हुए कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य जैसे मूलभूत व्यवस्था का अभाव होना, यह नेतृत्वकर्ताओं की कमी को दर्शाता है, अगर हमें मौका मिला तो मैं उपरोक्त बिंदुओं के साथ-साथ रोजगार और क्षेत्र में शांति व्यवस्था के साथ-साथ हर क्षेत्र में विकास करूंगा। इस दौरान राजा रीवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ने कहा कि राजद हर हाल में लातेहार से चुनाव लड़ेगी । इधर, राजद द्वारा चुनाव लड़ने की बात जानकर कई नए कार्यकर्ता एवं अन्य पार्टियों से टूटकर कार्यकर्ता राजद पार्टी का दामन थामा। मौके पर 100 से भी अधिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण समर्थक मौजूद रहे।

## मवेशी चोरों का गिरोह सक्रिय, पशुपालक परेशान

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र में कुछ दिनों मवेशी चोरों का गिरोह सक्रिय है।प्रखंड के किसान पशुपालक परेशान है। प्रखंड अंतर्गत ग्राम चंपा, हामी, चेतमा, बांसकरचा, सरनाडीह, गांव में मवेशियों की चोरी हो चुकी है। शुक्रवार रात बांसकरचा ग्राम से तीन एवं चेतमा से चार मवेशियों की चोरी हुई। इस संबंध में बांसकरचा के किसान एवं पशुपालक मदन मुंडा, शशि यादव, भिनसेंट कुजूर और नसीम अंसारी ने बताया कि बीती रात करीब 12:00 बजे के बाद घर के सामने बंधी गाय एवं बैलों की चोरी हो गई है, चेतमा गांव से भी चार मवेशियों की चोरी हुई है। पशुपालक शशि यादव ने बताया कि रात करीब 12:00 बजे के बाद अचानक मवेशी के चिल्लाने की आवाज आई जिस पर दरवाजा खोलकर बाहर निकला, लेकिन इतने में ही मवेशी चोरों ने मवेशी को पिकअप वैन में डाला और भाग गये। अंधेरा होने की वजह से गाड़ी का नंबर भी दिखाई नहीं दिया। किसान मदन मुंडा ने बताया कि रात में मवेशियों को बांधकर सो गया था, जब सुबह देखा तो मवेशी नहीं था, जिस रस्सी से मवेशी को बांधा गया था वह रस्सी बीच से कटा हुआ दिखाई पड़ा।

## पुलिस लगी रही वाहन जांच में, दूसरी तरफ लुटेरों नें संचालक को लूटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** चोरी और लूट कि घटना से ग्रामीण और राहगीर भयभीत है। इस क्षेत्र में गत वर्ष भी चोरी की घटनाये हुयी थी, जिसका पुलिस नें उदभेदन कर लिया था, जिससे क्षेत्र में चोरी की घटना कुछ समय तक शांत रही, लेकिन इस वर्ष इस क्षेत्र में चोरी की घटनाये लगातार घट रही है। इस कारण ग्रामीण दुकानदार और राहगीर भयभीत है। कई चोरी की घटनाओं का पुलिस द्वारा उद्भेदन किया है। 17 अगस्त को रमना नीचे बाजार, गोपाल मेडिकल हॉल में चोरी की घटना घटी, जिसका उदभेदन अभी तक नहीं हुआ है। वहीं शाम को ही लुटेरों ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से मुख्य सड़क एन एच 75 पर सरेआम हथियार के बल पर लाखों रुपए कि लूट कर लिया गया। इस प्रकार लगातार जानकारी के अनुसार प्रतिदिन कि तरह शुक्रवार को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक कुंदन महतो भगत सिंह चौक स्थित अपने ग्राहक सेवा केंद्र को शाम छह बजे बंद कर अपने घर के लिए निकले थे कि पहले से ही घात लगाए लुटेरों नें मुख्य सड़क कबीसा में यात्री शेड के पास हथियार के बल पर रोक कर करीब एक लाख पच्चहतर हजार रुपए, एंड्रॉयड़ मोबाइल फोन, फिंगर प्रिंट डिवाइस और मोटर साइकिल का चाभी लूट कर बड़े ही आसानी से भाग निकले। हालांकि इस समय सड़क काफी व्यस्त रहता है, लेकिन बारिश होने के कारण सड़क सुनसान थी जिसका लाभ लुटेरों नें उठाया। जबकी इस घटना से पूर्व ही रमना थाना और आरटीओ अधिकारी के द्वारा एनएच 75 पर वाहन जाँच की जा रही थी, इसके बावजूद लुटेरों नें संचालक को मुख्य सड़क पर ही लूट लिया। इस प्रकार कि घटना को अंजाम देकर लुटेरों ने पुलिस विभाग को खुलेआम चुनौती दी है। घटना की सूचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह और थाना प्रभारी असफाक आलम घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की ली। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी असफाक आलम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अनुसन्धान जारी है, जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य पथ पर हिसरी पेट्रोल पंप के समीप शनिवार कि दोपहर बाद एक तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंद डाला। जिससे स्कूटी सवार बब्लू उरांव जोबिया व संजय गंझु गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस से दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। जहाँ डॉ कंचन बाड़ा ने बब्लू उरांव को मृत घोषित कर दिया। बब्लू को अंदरूनी चोट आई थी, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं संजय के सिर व अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की सूचना पाते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि दोनो युवक स्कूटी से चंदवा से घर की ओर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहा अज्ञात वाहन उन्हें रौंदते हुए भाग निकला। चंदवा पुलिस सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची मामले की छानबीन में जुटी है।

## विद्यालयों में साप्ताहिक प्रोजेक्ट रेल परीक्षा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान परिषद, रांची द्वारा शनिवार को साप्ताहिक प्रोजेक्ट रेल परीक्षा का आयोजन खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों में किया गया। इस परीक्षा में कक्षा प्रथम से 12 वी के छात्रों ने भाग लिया।इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करना और उनकी प्रतिभा को पहचानने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस पहल के तहत प्रखंड के सभी विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में विषयों का व्यापक कवरेज किया गया, जिसमें गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और भाषा संबंधित प्रश्न शामिल थे। सभी छात्रों ने अपने-अपने विषयों में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत और लगन से परीक्षा दी।परीक्षा के आयोजन में शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने छात्रों को तैयारी के लिए मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान किया। परीक्षा के परिणामों का विश्लेषण कर छात्रों की कमजोरियों को समझने और उन्हें सुधारने के लिए आगे की योजनाएं बनाई जाएंगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रही लापरवाही उजागर

## परिजनों ने लगाया आरोप, लापरवाही के कारण हुई वृद्ध की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** -करोड़ों कि लागत से वर्षो पहले बना रमना सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र हाथी का दाँत साबित हो रहा है। केंद्र में गत वर्षो से कोई भी एमबीबीएस चिकित्सक कि प्रतिनियुक्ति नहीं हुई है। यह केंद्र आज भी सीएचओ के सहारे संचालित होता है। ऐसा ही घटना शुक्रवार को इसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घटी, जिसके लिए मृतक के परिजनों नें इस केंद्र में चिकित्सक के नहीं होने और सीएचओ द्वारा समय पर ईलाज नहीं करने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सिलीदाग पंचायत के करीमन टोला निवासी देवसागर राम 65 वर्षीय दिनभर ठीक थे। अचानक उनका तबियत बिगड़ने लगी और उसी समय वर्षा भी हो रही थी, परिचितो नें 108 एम्बुलेंस सेवा को फोन किया करीब नौ बजे के आस- पास एम्बुलेंस गांव पहुंचा। वे रमना सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र पहुंचे जहां सीएचओ आर्यन, एएनएम प्रियंका ड्यूटी में थी। परिजनों ने चिकित्सक के बारे में पूछा तो बताया गया कि यहां सीएचओ ही इलाज करते है। इस बात पर रोगी के परिजन बोले कि यदि यहां चिकित्सक नहीं थे तो इनको यहां क्यों लाये, गढ़वा सदर अस्पताल क्यों नहीं ले गये।

### समझा बुझाकर मामला शांत कराया गया

इसके बाद मृतक को गढ़वा के लिए रेफर किया जाने लगा तो परिजन और परिचित उग्र हो गये। इसी बात पर विवाद बढ गया जिसके बाद थाना प्रभारी असफाक आलम, अनी ऋषिकेश सिंह और सिलीदाग मुखिया प्रतिनिधि दिलीप ठाकुर ने परिजनों और परिचितो को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने घूम-घूम कर लोगों को फाईलेरिया की दवा खिलाई

**चंदवा।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चल रहे एमडीए व आईडीए कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मी विभिन्न सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों व शहर में लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिला रहे हैं। इस कार्यक्रम में अविराम कॉलेज हुटाप के नर्सिंग की छात्राएं भी बढ़-चढ़ कर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। शनिवार को एमपीडब्ल्यू विकाश रंजन, एमटीएस कृष्णकांत की अगुवाई में कॉलेज की छात्राओं ने चंदवा बाजार में दुकानदारों एवं आमलोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी। हालांकि कुछ लोग जानकारी के अभाव में दवा खाने से परहेज कर रहे थे। कर्मियों ने इस दौरान लोगों को रोग से संबंधित जानकारी साझा की। कहा कि फाइलेरिया की बीमारी लोगों को बड़ी तेजी के साथ विकलांगता की ओर ले जाती है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है। इस रोग से बचाव के लिए फाइलेरिया रोधी दवा निःशुल्क दी जा रही है। दवा के सेवन के बाद रोग का खतरा बेहद कम हो जाता है। आगे बताया कि दवा का सेवन उम्र नहीं बल्कि ऊंचाई के अनुपात में करना है। गर्भवती माताओं, गंभीर रोग से पीड़ित लोगो एवं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं देनी है। चंदवा प्रखंड में एक लाख ग्यारह हजार सत्तासी (111087) लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में आयोजित सरदार वल्लभ भाई पटेल फुटबॉल टूनार्मेंट का विधिवत उद्घाटन रविवार को किया जाएगा। उद्घाटन सांसद कालीचरण सिंह,सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास एवं जिला परिषद के उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी संयुक्त रूप से करेंगे। टूनार्मेंट की सारी तैयारी यूनाइटेड क्लब के द्वारा पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी यूनाइटेड क्लब के अध्यक्ष कपिल कुमार एवं सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दिया।

## पोलियो अभियान को लेकर रैली निकाली गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा पोलियो अभियान को लेकर प्रभात रैली हाई स्कूल भंडरिया से बाजार होते हुए रैंज ऑफिस तक निकाली गई. जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा 25 अगस्त को नजदीकी पोलियो बुथ पर 0 से 5 साल तक के बच्चे को पोलियो का खुराक दिलाने संबंधी नारे लगाए गए। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत टोटल 98 बूथ बनाए गए हैं जिसमें दलकर्मी 196 एवं सुपरवाइजर 23 नियुक्त किए गए हैं. तथा रविवार 25 अगस्त को सभी बूथ पर पोलियो की खुराक दी जाएगी 26 27 सोमवार एवं मंगलवार को दलकर्मी के द्वारा घर-घर जाकर सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। मौके पर शिक्षक हैदर अली, उमेश यादव, डॉ एस आई खान,डॉ अजय पटेल सिंह, एमपीडब्ल्यू संतोष टोप्पो राजेश कुमार सिंह, आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## उदार्हा टोला में बिजली आपूर्ति की हुई शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** आजादी के 77 वर्षो के बाद राजबंधा गांव के उदार्हा टोला में बिजली आपूर्ति की शुरूआत मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को ट्रांसफर के पास स्विच दबाकर किया। बिजली मिलने से आम लोगों में खासा उत्साह देखा गया। बिजली मिलने से उत्साहित गांव के बुजुर्ग महिला बसमतिया देवी एवं रिंकी देवी ने मंत्री से लिपटकर उत्साह व्यक्त किया और हृदय से आशीर्वाद दिया। मंत्री ने पढुवा एवं लोवादाग पंचायत के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान के तहत रजबंधा गांव पहुंचे थे। इसी तरह पढुवा, पतहरीया , सीकनी भंडार , बंका ,अधौरी ,अधौरा एवं लोवादाग गांव में मंत्री ने आम जनता से मिलकर एक दूसरे से रुबरु हुए। साथ ही विकास कार्य से संबंधित जानकारी लोगों को बताया। इस अवसर पर मंत्री ने 21 वर्ष से 50 वर्ष के बीच महिला एवं बेटी को मईयां सम्मान योजना के तहत1000 रुपए महीना ,कच्चा घर एवं घर विहीन लोगों को अबुआ आवास तथा सर्वजन पेंशन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी लोगों को बिना भेदभाव के दिया जा रहा है। इस अवसर पर बिजली विभाग दिनेश प्रसाद गुप्ता प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### रामनगर टोले के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी गई थी कच्ची सड़क

# चार साल बाद भी नहीं किया जा सका सड़क का पक्कीकरण

**शादी-बारात व गंभीर बीमारी में मरीजों को अस्पताल ले जाना था मुश्किल**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत के रामनगर टोले के ग्रामीणों ने चार साल पहले ही श्रमदान से उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय से राजनडीह टोले तक सड़क बनायी थी। यह सड़क मोहम्मदगंज-महुडंड पथ से जुड़े 22 किमी में मौजूद गांवों में आवागमन का सुगम मार्ग और कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ से जुड़ने का माध्यम बन गया है।

**पौराणिक व प्राकृतिक सौंदर्य स्थलों तक पहुंचने की राह है यह सड़क :** इतना ही नहीं मुड़कटवा बाबा, लकड़ही पहाड़ पर स्थित दो छोटे पत्थरों पर टीका विशालकाय चट्टान, गोलापत्थर स्थान, सीताचूंआं, पहड़वा बाबा, अन्हरहुआं पहाड़ और लिखलाही पहाड़ सहित अन्य कई पौराणिक व प्राकृतिक महत्व के सौंदर्य स्थलों तक पहुंचने की राह आसान हो गई है। बावजूद इसके प्रखंड मुख्यालय और कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ से उक्त गांवों, पौराणिक और प्राकृतिक सौंदर्य स्थलों को जोड़ने वाली इस कच्ची सड़क के पक्कीकरण को लेकर अबतक किसी ने सुध नहीं ली है। जबकि जरूरत के लिए पुलिस-प्रशासनिक अमला और आम चुनावों में प्रत्याशियों व समर्थकों के जनसंपर्क का माध्यम भी यही कच्ची सड़क है। उन्होंने बताया कि इसके श्रमदान से निर्माण शुरू होने से पूरा होने तक दो लोस और एक विस चुनाव हो गए हैं। दुसरा विस चुनाव होने वाली है। इस बीच किसी भी सांसद और विधायक ने इस अतिमहत्वपूर्ण सड़क के बेहतर निर्माण को लेकर अबतक आश्वासन भी नहीं दिया है।

### समाजसेवियों ने निभाई सकारात्मक भूमिका





करीब डेढ़ किमी लंबी श्रमदान से बनी कच्ची सड़क के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रामनगर टोला के बुजुर्ग रामजन्म राम की अगुवाई में युवाओं और बाद में मशीनरी से बड़ा सहयोग युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह व कमोवेश पूर्व उप मुखिया सिद्धार्थ कुमार का बताया जाता है। रामजन्म राम ने कहा कि इस टोले के प्रखंड मुख्यालय और रेलवे स्टेशन के समीप स्थित होने के बावजूद सड़क से आवागमन का कोई मार्ग नहीं रहने की वजह से शादी-विवाह और मरीजों को अस्पताल ले जाना मुश्किलों से भरा हो गया था। इसे देखते हुए युवाओं ने श्रमदान से कच्ची सड़क के निर्माण की दिशा में कारगर पहल की।

नतीजतन, राजबारा नदी में ह्यूम पाइप की पुलिया और कच्ची सड़क का निर्माण हो गया है, लेकिन लगातार सूर्खियों में रहने और रहनुमाओं से गुहार लगाने के बावजूद 4-5 वर्षों में भी इसके पक्कीकरण की आस पूरी नहीं हो सकी। जबकि इस सड़क से केवल रामनगर टोले ही नहीं, बल्कि राजनडीह, झरिवा, नदीपर, माहूर, भरूही, लोहबंधा, फटहा, नसोजमालपुर, जीता माटी से महुडंड होते जपला-छतरपुर और पांडू प्रखंड मुख्यालय से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

## कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिहरगंज।** शहर के सतगांवा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विद्या विकास समिति झारखंड के वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना से के साथ की गई। रूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कक्षा पांचवी के कौशल कुमार, द्वितीय पुरस्कार कक्षा दूसरा के युवानी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार कक्षा पांच के निशांत कुमार को राधा-कृष्ण बनने पर सभी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने मेडल देकर सम्मानित किया गया। शेष प्रतिभागियों को सान्तवना पुरस्कार दिया गया। इससे पहले जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा के द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान हरिहरगंज के प्रधानाचार्य को विद्यालय में बेहतर शिक्षण कार्य करने के लिए दिशा- निर्देश भी दिया। निर्णायक मंडली में नीलिमा मेहता, खुशबू कुमारी सुनीता कुमारी मोहन ठाकुर संजय कुमार सिंह, मोनिका कुमारी शामिल थे।

## पेज एक का शेष

**हेमंत के कामकाज से...**

दूसरी पारी में उनके निजी कामकाज से संतुष्ट है वहीं 30 फीसदी लोग ऐसे भी हैं जिनको हेमंत सोरेन का कामकाज संतोषजनक लगता है, लेकिन ऐसे लोगों की संख्या 35 फीसदी है जिन्हें हेमंत सोरेन की नई पारी संतोषजनक नहीं लग रही है। जहां तक राज्य के गठबंधन सरकार के कामकाज का सवाल है, 27 फीसदी लोग संतुष्ट बताये गये हैं, 34 फीसदी लोग सरकार के काम से कुछ हद संतुष्ट भी पाये गये हैं, लेकिन हेमंत सोरेन के लिए चिंता की बात ये है कि 37 फीसदी लोगों ने सरकार के कामकाज को लेकर असंतोष जताया है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन झारखंड में सत्ताधारी गठबंधन के मुकाबले काफी अच्छा रहा था। सत्ता में होने और हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के बावजूद गठबंधन के हिस्से में लोकसभा की 3 ही सीटें आ सकी थीं, जबकि बीजेपी 8 लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की बगावत का भी प्रभाव गठबंधन पर पड़ना तय माना जा रहा है।

**सीएम ने 14 लाख महिलाओं के...**

पेंशन योजना से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने सेना से लेकर रेल तक और कोल इंडिया से लेकर बैंकों तक में सरकारी नौकरियों में बहाली खत्म कर दी और इनकी पार्टी के लोग हमारी सरकार पर नौकरी न देने का आरोप लगा रहे हैं। हम शिक्षकों, वैज्ञानिकों, वनरक्षियों, पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं।

**मार्च 2026 तक देश से...**

विकास के लिए कटिबद्ध है। अमित शाह ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बहुत पुरानी नक्सलवाद की समस्या और नक्सल प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की योजना का सैचुरेशन, विकास योजनाओं की प्रगति और सामने आ रही अड़चनों पर बैठक ली है। अमित शाह ने बताया कि वामपंथी उग्रवाद से मुक्त की राह में कई उपलब्धियां मिली हैं। 2022 में एक साल ऐसा आया कि जिसमें वामपंथी उग्रवाद से पहली बार चार दशक में मृत्यु की संख्या 100 से नीची रही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 तक सबसे कम वामपंथी उग्रवाद की घटना दर्ज की गई। टॉप 14 नक्सली लीडर को न्यूट्रलाइज किया गया है।





## नेपाल बस हादसे में 41 की हुई मौत वायुसेना के विमान से 24 शव लाए गए

**काठमांडू/मुंबई।** नेपाल में पोखरा से भारतीय पर्यटकों को लेकर काठमांडू लौट रही गोरखपुर की बस के मर्स्यांगदी नदी में गिर जाने से हुए हादसे में 41 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इस बस में लगभग 43 भारतीय सवार थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय ने जानकारी दी है कि इस हादसे में मारे गए 24 लोगों के शव महाराष्ट्र वापस लाए गए। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने कहा है कि नेपाल में बस के नदी में गिरने से 41 लोगों की मौत हो गई है। नेपाल की सेना ने कुछ लोगों को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने कहा है कि हमारे पास सटीक आंकड़ा नहीं है।

## प्रधानमंत्री ने जताया दुख, की मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल में भारतीय बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई मौतों पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## इजरायल-हमास के बीच आज फिर होगी शांति वार्ता

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच अक्टूबर 2023 से युद्ध चल रहा है। वैश्विक स्तर पर दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने की अब तक की कोशिश नाकाम रही है। इस बीच रविवार को दोनों के बीच काहिरा में नए सिरे से शांति वार्ता शुरू हो होगी। जिसमें केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) के प्रमुख विलियम बर्न्स और मध्य पूर्व मामलों के लिए व्हाइट हाउस के सलाहकार ब्रेट मैकगर्क हिस्सा लेंगे। इसके अलावा कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी और मिस्त्र के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल भी मध्यस्थ के तौर पर शामिल होंगे। अरब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने इजरायल को अपने रवैए में बदलाव लाने की जरूरत पर बल दिया।

## जर्मनी के सोलिंगन शहर में फेस्टिवल के दौरान चाकूबाजी, तीन की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी के सोलिंगन शहर में चाकूबाजी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, चाकूबाजी की घटना शुक्रवार रात को हुई, जब सोलिंगन शहर की स्थापना की 650वीं वर्षगांठ मनाई जा रही थी। शुक्रवार रात को सोलिंगन में एक उत्सव चल रहा था, रात करीब 10 बजे एक व्यक्ति ने समारोह में शामिल लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इस समारोह में करीब 80,000 लोग मौजूद थे। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया।

# पोलैंड और यूक्रेन की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री मोदी

- युद्ध समाप्ति के लिए बिना समय गंवाये कूटनीतिक पहल शुरू करने पर दिया बल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा पूरी करने के बाद शनिवार को स्वदेश लौट आए। पीएम मोदी 21 और 22 अगस्त को पीएम पोलैंड की यात्रा पर थे, जबकि 23 अगस्त को उन्होंने यूक्रेन का दौरा किया। पीएम मोदी का यह दौरा बेहद अहम रहा। प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 1991 में रूस से यूक्रेन के अलग होने के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''यूक्रेन की मेरी यात्रा ऐतिहासिक थी। मैं भारत-यूक्रेन मित्रता को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से इस महान देश में आया था। राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ मेरी बातचीत सार्थक रही। भारत का दृढ़ विश्वास है कि शांति हमेशा बनी रहनी चाहिए। मैं यूक्रेन की सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।'' पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ मरियिंस्की पैलेस में द्विपक्षीय वार्ता की। इसके बाद उन्होंने रूस और यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों को बिना समय गंवाए बातचीत शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और इस संकट से बाहर आने के रास्ते तलाशने चाहिए।

### पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा युद्ध समाप्त करने में होगी सहायक



**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने शुक्रवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए भारत एक मजबूत साझेदार है, और प्रधानमंत्री मोदी का कीव जाना और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत करना, संघर्ष को समाप्त करने में सहायक हो सकता है। यह राष्ट्रपति जेलेंस्की के न्यायपूर्ण शांति के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कहा, यदि कोई अन्य देश यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए मदद करने को तैयार है, तो हम उसका स्वागत करते हैं। लेकिन मदद करने से हमारा मतलब है कि इसमें यूक्रेन के लोगों के साथ बातचीत शामिल होनी चाहिए, और इसकी शुरूआत इस बात को समझने से होनी चाहिए कि राष्ट्रपति जेलेंस्की इस मामले में क्या सोचते हैं।

## अमेरिका ने दी भारत को 52.8 मिलियन डॉलर के विदेशी सैन्य बिक्री की मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यात्रा के दौरान अमेरिका ने भारत को 52.8 मिलियन डॉलर से पनडुब्बी रोधी युद्ध सोनोबॉय और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। इसका ऐलान वाशिंगटन डीसी के पेंटागन में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद किया गया है। राजनाथ सिंह ने एक गोलमेज सम्मेलन में अग्रणी अमेरिकी रक्षा कंपनियों के साथ सार्थक बातचीत की है। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारजेक सुलिवन से मिलकर आपसी हित के प्रमुख रणनीतिक मामलों पर चर्चा की है। अमेरिकी रक्षा विभाग की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत को 52.8 मिलियन डॉलर की अनुमानित लागत पर पनडुब्बी रोधी युद्ध सोनोबॉय और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है।



### 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' में शामिल हों अमेरिकी रक्षा कंपनियां

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दौरे पर पहुंचे भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा कंपनियों को भारत के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि वे मिलकर दुनिया के लिए रक्षा उत्पादों का विकास और उत्पादन करेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि यह कदम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में देश के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को और बढ़ावा देगा।

## भाजपा शासित राज्यों में 'बुलडोजर एक्शन' पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा शासित राज्यों में अपराधियों के घर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सवाल उठाए हैं। खरगे ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाया जाना बेहद परेशान करने वाला है। कानून के शासन वाले समाज में ऐसी कार्रवाइयों का कोई स्थान नहीं है। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि बुलडोजर न्याय पूरी तरह अस्वीकार्य है, यह बंद होना चाहिए। कांग्रेस नेता का बयान ऐसा वक्त में जब मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में आरोपी के घर को बुल्डोजर से जमींदोज किया गया। अब भाजपा शासित राज्यों में अपराधियों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक्स



पर लिखा, किसी का घर ध्वस्त करना और उसके परिवार को बेघर करना अमानवीय और अन्यायपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी भाजपा की राज्य सरकारों की संविधान की घोर अवहेलना करने और नागरिकों में भय पैदा करने के लिए बुलडोजर चलाने की रणनीति की कड़ी निंदा करती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर लिखा, ''अगर कोई किसी अपराध का आरोपी है तो उसका अपराध और उसकी सजा सिर्फ अदालत तय कर सकती है। लेकिन आरोप लगते ही आरोपी के परिवार को सजा देना, उनके सिर से छत छीन लेना, कानून का पालन न करना, अदालत की अवहेलना करना न्याय नहीं है।

## अदालत के आदेश पर ईसाई शैक्षणिक संस्थानों पर सीबीआई छापा

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में अदालती आदेश की तामील करते हुए शुक्रवार रात सीबीआई ने एक ईसाई मिशनरी की शिक्षण संस्थाओं पर छापा मारा। बाइबल और नर्सिंग कॉलेज में दो गाड़ियों में अफसरों की टीम पहुंची। जांच अधिकारियों की यह टीम सीबीआई भोपाल की है। आने वाले समय में कई बड़े खुलासे होने की आशंका है। क्रिश्चियन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय लाल के नर्सिंग और बाइबल कॉलेज में शुक्रवार देररात यह कार्रवाई की गई। दमोह मसीही समाज के आधारशिला संस्थान द्वारा संचालित नर्सिंग ट्रेनिंग कालेज पर उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआइ ने प्रदेश के अनेक कॉलेजों की जांच प्रारंभ की है। इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई।

## पिछले 70 वर्षों में बंगाल में हिंदुओं पर हुआ सर्वाधिक अत्याचार: सुरेंद्र जैन

**एजेंसी। कोलकाता**

विश्व हिंदू वार्ता ने अपने 51वें वर्ष में प्रवेश किया। इस विशेष अवसर पर शनिवार को कोलकाता के नेशनल लाइब्रेरी के ऑडिटोरियम में एक विशेषांक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन उपस्थित थे। डॉ. जैन ने कहा कि पश्चिम बंगाल दुर्गा की भूमि है। यहां की महिलाएं जाग चुकी हैं। जिस तरह से मां दुर्गा अपने बच्चों का पालन और दुष्टों का संहार करती हैं वैसे ही बंगाल में दुष्टों के संहार के लिए दुर्गा का रूप लेना होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोलते हुए कहा कि आरजी कर कांड में उन्होंने आरोपितों को बचाने की कोशिश की। पिछले 70 सालों में बंगाल में जितना हिंदुओं का नरसंहार हुआ है उतना कहीं नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि 1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी और मात्र 10 साल के भीतर बंगाल की धरती से विश्व हिंदू वार्ता का प्रकाशन शुरू हुआ। इस प्रकाशन के पीछे बैंक के मैनेजर अरुण भट्टाचार्य और 42 वर्षों तक वार्ता के संपादक रहे सत्य रंजन गिरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सत्य रंजन गिरी अभी भी जीवित हैं और वे इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। आगामी एक वर्ष के दौरान पूरे बंगाल में तीनों क्षेत्रों (पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और असम) में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विश्व हिंदू वार्ता के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया जाएगा। डॉ. जैन ने कहा कि बंगाल की धरती पर महिलाओं पर हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। एक समय था जब इस धरती पर महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था लेकिन आज वे मूल्य खो चुके हैं।



**एजुकेशन/करियर**

# पारामेडिकल कोर्स उपलब्ध करते हैं कई अवसर

**रजनीश।** पारामेडिकल कोर्स वह कोर्स होते हैं जिनको करने के बाद आप हेल्थ केयर के क्षेत्र में चले जाते हैं। अब अगर हम इसे साधारण शब्दों में समझे तो पारामेडिक उन्हें बोलते हैं जो एक्स-रे करते हैं, सोनोग्राफी करते हैं, फिजियोथैरेपी करते हैं। पैरामेडिकल कोर्स करने वाले छात्रों को पैरामेडिक कहा जाता है। एक पारामेडिक हेल्थ केयर की सर्विस करने के अलावा इमरजेंसी कंडीशन में मरीज को पहली ट्रीटमेंट भी देता है जिसे ' फर्स्ट ऐड ' कहते हैं। हॉस्पिटल में इमरजेंसी कंडीशन में ज्यादातर पारामेडिकल स्टाफ ही मौजूद होता है।

### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया, इस प्रकार है

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी



### पारामेडिकल स्टॉफ का प्रमुख कार्य क्या होता है

मरीज के उपचार के लिए डॉक्टरों और चिकित्सा की टीम के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर काम करना होता है।
रोगियों को विशेषज्ञ देखभाल देना, विशेष क्षेत्रों में विशेष तकनीकी कर्तव्यों को निष्पादित करना शामिल है, जैसे ऑपरेशन थिएटर आदि।
सेंपल प्राप्त करना, लेबल करना और विश्लेषण करना शामिल है।
मानक प्रक्रियाओं के अनुसार प्रयोगशाला परीक्षण को डिजाइन करना और उन्हें एग्जिक्यूट करना भी शामिल है।

### 10वीं के बाद पारामेडिकल कोर्स की लिस्ट

- एएनएम
- डिप्लोमा इन रेडिलोजी
- डिप्लोमा इन जेनेकलॉजी एड
- ओबस्ट्रीक्स
- डिप्लोमा इन चाइल्ड हेल्थ
- डिप्लोमा इन रुपल हेल्थ कैयर
- डिप्लोमा इन कोम्यूनिटी हेल्थ केयर
- डिप्लोमा इन औथोंपेडिक्स

समेत अन्य कई कोर्स है जो इस फिल्ड में रोजगार दिला सकती है।

